ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● आश्विन शुक्ल पक्ष 03 ● विक्रम संवत 2080 ● मंगलवार, 17 अक्टूबर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 254 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

## नवरात्र : तीसरा दिन



### मां चंद्रघंटा

**पिण्डज प्रवरारूढा चण्डकोपास्त्रकैयुर्ता।**
**प्रसादं तनुते मह्यम् चन्द्रघण्टेति विश्रुता॥**

ध्यान मंत्र-जो पक्षिप्रवर गरुड़ पर आरूढ़ होती हैं, उग्र कोप और रौद्रता से युक्त रहती हैं तथा चंद्रघंटा नाम से विख्यात हैं, वह दुर्गा देवी मेरे लिए कृपा का विस्तार करें।

## श्रीराम मंदिर : प्राण प्रतिष्ठा से पहले बन जायेगा परकोटे का द्वार

**एजेंसी। अयोध्या**

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सोमवार को मंदिर निर्माण में आज की ताजा तस्वीरें सोशल मीडिया पर जारी किया है। जन्मभूमि पर बन रहे राम मंदिर के भूतल और प्रथम तल का निर्माण प्राण प्रतिष्ठा से पहले पूरा हो जाएगा। भव्य मंदिर में प्रवेश के लिए परकोटे के द्वार को भी तेज गति से तैयार किया जा रहा है।

अयोध्या और काशी के वेद विद्वान के द्वारा 16 से 22 जनवरी तक अनुष्ठान किया जाएगा। भूतल का काम स्ट्रक्चर की दृष्टि से पूर्ण हो गया है। प्रथम तल का भी काम करीब 80 फीसदी पूर्ण हो गया है। उम्मीद है कि15 नवंबर तक प्रथम तल का काम पूरा हो जाएगा। इसके साथ ही परकोटे का कार्य भी किया जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा से पहले परकोटे के द्वार को तैयार कर लेंगे।

राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सहयोगी गोपाल जी राव ने बताया कि 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला विराजमान किया जाना प्रस्तावित है। तीन फिट ऊंचा, आठ फीट लम्बा और चार फीट चौड़ा सिंघासन होगा। राम मंदिर के गर्भगृह में भगवान के विराजमान कराए जाने के लिए संगमरमर की शिला का सिंघासन राजस्थान में तैयार हो रहा है। जो दिसम्बर तक बन जाएगा। गोपाल जी राव ने बताया कि गर्भगृह में रखा जाने वाला सिंघासन तीन फीट ऊंचा, आठ फीट लंबा और चार फीट चौड़ा होगा। जिस पर सोने का पत्तल लगाया जाएगा।



## गागर में सागर

### हाईकोर्ट से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को राहत बरकरार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत ने निशिकांत दुबे को मिली राहत को बरकरार रखने का फैसला सुनाया है। उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को 12 दिसंबर तक विस्तार दिया। सांसद निशिकांत दुबे ने सचिवालय घेराव के दौरान धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने के लिए याचिका दाखिल की थी। निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पक्ष रखा। इस मामले में अदालत अब 12 दिसंबर को सुनवाई करेगा।

### जमीन घोटाला मामला : छवि रंजन ने दायर की जमानत याचिका

**रांची।** जमीन घोटाले मामले में आरोपित निलंबित छवि रंजन ने सोमवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में जमानत याचिका दाखिल की है।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक कल

**रांची।** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक 18 अक्टूबर को होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में जनहित के कई निर्णय लिए जायेंगे। राज्य कर्मियों को दुगार्पूजा गिफ्ट के रूप देने के लिए कुछ घोषणाएं की जा सकती है। कैबिनेट की बैठक दोपहर तीन बजे से प्रोजेक्ट भवन सभागार में होगी। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। कैबिनेट बैठक के लिए प्रस्ताव सभी विभागों से मांगा है।

### अभिनेत्री अमीषा पटेल फिर नहीं पहुंची कोर्ट, वकील ने मांगा समय

**रांची।** चेक बाउंस और धोखाधड़ी मामले में अभिनेत्री अमीषा पटेल अपना बयान दर्ज कराने रांची नहीं पहुंचीं। उन्हें सोमवार को रांची सिविल कोर्ट में पेश होना था। लेकिन सोमवार को इस मामले में जज डीएन शुक्ला की अदालत में अमीषा पटेल की जगह उनके अधिवक्ता उपस्थित हुए। अभिनेत्री के अधिवक्ता ने कोर्ट से समय की मांग की है। साथ ही उनके द्वारा धारा 311 के तहत पिटीशन भी दाखिल की गई। धारा 311 के तहत अमीषा पटेल के वकील ने शिकायतकर्ता से एक बार फिर कोर्ट में गवाही देने की मांग की है।

### आईसीसी वर्ल्ड कप 2023




**ऑस्ट्रेलिया - 215/5 (35.2 ओवर)**
**श्रीलंका - 209/10 (43.3 ओवर)**

**आज का मैच**

**द.अफ्रीका बनाम नीदरलैण्ड धर्मशाला (2 बजे से)**

### मुख्यमंत्री ने शिक्षकों को सौंपा नियुक्ति पत्र, बोले

# राज्य में बड़े पैमाने पर हो रही हैं नियुक्तियां

### पहली बार नियुक्ति नियमावली के तहत हो रही नियुक्तियां

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्तियों की प्रक्रिया जारी है। कई विभागों में नियुक्ति हो चुकी है तो कई पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। इसी कड़ी में आज आपके बीच नियुक्ति पत्र का वितरण हो रहा है। आपसे उम्मीद है कि एक शिक्षक के रूप में आप बच्चों का भविष्य संवारने के साथ राज्य के विकास में अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करेंगे।

मुख्यमंत्री सोमवार को डॉ रामदयाल मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी में आयोजित शिक्षक नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने माध्यमिक विद्यालयों के लिए चयनित स्नातक प्रशिक्षित 827 शिक्षकों में से 24 ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### निजी क्षेत्र में भी नौकरी के खुले द्वार

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी विभागों में तो नियुक्तियों का दौर चल ही रहा है। डॉक्टर, इंजीनियर, पशु चिकित्सक, आयुष चिकित्सक, कृषि पदाधिकारी, खेल पदाधिकारी, पंचायत सचिव, नर्स और लिपिकों आदि के पदों पर नियुक्ति हो चुकी है। वहीं, रोजगार मेला लगाकर निजी संस्थानों और कंपनियों में भी लगभग 34 हजार नौजवानों को ऑफर लेटर मिल चुका है। सरकार का प्रयास है कि यहां के नौजवानों को अपने पैरों पर खड़ा कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जो कहती है उसे निश्चित तौर पर पूरा करती है। मैं यह तो दावा नहीं करता कि राज्य की सारी समस्याओं का समाधान हो गया है। लेकिन, इस दिशा में लगातार प्रयास कर रहे हैं। जनता की समस्याओं को विशेष प्राथमिकता के तौर पर दूर किया जा रहा है। यही वजह है कि हमारी सरकार से जनता की उम्मीदें और आकांक्षाएं भी काफी बढ़ रही है। हमारी सरकार तमाम चुनौतियां के बीच राज्य को नई दिशा प्रदान करने का काम कर रही है।

### सरकारी विद्यालयों को निजी विद्यालयों की तर्ज पर किया अपग्रेड

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रतिस्पर्धा का जमाना है। ऐसे में सरकारी विद्यालयों के बच्चे पीछे नहीं रह जाएं, इसी को ध्यान में रखकर सरकारी विद्यालयों को निजी विद्यालयों की तर्ज पर अपग्रेड किया जा रहा है। स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले गए हैं। आदर्श विद्यालयों में शिक्षा की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सभी श्रेणी के विद्यालयों में आधारभूत संरचना मजबूत किया जा रहा है। बच्चों को डिजिटल माध्यम से शिक्षा देने की पहल हो रही है। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त शिक्षकों से कहा कि आप स्कूलों में पठन-पाठन के साथ बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को पहचान कर उसे निखारने का काम करें। कई बच्चे खेल, चित्रकला, गीत, नृत्य और संगीत जैसे विधाओं में प्रतिभा संपन्न होते हैं, लेकिन उन्हें मौका नहीं मिल पाता है। ऐसे में आप उन्हें आगे लाने में अपनी अहम जिम्मेदारियां को जरूर निभाएं।

### धनबाद में अवैध खनन के दौरान चाल धंसी

## दो की मौत, 10-12 के दबने की आशंका

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

झारखंड के धनबाद में अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से बड़ा हादसा हो गया। घटना ईसीएल मुगमा क्षेत्र के कापासारा आउटसोर्सिंग की है, जहां अवैध कोयला उत्खनन के दौरान चाल धंसने से दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि दस से बारह लोगों के दबे होने की आशंका है। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। बताया जाता है कि हादसा निरसा के ईसीएल मुगमा क्षेत्र अंतर्गत कापासारा आउटसोर्सिंग के बंद खदान में हुआ है। यहां पर सोमवार तड़के कुछ मजदूर अवैध खनन कर रहे थे। इसी दौरान खदान के पास स्थित गर्म खाद नाम के तालाब का सारा पानी आउटसोर्सिंग में समा गया। जिस कारण यह घटना घटी।

घटना में जिन दो लोगों को मौत हुई है, उनकी पहचान एग्यारकुंड दक्षिण पंचायत के सियारकनाली निवासी यमुना राजवंशी (37) और केशरकूलर निवासी तापस दास (24) के रूप में हुई है। घटना के बाद आउटसोर्सिंग परिसर में सन्नाटा पसरा हुआ है। गोपनीय रूप से प्रबंधन सूत्र के लोग आना-जाना कर रहे हैं। घटनास्थल से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित कोलियरी कार्यालय के अधिकारी



एवं कर्मी तत्काल इस मामले में कुछ भी बताने से परहेज कर रहे हैं। हालांकि, घटनास्थल के समीप ईसीएल प्रबंधन की ओर से जेसीबी मशीन लगाकर भराई का काम शुरू करवा दिया गया है। पुलिस प्रशासन से जुड़े कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे हैं।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार की देर रात एक दर्जन से अधिक लोग अवैध खनन करने के लिए कापासारा ओसीपी के मुहाने में प्रवेश कर गए। हाल के करीब चार माह से कोलियरी का उत्पादन तकनीकी एवं न्यायिक कारणों से बाधित है। इधर ओसीपी प्रबंधन द्वारा जहां बेंच कटिंग कर उत्पादन किया गया था, जिसे 200-300 से अधिक कोयला तस्करों द्वारा खोलकर रख दिया गया है। इसी अवैध खदान में कोयला उत्पादन के दौरान यह घटना घटी है।

## पलामू से टीएसपीसी का एरिया कमांडर महेश्वर राम गिरफ्तार

### लेवी के लिए फैला रखा था दहशत, दो महीने पहले निकला था जेल से

**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**

नक्सलियों और उग्रवादियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में जिले की हरिहरगंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के एरिया कमांडर महेश्वर राम उर्फ विक्रम जी उर्फ कुंदन जी उर्फ शेखर जी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक देशी लोडेड कट्टा, एक 315 बोर की गोली, दो मोबाइल फोन, एक डायरी और टीएसपीसी संगठन का पर्चा मिला है।

छतरपुर थाने में एसडीपीओ अजय कुमार ने सोमवार को बताया कि इसी वर्ष मई-जून महीने में जेल से बाहर निकलने



के बाद महेश्वर राम लगातार अपने क्षेत्र के सरकारी योजनाओं, इंट भट्ठे मालिक, क्रशर संचालक सहित अन्य से लेवी की मांग कर रहा था और दहशत फैलाए हुए था। इसकी सूचना मिलने पर टीम का गठन किया गया। इसी बीच पथरा ओपी प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक नीतिश कुमार को सशस्त्र बल के साथ भॉवर मोड़ के पास आने को कहा गया। वहां से यह लोग ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## डिलीवरी ब्वॉय से लेकर कैब ड्राइवर तक की न्यूनतम मजदूरी के लिए बन रही पॉलिसी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

फूड-पिज्जा डिलीवरी या इस तरह के काम करने वालों को मिनिमम वेज हासिल हो, इसके लिए झारखंड सरकार पॉलिसी बनाने की तैयारी कर रही है। राज्य सरकार के श्रम विभाग ने इसके लिए कमेटी गठित कर दी है। झारखंड पहला राज्य है, जिसने स्विगी-जोमैटो-ओला-उबर-रैपिडो जैसी कंपनियों के लिए कांट्रैक्ट या कमीशन पर काम करने वालों को न्यूनतम मजदूरी के दायरे में लाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। ऐसी पहल अब तक देश के किसी राज्य की सरकार ने नहीं की है।

राज्य के श्रम विभाग के अंतर्गत




झारखंड राज्य न्यूनतम मजदूरी परामर्शदातृ पर्षद की ओर से गठित की गई कमेटी में श्रम आयुक्त संजीव कुमार बेसरा, न्यूनतम वेतन बोर्ड के डायरेक्टर राजेश प्रसाद, झारखंड फेडरेशन ऑफ चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री, इंटक के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय सहित सीटू, बीएमएस और एटक ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है।

कमेटी अध्ययन करेगी कि स्विगी-जोमैटो, ओला-उबर ड्राइवर, गिग वर्कर्स, ऑनलाइन डिलीवरी ब्वॉय किन परिस्थितियों में काम कर रहे हैं। इसी आधार पर इनकी न्यूनतम मजदूरी को लेकर अनुशंसा की जाएगी।

अनुमान है कि पूरे झारखंड के विभिन्न जिलों में लगभग 12 लाख लोग ऐसे कामों में लगे हैं। बता दें कि इसके पहले झारखंड सरकार राज्य में काम करने वाले सभी प्राइवेट कंपनियों में 40 हजार रुपए मासिक तनख्वाह वाली नौकरियों में 75 प्रतिशत पद राज्य के स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित करने का कानून बना चुकी है। इस कानून का पालन न करने पर सैकड़ों कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई भी हुई है। राज्य के विभिन्न औद्योगिक-व्यापारिक प्रतिष्ठानों या निजी-सरकारी संस्थानों में कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले मजदूरों के मिनिमम वेजेज की भी समीक्षा की जा रही है। इन्हें उनके कार्यक्षेत्रों और काम की प्रकृति के आधार पर अलग-अलग श्रेणियों में बांटकर उनकी न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने की सिफारिश की जाएगी।

इसके तहत राज्य के शहरों को तीन श्रेणियों ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### मिशन-2024 के लिए भाजपा सेट कर रही है सियासी फॉर्मूला

# जातीय समीकरण पर फोकस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में भाजपा ने जातीय समीकरण को देखते हुए दलित नेता अमर कुमार बाउरी को विधायक दल का नेता चुना है। वहीं पिछड़ा वर्ग से आने वाले जयप्रकाश भाई पटेल को विधानसभा में सचेतक बनाया गया है। जबकि कुछ दिन पहले ही आदिवासी नेता बाबूलाल मरांडी को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। मिशन 2024 को देखते हुए पार्टी ने झारखंड की टीम को सियासी तौर पर मजबूत करने की चाल चल दी है।

जानकारों की मानें तो झारखंड में पिछड़ों की आबादी 55 प्रतिशत



के आसपास है। वहीं 26.3 प्रतिशत आबादी आदिवासियों की है। इसके साथ ही करीब 11 प्रतिशत दलित (एससी) की आबादी है। इसलिए भाजपा की ओर से आबादी के हिसाब से पार्टी और सरकार में नेताओं को जगह दी जा रही है। जिस तरह से पिछड़ों की आबादी है, उसी हिसाब से चार बड़े नेताओं रघुवर दास, अन्नपूर्णा देवी, बिरंची नारायण और जयप्रकाश भाई पटेल को संगठन और सरकार में जिम्मेवारी दी गई है। वहीं दो बड़े आदिवासी चेहरे बाबूलाल मरांडी और अर्जुन मुंडा को प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री की जिम्मेवारी दी गई है। दलित नेता अमर कुमार बाउरी पर पार्टी नेतृत्व ने बड़ा दाव खेला है। उन्हें विधायक दल का नेता बनाया गया है।

बता दें कि अमर कुमार बाउरी वर्तमान में झारखंड के चंदनकियारी से विधायक और भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। वह एक युवा और ऊजार्वान नेता हैं। पिछली रघुवर दास सरकार में वे खेल एवं युवा मामलों के मंत्री थे। अमर बाउरी 2014 में जेवीएम के टिकट पर चुनाव जीतकर झारखंड विधानसभा पहुंचे थे, लेकिन कुछ ही दिन बाद वह बीजेपी में शामिल हो गए और उन्हें मंत्री बनाया गया। वहीं, जयप्रकाश भाई पटेल, पिता टेकलाल महतो के निधन के बाद अक्टूबर 2011 में राजनीति में सक्रिय हुए। उसी साल हुए उपचुनाव में उन्होंने जेएमएम के टिकट पर उपचुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। फिर 2014 में उन्होंने जेएमएम से ही जीत दर्ज की, लेकिन 2019 चुनाव से ठीक पहले बीजेपी में शामिल हो गए और अपने ही सगे भाई को चुनाव के मैदान में पटखनी दी और जीत दर्ज किया। जयप्रकाश भाई पटेल सदन से लेकर सड़क तक काफी मुखर रहे हैं। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने पर फैसला आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने के मामले में आज फैसला सुनाएगा। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने इस ऐतिहासिक और चर्चित मामले में 11 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने दस दिनों तक लगातार सुनवाई की थी। सुनवाई के दौरान राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने कहा था कि लिंग यानी जेंडर की अवधारणा 'परिवर्तनशील' हो सकती है, लेकिन मां और मातृत्व की नहीं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि भारतीय कानून अकेले व्यक्ति को भी बच्चा गोद लेने की अनुमति देता है।

## कांग्रेस नेत्री से नौकरी लगाने के नाम पर एक लाख की ठगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांग्रेस नेत्री आभा सिन्हा से उनके रिश्तेदारों को नौकरी लगाने के नाम पर एक लाख की ठगी कर ली गई है। कांग्रेस नेत्री ने यह राशि फोन पे के माध्यम से ठग को दिया है। ठगी की घटना को अंजाम विनय कुमार सिंह उर्फ बब्लू ने दिया है। इस संबंध में कांग्रेस नेत्री ने कोतवाली थाने में विनय कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। कांग्रेस नेत्री की ओर से दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि विनय कुमार सिंह से फोन पर उसकी जान पहचान हुई। विनय ने उन्हें धनबाद बिजली विभाग में कार्यरत बताते हुए छह माह से लगातार उनसे बातचीत करने लगा। इसी दौरान उसने उन्हें बताया कि उसका बिजली विभाग में काफी बढ़िया जान पहचान है। वह किसी भी नौकरी कम पैसे में लगवा सकता है। उसके झांसे में आकर कांग्रेस नेत्री ने चार बच्चों की नौकरी लगाने के एवज में एक लाख रुपए का भुगतान फरवरी और मार्च माह में किया। काफी समय बीतने के बाद आरोपी ने जब नौकरी नहीं लगवाया तो कांग्रेस नेत्री ने उससे राशि वापस मांगने लगी। पहले तो आरोपी टालमटोल किया उसके बाद मोबाइल फोन बंद कर दिया। इसके बाद कांग्रेस नेत्री कोतवाली थाना पहुंचकर मामला दर्ज कराया। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

## गागर में सागर

### रमेश स्पॉटिंग ने एचएलएम स्पोटिंग को 2/1 से हराया

**सिल्ली।** सिल्ली स्टेडियम में चल रहे झारखंड प्रीमियर लीग के बारहवें दिन सोमवार को रमेश स्पोर्टिंग बनाम एचएलएम स्पोर्टिंग तथा स्टोनेक्स सेवन बनाम बाबा स्पोर्टिंग के बीच खेला गया। पहले मैच में रमेश स्पोर्टिंग ने 2/1 से एचएलएम स्पोटिंग को हराया । इससे पूर्व समाज सेवी श्यामसुंदर महतो, पुर्व जिप सदस्य शुशील महतो, बुद्धिजीवी मंच के लम्बोदर महतो आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया गया। वहीं रविवार देर शाम खेले गए मैच में सिल्ली यूनाइटेड ने बाबा स्पोटिंग के 3/0 से हराया। समाचार लिखे जाने तक सोमवार का दुसरा मैच देर शाम स्टेडियम में फ्लड लाइट की रोशनी में जारी था।

### राहे में बाल विवाह के रोकथाम के लिए चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

**राहे।** बाल विवाह नियंत्रण को लेकर बीडीओ हारून रशीद के नेतृत्व में सोमवार को राहे-सिल्ली सड़क पर मानव श्रृंखला बनाकर बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। इस संबंध में बीडीओ हारून रशीद ने कहा कि गांव में काफी जागरुकता और शिक्षित होने के बाद बावजूद लड़कियों के विवाह 18 वर्ष के पूर्व में हो जा रही है। हमें इसे इसे रोकना है । हर मां-बाप को सुनिश्चित करना है कि अपनी बेटी का विवाह 18 वर्ष के बाद ही करेंगे। इस दौरान सभी प्रखंड कर्मियों को शपथ दिलाई गई और प्रखंड कर्मियों के द्वारा राहे-सिल्ली सड़क पर चलने वाले राहगीरों को पंपलेट देकर जागरूक किया गया।

### चानाकी और वनडीह के बीच बनेगा पुलिया

**सोनाहातू।** प्रखंड के गलऊ पंचायत के चानाकी ओर वनडीह के बीच सतिया में पुलिया निर्माण जल्द होगा। पुलिया निर्माण को लेकर सोमवार को जिला परिषद के अभियंता प्रदीप कुमार के टीम के साथ विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह और केंद्रीय सचिव संजय महतो ग्रामीणों के उपस्थिति में स्थल निरीक्षण किए साथ मे मापीकरण भी किये। ग्रामीणों ने विधायक सुदेश महतो को चानाकी- वनडीह के बीच सतिया में पुलिया निर्माण कराने की मांग किये थे। पुलिया निर्माण होने से चानाकी- वनडीह सड़क सीधे हितजारा गांव से जुड़ जायेगा। ग्रामीणों की आवश्यकता को देखते हुये पुलिया निर्माण की स्वीकृति देते हुये अभियंता से आवश्यक करवाई करने का निर्देश दिये थे।

### चान्हो प्रखंड सभागार में विदाई सह स्वागत समारोह का हुआ आयोजन

**चान्हो।** सोमवार को चान्हो प्रखंड सभागार में विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन कर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुण्डरी को विदाई दी गई जबकि अशोक कुमार का नए बीडीओ के रूप में स्वागत किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकार सुलेमान मुण्डरी ने सभा को संबोधित करते हुए अपने सेवा लगभग दस माह का कार्यकाल की यादें साझा करते हुए कहा कि जीवन का यह दस माह मेरी जिंदगी में सदा ही अविस्मरणीय रहेगा। आप लोगों का प्रेम मुझे प्राप्त हुआ है इसे मैं कभी भुला नहीं सकता। चाहे जनप्रतिनिधि हो समाजसेवी आम ग्रामीण सभी से मुझे सम्मान और प्रेम मिला है जो कभी भुलाया नहीं जा सकता। हमारे कार्यकाल में हमारा प्रखंड हमेशा उचाईयों पर रहा है जिसका श्रेय मैं अपने कर्मियों को और आप सबों को देता हूं। हमारे फील्ड स्टाफ और ऑफिस स्टाफ ने जिस तरह से अपने कर्तव्य का निर्वाह किया है वह काबिले तारीफ है। उन्होंने बेहतरीन सहयोग के लिए सारे लोगों का आभार व्यक्त किया।

### दुर्गापूजा व अपराध नियंत्रण को लेकर दलादिली ओपी में बैठक आयोजित

**रातू।** दलादिली ओपी प्रांगण में सोमवार की दोपहर ओपी प्रभारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में शांति समिति के सदस्य, समाज के प्रबुद्ध लोग व विभिन्न राजनीतिक दलो के लोग उपस्थित हुये। बैठक में शान्ति व सौहार्द पूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा संपन्न कराने,शराब की बिक्री पर पाबंदी, पुलिस गस्ती तेज करने के अलावा अपराध नियंत्रण पर चर्चा किया गया। बैठक के दौरान ओपी प्रभारी मनीष कुमार ने कहा कि शराब व नशापान कर हुड़दंग करने वालो के खिलाफ पुलिस सख्ती से पेश आयेगी। वही असामाजिक तत्वो पर पुलिस की कड़ी निगरानी रहेगी। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से किसी भी अप्रिय घटना की जानकारी पुलिस को देने की अपील की है।

### सिमलिया रिंग रोड में दो बाइक में हुई टक्कर

**रातू।** थाना क्षेत्र के सिमलिया धोनी फॉर्म हाउस के समीप एक पल्सर बाइक सवार ने दूसरे होंडा साइन बाइक सवार को धक्का मारकर दलादिली की ओर फरार हो गया। बाइक के धक्के से होंडा साइन जेएच01डीडी-3405 में सवार कटहल मोड़ निवासी सुमन टोप्पो जमीन में गिर कर बुरी तरह से जख्मी हो गये। सुमन टोप्पो कांके हातमा बीएड कॉलेज में शिक्षक है। वह सोमवार को ड्यूटी के बाद घर लौट रहे थे। इस दौरान दोपहर ढाई बजे तेज गति से आ रहे एक पल्सर बाइक यूपी63 ए एक्स-3897 में सवार एक युवक ने उसे जबरदस्त धक्का मार दिया।

### दुर्गापूजा में श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था चुस्त व दुरुस्त रहने को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

# महापर्व में पदधिकारी जिम्मेदारी के साथ करें कर्तव्यों का निर्वहन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दुर्गा पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से लगातार बेहतर व्यवस्था के प्रयास किया जा रहा हैं। इसी क्रम में सोमवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में पूजा को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने सभी पदधिकारियों से कहा कि हम पूरी जिम्मेवारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करें यही मां दुर्गा के प्रति हमारी सच्ची आराधना होगी। उपायुक्त ने रांची शहर के विभिन्न सड़कों के गड्ढों और नालियों की मरम्मति को लेकर किए गए कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त ने निर्माण कार्य में लगे विभाग और कार्यकारी एजेंसी के पदाधिकारी को पूजा के दौरान नए गड्ढे ना किये जाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए गड्ढों को भरें और किसी तरह की निर्माण सामग्री सड़क पर है तो उसे हटा दें। उपायुक्त ने जिला प्रशासन की टीम की ओर से चिन्हित किए गए स्थान पर स्लैब लगाने, सड़क समतलीकरण, पानी पाइपलाइन के मरम्मति आदि के निर्देश संबंधित निर्देश पदाधिकारी को दिए गये। कांटाटोली फ्लाईओवर के निर्माण कार्य में लगी एजेंसी को फ्लाईओवर के बगल में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करने का निर्देश उपायुक्त की ओर से दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पंडालों में निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर बिजली विभाग के पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। पूजा के दौरान अग्निशमन व्यवस्था को लेकर उपायुक्त ने जिला अग्निशमन पदाधिकारी से तैयारी की जानकारी ली। पदाधिकारी से आवश्यक जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने कई जरूरी दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को पूजा के दौरान 24 घंटे एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि सभी विभागों के आपसी समन्वय और टीम भावना के साथ इस बार भी दुर्गा पूजा सफलतापूर्वक संपादित किया जाएगा।

### वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**मांडर।** मांडर प्रखंड में वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण सम्पन्न हो गया। राँची जिला के मांडर प्रखंड के तीन पंचायत ब्राम्बे, बरगडी और नगडा के वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण जिला पंचायती राज प्रशाखा विभाग, रांची एवं महिला जागृति समिति,रांची के संयुक्त तत्वावधान में दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान वार्ड सदस्यों को 73 वां संविधान के संशोधन एवं झारखंड राज्य संशोधन अधिनियम 2001 के तहत प्राप्त पंचायत के विशेष अधिकार का समझ विकसित किया गया। कार्यकारिणी समिति के अलावे अन्य आठ समितियों के गठन की जानकारी प्रदान की गई।

e-Procurement Cell
Executive Engineer, National Rural Employment Programme, Ranchi
JHARKHAND, RANCHI

Very Short Term e-Procurement Notice
E-Tender Reference No.- 22/2023-24
Corrigendum

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई० टेन्डर अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 22/2023–24 जिसका P.R.No. 308107(23-24)-D में निम्न प्रकार से संशोधित किया जाता है :–

1- Date of Publication of Tender on Website–20.10.2023 at 11.00 AM
2- Start Date of Submission of Bids - 20.10.2023 at 2.00 PM
3- Last Date/Time of Submission of Bids–26.10.2023 at 11:00 AM
4- Hard Copy Submission Date and Time–26.10.2023 at 03.00 PM
5- Date/Time of opening of Bid–27.10.2023 at 11:00 AM

शेष शर्तें यथावत रहेगी।

Nodal Officer
e-Procurement Cell
Executive Engineer,
National Rural Employment Programme, Ranchi
PR 309258 (NREP) 23-24 (D)

### भारत अपने इतिहास और संस्कृति की वजह से पूरे विश्व में स्थान रखता है

# महिलाओं को रोजगार से जोड़ना फाउंडेशन का उद्देश्य : मुनारिक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सोमवार को दिव्यांग चौक टैगोर हिल रोड मोराबादी रांची में बेस्ट वे हेल्प फाऊंडेशन का उद्घाटन फाउंडेशन के निर्देशक मुनारिक साहू, सुनील साहू, सादिक दुरार्नी, राजेंद्र प्रसाद महतो ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के मौके पर फाउंडेशन के निदेशक और दर्जनों संस्था के संरक्षक मुनारिक साहू ने कहा कि भारत अपने इतिहास और संस्कृति की वजह से पूरे विश्व में एक विशेष स्थान रखता है। हमारा यह देश सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक, सैन्य शक्ति आदि में विश्व के बेहतरीन देशों में शामिल है। कोई समाज कितना मजबूत हो सकता है, इसका अंदाजा इस बात से इसलिए लगाया जा सकता है क्योंकि स्त्रियां किसी भी समाज की आधी आबादी हैं। बिना इन्हें साथ लिए कोई भी समाज अपनी संपूर्णता में बेहतर नहीं कर सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए हमारे फाउंडेशन का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण पर कार्य करना है। ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं को रोजगार से जोड़ना, उनके द्वारा बनाए गए प्रोडक्ट सामान को उचित मूल्य पर बाजार में बेचना, और महिला को लाभान्वित करना है। अब हमारे किसी भी महिला जो काम करना चाहते हैं उनको फंड की कमी नहीं होगी। क्योंकि काम करने वाले महिलाओं को माइक्रोफाइनेंस के द्वारा फंड की व्यवस्था करा कर रोजगार का अवसर प्रदान करना फाउंडेशन का उद्देश्य है। मुनरिक साहू ने कहा कि माइक्रो फाइनेंस से हम 5 हजार से लेकर 50 हजार तक फंड व्यवस्था करा कर महिलाओं को देंगे और वह भी कम से कम इंटरेस्ट पर होगा।

कार्यालय
प्रमंडलीय प्रबन्धक, लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल हजारीबाग
dm.haz_jsfdc@yahoo.in

आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विशेष अभियान के तहत् वन निगम हजारीबाग प्रमण्डल के अन्तर्गत विभिन्न वनागारों में यथा चरही, चौपारण, झुमरा एवं हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमण्डल के अन्तर्गत बरही प्रादेशिक प्रक्षेत्र के प्रांगण में विभिन्न प्रजातियों के प्रकाष्ठों की बिक्री आम नीलामी द्वारा निम्न तिथियों में की जा रही है :–

| क्रमांक | वनागार का नाम | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | चरही | 02.11.2023 |
| 2 | बरही प्रादेशिक प्रक्षेत्र, बरही एवं चौपारण वनागार | 03.11.2023 |
| 3 | झुमरा | 04.11.2023 |

नीलामी में रखे गये प्रकाष्ठों प्रचयों की सूची संबंधित डीपू प्रभारी या प्रमण्डलीय कार्यालय हजारीबाग से प्राप्त कर सकते हैं।

डीपू प्रभारी का दूरभाष संख्या :–
1. शुभचन्द्र झा, चरही एवं कर्मशाला वनागार – 9835541822
2. विरेन्द्र झा, झुमरा वनागार – 7667751746
3. गोपाल प्रसाद श्रीवास्तव चौपारण वनागार – 6200429496

प्रमण्डलीय कार्यालय में संबंधित
सहायक का दूरभाष संख्या, सुरेश लाल गुप्ता – 7979841078

विश्वासभाजन
प्रमंडलीय प्रबन्धक
लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमंडल, हजारीबाग।
PR.NO.309255 Forest, Environment and Climate Changes(23-24):D

# दुर्गा पूजा : रामचरित्र मानस पाठ से भक्तिमय हुआ बेड़ो



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति के तत्वावधान में महादानी मंदिर परिसर में बने पंडाल व दुर्गा मंदिर में आयोजित शारदीय नवरात्र से पूजा स्थल व आसपास का क्षेत्र भक्ति से सरावोर हो गया है। संगीतमय नवाह्न रामचरितमानस पाठ,दुर्गा सप्तशती के पाठ,भक्ति गीत की गूंज,आरती व मां के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया है। सोमवार को मां के दूसरे रूप ब्रम्हचारिणी की पूजा-अर्चना श्रद्धा के साथ हुई। वही एकल अभियान के संच अध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में दो दशक से आयोजित रामचरित मानस पाठ शारदीय नवरात्र में कलश स्थापना के पहले दिन के पूजा से आरंभ होकर दूसरे दिन जारी हैं। जहां श्री हरि सत्संग समिति झारखंड प्रदेश के व्यास भगीरथ मुर्मू, सुकमर्ता सरदार, राजेंद्र भोक्ता, सुखराम बेदिया, योगेंद्र पांडेय, राजेंद्र कुमार, निर्मल बेदिया, श्यामल कुमार, रीता कुमारी, अमृता, छिता देवी व उनके सहयोगी द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से रामचरितमानस का धारा प्रवाह पाठ किया जा रहा है। जहां राम चरित्र मानस पाठ को सुनने के लिए प्रतिदिन काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त पहुंच रहे हैं। वहीं दुर्गा मंदिर परिसर में शारदीय नवरात्र के अवसर में कलश स्थापित कर मां दुर्गा का पाठ किया जा रहा है। सुबह शाम माता के आरती में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। मंदिर प्रांगण में जन सहयोग से महा समिति सदस्यों के नेतृत्व में केदारनाथ के प्रारूप का भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। इधर बेड़ो के तुको, खत्री खटंगा, पाकलमेढ़ी, घाघरा, ईटा चिल्द्री मुरतो व दिघिया में पूजा अर्चना की जा रही है।

### आजसू के हटिया प्रभारी भरत कांसी ने ली साफ सफाई की जिम्मेवारी

**रातू।** प्रखंड के कमड़े से पंडरा तक काठीटांड- राँची मार्ग एनएच 75 में सड़क के दोनों किनारो में कचरे की पहाड़ व वहाँ से निकलने वाली बदबू से स्थानीय लोगों के अलावा राहगीरों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कचरे की साफ सफाई को लेकर सांसद व विधायक से भी आग्रह किया गया था परन्तु कोई फायदा नही हुआ। आजसू के हटिया प्रभारी भरत कांसी से लोगो ने कचरे की साफ सफाई का आग्रह किया इसके उपरांत श्री कांसी ने अपने निजी फंड से सोमवार को जेसीबी व ट्रेक्टर की मदद से कचरे की ढेर को हटवाने की शुरूआत कर दी। श्री कांसी ने बताया कि दुर्गा पूजा से पहले-पहले रातु कमड़े से लेकर पंडरा तक सड़क किनारे डंपिंग यार्ड बने कचरे को हटा दिया जाएगा। इन जगहों पर करीब छह महीनों से कचरा का पहाड़ बना हुआ था। जिससे काफी दुर्गंध आ रही थी। राहगीरों का इस रास्ते मे चलना मुश्किल हो गया था।

Government of Jharkhand
Department of Scheduled Tribe, Scheduled Caste, Minority and Other Backward Class Welfare.
Dr.Ramdayal Munda Tribal Welfare Research Institute, Ranchi-8
Phone-No. 0651-2551824, E-mail: dir-triran@gov.in/tri.directorate@gmail.com

Letter No. 2073 Ranchi, Date- 16/10/2023

Corrigendum
PR. No.309120
Short-term Advertisement

Dr. Ramdayal Munda Tribal Welfare Research Institute (TRI) intends to procure electronic items for the official use. The items include laptop, projector and photocopier machine. There are some changes in the specifications of the items. The supply of these items shall be made as per the specifications mentioned in the table below:-

| S. No. | Item | Specification | Quantity |
|---|---|---|---|
| 1 | Laptop | **Description:** Intel Core i5 **Processor Generation:** 12th Gen; **Processor**; **Operating System:** Windows 11 Professional; **RAM Size (GB):** 8 GB; **HDD:** 512GB SSD; **Essential Software:** MS Office Professional | 2 |
| 2 | Multimedia Projector | **Type:** Standard Throw (0.91 to 2.5); **Native Resolution**: 1024 x 768; **Type of Light Source**: UHP / UHE / UHM; **Zoom**: 1.44-1.95; **Control system**: Remote & Manual; **Technology:** LCD | 3 |
| 3 | Photocopier Machine | **Speed:** 27 Pages Per minute; **Scan speed**: 25 SPM; **Function**: Copy, Print & Scan; **Memory**: 512Mb; **Paper Capacity**: 250+100 sheets; **DF Capacity**: 50 sheets; **Zoom**: 25-400%; **Wi-Fi**: Yes; **Processor**: 500 MHz; **Operating System**: Windows/Linux/Mac; **Duplex**: Yes | 1 |

*Note: All other mentioned terms and conditions in the Advertisement will remain unchanged.

PR 309242 (Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department) 23-24 (D)
Sd/-
Deputy Director.

### सेवानिवृत्त आईएएस, जज व पुलिस पदाधिकारी समेत कइयों ने थामा भाजपा का दामन

# परिवार और पैसे की राजनीति करने वालों को हो रहा दर्द : बाबूलाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में सेवानिवृत आईएएस अधिकारी, सेवानिवृत जज से लेकर सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों ने भाजपा का दामन थामा। भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को मिलन समारोह में कोल्हान प्रमंडल के पूर्व आयुक्त सेवानिवृत आइएएस अधिकारी विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सभी को पार्टी का पटका एवं माला पहनाकर स्वागत किया। जबकि प्रदेश महामंत्री सह मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने ऑनलाइन सदस्यता ग्रहण कराई। विजय कुमार सिंह के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में सेवानिवृत राज्य अग्निशमन अधिकारी सुधीर कुमार वर्मा, पूर्व डीएसपी ललन ठाकुर, सेवानिवृत जिला न्यायाधीश जीके दुबे के अलावे संजय अग्रवाल, रिंकू गडिया,प्रभाष कुमार झा, प्रभाकर, एकांत, आशीष साहू, श्रीप्रकाश, सागर साहू, सुमित रंजन, अभिनंदन शर्मा, अभिप्रय वर्मा सहित झामुमो और आजसू के कार्यकर्ता निरंजन पांडेय, प्रदीप चौबे, फलजीत महतो, अजय ठाकुर, मोहम्मद सलीम अंसारी, गणेश आगीवाल आदि शामिल हैं।

मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा से जनता का जुड़ाव लगातार बढ़ रहा है। जनता सबका साथ, सबका विकास पर विश्वास करने लगी है। देश को मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ता देखने के लिए आम जनता ने अपनी ताकत झोंक दी है। उन्होंने सदस्यता ग्रहण करने वालों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे अनुभवी लोगों की योग्यता और कार्यक्षमता का पार्टी को लाभ मिलेगा। इनके सेवा के क्षेत्र बदले है लेकिन जिम्मेवारी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि आज मोदी के नेतृत्व में गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा, आदिवासी, दलित, पिछड़े सभी का बिना भेदभाव के विकास हो रहा। गांव गरीब विकास की मुख्य धारा से जुड़ रहे। डिजिटल क्रांति से देश में व्यापक परिवर्तन हुए है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विपक्षी एकता के नाम पर परिवार और पैसे की राजनीति करने वाले, भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे दल और नेता मोदी के खिलाफ एकजुट हो रहे। जिन लोगों ने देश को वर्षों तक विकास से वंचित रखा वे आज परेशान हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की आज यही स्थिति है। परिवार,भ्रष्टाचार ,अत्याचार में शामिल हेमंत सरकार जनता को दिग्भ्रमित कर रही है। ऐसे में देश और प्रदेश को बचाने के लिए और अधिक मजबूत भाजपा की जरूरत है। उन्होंने आह्वान किया कि हमें पार्टी के कार्यक्रमों और भाजपा सरकार की उपलब्धियों को लेकर घर घर दस्तक देना है। सदस्यता ग्रहण करते हुए पूर्व आयुक्त विजय कुमार सिंह ने प्रदेश भाजपा नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि अवकाश प्राप्ति के बाद अनुभव एवं क्षमता को भाजपा के साथ जुड़कर देश सेवा में लगाने की इच्छा हुई। उन्होंने कहा कि पार्टी जो भी कार्य देगी उसे हर संभव पूरा करने की कोशिश करूंगा। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू ने और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने किया।

जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा
ग्राम पंचायत स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

| S.no. | Date | Day | Village | Panchayat | Block |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 27/10/2023 | Friday | Aragaro | ARAGARO | CHANDWARA |
| 2 | 28/10/2023 | Saturday | Puto | ARAGARO | CHANDWARA |
| 3 | 31/10/2023 | Tuesday | Sardarodih | ARAGARO | CHANDWARA |
| 4 | 1/11/2023 | Wednesday | Badkidhamrai | BADKIDHMRAI | CHANDWARA |
| 5 | 2/11/2023 | Thursday | Birsodih | BIRSODIH | CHANDWARA |
| 6 | 3/11/2023 | Friday | Chandwara | CHANDWARA WEST | CHANDWARA |
| 7 | 6/11/2023 | Monday | KANKO | KANKO | CHANDWARA |
| 8 | 7/11/2023 | Tuesday | Madangundi | MADANGUNDI | CHANDWARA |
| 9 | 8/11/2023 | Wednesday | Pipradih | PIPRADIH | CHANDWARA |
| 10 | 9/11/2023 | Thursday | Bachhedih | BACHHEDIH | DOMCHANCH |
| 11 | 10/11/2023 | Friday | Bagdo | BAGDO | DOMCHANCH |
| 12 | 14/11/2023 | Tuesday | Lachhandih | BAGRIDIH | DOMCHANCH |
| 13 | 16/11/2023 | Friday | Bangakhalar | BANGAKHALAR | DOMCHANCH |
| 14 | 17/11/2023 | Saturday | Behradih | BEHRADIH | DOMCHANCH |
| 15 | 23/11/2023 | Wednesday | Dhodhakola | DHODHAKOLA | DOMCHANCH |
| 16 | 24/11/2023 | Friday | Kundidhanwar | KUNDIDHANWAR | DOMCHANCH |
| 17 | 29/11/2023 | Wednesday | Masmohana | MASMOHNA | DOMCHANCH |
| 18 | 30/11/2023 | Thursday | Ramdih | MASNODIH | DOMCHANCH |
| 19 | 1/12/2023 | Friday | Chhatarbar | CHHATARBAR | KODERMA |
| 20 | 2/12/2023 | Saturday | Jarga | JARGA | KODERMA |
| 21 | 4/12/2023 | Monday | Pathaldiha | PHATHALDIHA | KODERMA |
| 22 | 5/12/2023 | Tuesday | Kharkotta | KHARKOTTA | KODERMA |
| 23 | 6/12/2023 | Wednesday | Kolgarma | KOLGARMA | KODERMA |
| 24 | 7/12/2023 | Thursday | Gohal | GOHAL | JAINAGAR |
| 25 | 8/12/2023 | Friday | Kandrapdih | KANDRAPDIH | JAINAGAR |
| 26 | 12/12/2023 | Tuesday | Kariyawan | KARIYAWAN | JAINAGAR |
| 27 | 13/12/2023 | Wednesday | Gharaunja | GHARAUNJA | JAINAGAR |
| 28 | 14/12/2023 | Thursday | Madhopur | MADHOPUR | SATGAWAN |
| 29 | 15/12/2023 | Friday | Rajabar | RAJABAR | SATGAWAN |
| 30 | 18/12/2023 | Monday | Tehro | TEHRO | SATGAWAN |
| 31 | 19/12/2023 | Tuesday | Dagarnawa | DAGARNAWAN | MARKACHO |
| 32 | 20/12/2023 | Wednesday | Devipur | DEVIPUR | MARKACHO |
| 33 | 21/12/2023 | Thursday | Kadodih | KADODIH | MARKACHO |

नोट :–
- प्रशिक्षण का कार्यक्रम में दिनांक , ग्राम , पंचायत एवं प्रखण्ड में आवश्यकतानुसार बदलाव किया जा सकता है।
- यह प्रशिक्षण बिल्कुल निःशुल्क है।
- प्रशिक्षण हेतु अधिकतम बैच साईज 25 प्रशिक्षणार्थियों का होगा।
- प्रशिक्षणार्थियों को 200/– रू० (दो सौ रूपये) प्रतिदिन के दर से वृतिका का भुगतान प्रशिक्षण उपरांत उनके बैंक खाता में डी०बी०टी० के माध्यम से किया जायेगा।
- प्रशिक्षण कार्यक्रम के समय गव्य विकास संबंधी बुकलेट्स, पेन , कॉपी तथा प्लास्टिक फोल्डर निःशुल्क उपलब्ध कराया जायगा ।

PR 309236 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(23-24)D जिला गव्य विकास पदाधिकारी, कोडरमा।

## गागर में सागर

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने की अनुभवात्मक यात्रा



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्र कुशलपल्ली रिजॉर्ट अयोध्या हिल्स, पुरुलिया गए। यह एक समृद्ध अनुभवात्मक यात्रा थी। छात्रों के लिए छऊ नृत्य का आयोजन पारंपरिक लोक-संगीत और नृत्य के इतिहास और उसकी संस्कृति से परिचित कराने के लिए किया गया। इसके बाद उन्होंने पूल पार्टी और एकता की भावना से भरपूर क्रियाकलाप में भाग लिया। रात्रि में डीजे नाइट का आनंद लेने के साथ दिन का समापन हुआ। छात्रों के लिए एकता, टीम भावना, समय प्रबंधन और अनुशासन सीखने का यह एक अनोखा अनुभव था। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने विद्यालय के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि भविष्य में इस तरह के भ्रमण कार्यक्रमों का आयोजन हो। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने पूरी टीम को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यात्रा के अनुभव हमें आनंद के साथ शिक्षा भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की यात्रा से छात्र स्वतंत्रता और अनुशासन का महत्व भी सीखेंगे।

### एनटीपीसी स्वयं सिद्धा लेडीज क्लब ने नवरात्रि डांडिया का किया आयोजन



**रांची।** नवरात्रि और दुर्गा पूजा महोत्सव जैसे चल रहे उत्सवों में रंग जोड़ते हुए, स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब (एसएलसी), एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय ने सदस्यों के लिए एक नवरात्रि डांडिया का आयोजन किया। यह कार्यक्रम एसएलसी की अध्यक्ष रेखा जैन और सदस्यों की उपस्थिति में शुरू हुआ। बाद में सदस्यों ने देवी दुर्गा की पारंपरिक पूजा और प्रार्थना में भाग लिया। मौके पर रेखा जैन ने सभी सदस्यों को आगामी पूजा उत्सवों के लिए शुभकामनाएं दीं। इसके बाद डांडिया नाइट नृत्य कार्यक्रम हुआ। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अकेले कुछ नहीं कर सकता, समूह प्रयास से ही सफलता मिलती है। उन्होंने महिला क्लब की गतिविधियों को मजबूत करने और समाज के लाभ के लिए नए विचारों, सुझावों और नई पहलों के साथ आगे आने के लिए सदस्यों से सलाह मांगी। कार्यक्रम में सदस्यों को उनके पारंपरिक रंगीन परिधान में देखा गया, उन्होंने उत्सव के मूड का आनंद लिया और समूह डांडिया नृत्य खेला। कार्यक्रम को विशेष बनाने के लिए तोरण बनाओ प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण एवं खेलों का आयोजन किया गया।

### झारखंड फूड फेस्टिवल में बाल विकास परियोजना ने लगाया स्टॉल



**रांची।** सोमवार को पुराने विधानसभा स्थित मैदान में झारखंड फूड फेस्टिवल में समेकित बाल विकास परियोजना रांची ने अपना स्टॉल लगाया। इस स्टॉल में विभिन्न तरह के पकवान एवं सब्जियों को प्रदर्शित करते हुए पोषण एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में मिलने वाली लाभ से संबंधित पोस्टर लगा कर जन जागरूकता लाने के लिए स्टॉल में आने वाले लोगों को बताया गया। इसमें मुख्य रूप से रांची सीडीपीओ आराधना सिंह, पर्यवेक्षिका अंजना कुमारी दास, सेविका शाहीन इकबाल,खुशबू, परवीन, मारिया बाड़ा, सरिता कुजूर सहित अन्य सेविकाएं उपस्थित थे।

### कांके से मवेशी सहित तीन पिकअप वैन जब्त

**रांची।** रांची के कांके थाना क्षेत्र के हुसिर गांव के पास से सोमवार को ग्रामीणों ने पुलिस की मदद से तस्करी के लिए ले जा रहे तीन पिकअप वैन को पकड़ा है। वैन में 53 पशु लदा था। पशुओं में गाय, बैल और बछिया शामिल है। पुलिस ने मामले में दो लोगों को पकड़ा गया है। हालांकि अन्य लोग भागने में सफल रहे। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# शहर में 20 अक्टूबर से भारी वाहनों का प्रवेश 4 दिनों के लिए रहेगा बंद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में दुर्गा पूजा के समय पंडालों में घूमने के दौरान यातायात व्यवस्था सुगम रहे और कहीं भी भीड़ न लगे, इसके लिए शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव रहेगा। रांची में 20 अक्टूबर से भारी वाहनों का प्रवेश चार दिनों के लिए बंद रहेगा। वहीं मेन रोड में शाम चार बजे से अगले दिन सुबह चार बजे तक छोटे वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। शाम चार से सुबह चार बजे तक न्यू मार्केट चौक से किशोरगंज चौक तक छोटे वाहन नहीं जा सकेंगे। पिस्का मोड़ से हजारीबाग रोड की ओर जाने वाली बड़ी गाड़ियां तिलता चौक, रिंग रोड, लॉ यूनिवर्सिटी होकर जा सकेंगी। हजारीबाग रोड से लातेहार, पलामू, गढ़वा की ओर जाने वाली गाड़ियां रिंग रोड, तिलता चौक होते हुए जाएंगी। खूंटी की ओर से आने वाले बड़े वाहन रिंग रोड होते हुए हजारीबाग की ओर जा सकेंगे। जमशेदपुर से आने वाले भारी वाहनों का भी परिचालन रिंग रोड से होगा। जाम ना लगे इसके लिए 400 अतिरिक्त जवान तैनात किए जाएंगे। दुर्गा पूजा के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने को लेकर शहर के कई रूटों में बदलाव किये गये हैं।

### पुलिसकर्मियों को दिलाई गई बाल विवाह मुक्त भारत बनाने की शपथ



**रांची।** रांची के गोंदा थाना में सोमवार को थाना प्रभारी रवि ठाकुर की अध्यक्षता में बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई गई। पुलिसकर्मियों ने अपने क्षेत्र को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सत्यार्थी फाउंडेशन और चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन रांची के सहयोग से किया गया। इसमें पुलिस कर्मी और एनजीओ के लोग शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि झारखंड में पिछले साढ़े पांच साल में बाल विवाह के 34 मामले सामने आए हैं। इनमें वर्ष 2018 में सात, 2019 में तीन, 2020 में छह, 2021 में सात, 2022 में पांच और वर्ष 2023 में जून तक 6 मामले शामिल हैं। इनमें से 21 मामलों का निष्पादन किया गया और 13 मामले निष्पादन के लिए लंबित हैं।

### रांची के दो प्रतिष्ठित साहित्यकार मानद उपाधि से सम्मानित





**रांची।** राजधानी रांची के लिए साहित्य के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित उपलब्धि की खबर है। रांची के दो हिंदी साहित्यकारों को उनकी सुदीर्घ हिंदी सेवा, आंचलिक भाषा संवर्धन में सराहनीय योगदान, सारस्वत साधना, कला के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि, शैक्षिक प्रदेयों, महनीय शोधकार्य तथा राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के आधार पर थावे विद्यापीठ बिहार की अकादमिक परिषद की अनुशंसा पर प्रतिष्ठित मानद उपाधि प्रदान की गई है। प्रसिद्ध साहित्यकारों क्रमशः डॉ. ममता मनीष सिन्हा को प्रतिष्ठित विद्यासागर (डी लिट) एवं डॉ विनोद सिंह गहरवार को प्रतिष्ठित विद्यावाचस्पति (डॉक्टरेट) की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। ज्ञातव्य है की डॉ. ममता मनीष सिन्हा पूर्व में भी विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ भागलपुर बिहार से विद्यावाचस्पति (डॉक्टरेट) एवं मौनतीर्थ हिंदी विद्यापीठ उज्जैन मध्यप्रदेश से क्रमशः विद्यावाचस्पति एवं विद्यासागर (डॉक्टरेट/डी लिट) की प्रतिष्ठित उपाधि से सम्मानित हो चुकी हैं। ये हिंदी और भोजपुरी की अंतर्राष्ट्रीय कवयित्री/लेखिका हैं। पेशे से शिक्षक सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. विनोद सिंह गहरवार भी हिंदी, अंग्रेजी और भोजपुरी के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के गीतकार/कवि/लेखक/ समीक्षक एवं व्यंगकार हैं तथा कैंबरियन पब्लिक स्कूल राँची में अंग्रेजी शिक्षण सेवा दे रहे हैं, अंग्रेजी भाषा कर्म होते हुए भी इनकी मातृभाषा हिंदी के प्रति सेवा निष्ठा स्तुत्य है। वर्तमान में डॉ विनोद सिंह गहरवार 'झारखंड हिंदी साहित्य संस्कृति मंच के सचिव एवं डॉ ममता मनीष सिन्हा मंच कार्यक्रम संयोजक हैं। दोनों साहित्यकारों को सम्मान प्राप्त होने से राजधानी रांची के साहित्य जगत में हर्ष व्याप्त है।

### दल बदलूओं के सहारे भाजपा पार करना चाहती है अपनी नैया : डा. मनोज कुमार



**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार ने भाजपा द्वारा भाजपा के विधायक दल के नेता और सचेतक बनाएं जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा दल बदलुओं और दूसरे दल से आए नेताओं के भरोसे चुनावी नैया पार होना चाहती है जो नामुमकिन है। भाजपा को अपने पुराने नेताओं पर भरोसा और विश्वास नहीं है जिसके कारण दूसरे दल से आए नेताओं पर भरोसा और विश्वास किया है और पुराने भाजपा विधायकों पर भाजपा का भरोसा उठ चुका है बोरो प्लेयर ही भाजपा के बने खेवन हार। डॉ. मनोज ने कहा कि भाजपा का यही चाल चरित्र और नीति है जिसे झारखंड कि जनता समझ और जान चुकी है। गाली देने वाले ही आज भाजपा के पसंदीदा नेता बन चुके है। भाजपा के पास नेताओं कि किल्लत है इसलिए जेवीएम से भाजपा में समलित नेता को प्रदेश अध्यक्ष,विधायक दल के नेता और जेएमएम से आए नेता को सचेतक बनाने का काम किया है। भाजपा इन पदों से इन सब को शुसोभित करवा कर साबित कर दिया किया भाजपा के पास इन पदों के लिए कोई नेता नहीं है और न विश्वास है इस लिए दलबदलुओं के सहारे भाजपा।

### सरकार ने मध्याह्न भोजन के लिए नौ करोड़ 72 लाख रुपये किया आवंटित

# सरकारी स्कूल के बच्चों को अब भोजन में मिलेगा हलवा और लड्डू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को अब हलवा और लड्डू मिलेगा। इसके लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं। मध्याह्न भोजन (मिड डे मील ) के लिए नौ करोड़ 72 लाख रुपये आवंटित किए हैं। इसकी जानकारी झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण की निदेशक किरण कुमारी पासी ने सभी जिला शिक्षा अधीक्षक को दी है। निदेशक ने पत्र में लिखा है कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के कियान्वयन के लिए वर्ष 2023-24 के लिए भारत सरकार से स्वीकृत बजट के आधार पर जिलों को अप्रैल, 2023 से मार्च, 2024 तक 253 दिनों के लिए मेटेरियल कॉस्ट (केन्द्रांश एवं राज्यांश मद) की राशि का पोर्टल आधारित आवंटन कर दिया गया है। निदेशक ने लिखा है कि मेटेरियल कॉस्ट की आवंटित राशि से ही मध्याह्न भोजन के अतिरिक्त रागी (महुआ) हलवा / रागी लड्डू दिया जाना है। वर्तमान में आवंटित राशि में से आठ दिनों के लिए व्यय के लिए प्राधिकार दिया जा रहा है। जिला शिक्षा अधीक्षक आवंटित राशि का प्रखंड स्तर पर तीन दिनों के अन्दर उपआवंटन और प्रखंड स्तर से सात दिनों के अंदर विद्यालय को देना सुनिश्चित करेंगे। रागी (मडुआ) हलवा / लड्डू के लिए केन्द्रांश एवं राज्यांश मद की राशि आठ दिनों के लिए (माह में 4 दिन) प्रति छात्र 4.15 रुपये की दर से आवंटित किया गया है। रागी लड्नु प्रत्येक सप्ताह में बुधवार (कार्य दिवस के अनुसार) को दिया जाय। बुधवार को कार्य दिवस नहीं होने की स्थिति में अगले कार्यदिवस को दिया जाय। रागी (मडुआ) हलवा / लड्डू बनाने की विधि नमूना के तौर पर पत्र के साथ संलग्न किया गया है। साथ ही, रसोइया सह सहायिका के प्रशिक्षण मॉड्यूल में भी इसका उल्लेख किया गया है।

## संजय सर्राफ को उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांच**



मारवाड़ी सहायक समिति रांची द्वारा सामाजिक एवं मीडिया के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं कुशल कार्यों के लिए मारवाड़ी सहायक समिति के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी सह सामाजिक कार्यकर्ता संजय सर्राफ को वर्ष 2021-23 के लिए विशिष्ट सम्मान से सम्मानित किया गया। मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया ने संजय सर्राफ मोमेंटो, पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर कर सम्मानित किया?। अशोक कुमार नारसरिया ने बधाई देते हुए कहा कि संजय सर्राफ ने विगत कई वर्षों से सामाजिक कार्यों एवं मीडिया के क्षेत्र में उत्कृष्ट पहचान बनाई है। तथा समाज मे किए जाने वाले हर सामाजिक कार्यों का सभी प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं सोशल मीडिया में प्रमुखता से प्रकाशन करवाते हुए समाज के कार्यों को पूरे झारखंड में जन-जन तक पहुंचाने का बेहतरीन एवं प्रशंसनीय कार्य किया है तथा झारखंड के विभिन्न सामाजिक संस्थाओं में मीडिया के हर कार्य क्षेत्र में कुशलता पूर्वक कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में वे अग्रसत्ता राष्ट्रीय पत्रिका के प्रदेश संपादक, रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, मारवाड़ी सहायक समिति, अग्रवाल सभा, कवि सम्मेलन आयोजन समिति, पवित्रम गोसेवा परिवार, राष्ट्रीय सनातन एकता मंच, झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन, विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग मे प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं तथा वे पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड के पूर्व स्टेट मीडिया को-ऑर्डिनेटर, झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन एवं झारखंड प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन के पूर्व प्रांतीय प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रह चुके हैं। संजय सर्राफ को सम्मानित किया जाने पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी

### पांच लोग गिरफ्तार

**रांची।** उत्पाद विभाग की टीम ने सोमवार को रांची जिले के चार थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी की। सहायक आयुक्त उत्पाद के निर्देश पर सब-इंस्पेक्टर प्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया था। टीम ने कोतवाली थाना के गाड़ीखाना, चुटिया थाना के सिरमटोली, नामकुम थाना के सामलोंग और एयरपोर्ट थाना के हेथु में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान 1200 किलो जावा महुआ, 197 लीटर अवैध महुआ शराब और एक स्कूटी बरामद की गई है। टीम ने अवैध रूप में शराब बेचने के मामले में भरत महतो, उमेश कुमार, बसंत तिर्की, जॉनसन लकड़ा और जार्ज नामक लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो लोग फरार हो गए। इस संबंध में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। टीम ने इस दौरान कई शराब के अड्डे को भी ध्वस्त किया।

## राज्यपाल से मिला विहिप का प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




विश्व हिंदू परिषद (विहिप) का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को राज्यपाल से मिला और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से झारखंड हिंदू धार्मिक ट्रस्ट बोर्ड अधिनियम को समाप्त करने और हिंदू देवी-देवताओं के मंदिर पर राज्य के नियंत्रण से मुक्त करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक ट्रस्ट बोर्ड अधिनियम को समाप्त करने के साथ हिंदू देवी-देवताओं के मंदिरों को झारखंड सरकार के नियंत्रण से मुक्त करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि हिंदुओं के धार्मिक संस्थानों पर राज्य सरकार का नियंत्रण 1947 से पहले की अंग्रेजी शासन की गुलामी के तहत ही है। 1947 में स्वतंत्रता के बाद हिंदू धर्म को छोड़कर अन्य सभी धार्मिक संस्थाएं बिना सरकार के हस्ताक्षर के अपनी संस्था को स्थापित करने और चलने के लिए पूर्णता स्वतंत्र है। उपरोक्त तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए यह कानून को खत्म करना आवश्यक है और इस तरह हिंदू धर्म संस्थाओं को नियंत्रण से मुक्त किया जाना चाहिए। हिंदू समुदाय के मन में अपने संस्थानों के प्रति स्वतंत्रता की भावना जागृत करने की आवश्यकता है। राज्यपाल से प्रतिनिधिमंडल ने आग्रह किया कि कृपया इस गंभीर विषय पर संज्ञान लेते हुए कार्यकारी तंत्र को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश देने की कृपा करें। इसके लिए हम सभी सदैव आभारी रहेंगे। प्रतिनिधिमंडल में ज्ञापन में 15 बिंदुओं का भी उल्लेख किया गया है। प्रतिनिधिमंडल में प्रांत उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता, प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू, महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी और सामाजिक समरसता प्रांत प्रमुख मितेश्वर मिश्र शामिल थे।

### तैयारी

### महाभारत के चक्रव्यूह की थीम पर बन रहा है बकरी बाजार का पंडाल

# लाइटिंग की सजावट भी दर्शकों को खूब लुभाएगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राजधानी रांची में अब दशहरा पर्व को बाजारों में माहौल दिखने लगा है। लोग अपनी-अपनी खरीदारी में जुट गये हैं। दशहर महापर्व के प्रति लोगों को उत्साह अब देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही शहर में बन रहे पंडालों के निर्माण में भी तेजी होने लगी है। बाहर से आये कारीग अपनी कला का जोहर दिखाने में लगे हैं। पंडाल के निर्माण में अब जोर पड़कने लगा है। कुछ इसी तरह बने रहे रांची में भारतीय नवयुवक संघ, बकरी बाजार में इस वर्ष दुर्गा पूजा के अवसर पर भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। पूरे परिसर में लाइटिंग की विशेष साज-सज्जा लोगों का दूर से ही अपनी आकर्षित करेगा। समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने बताया कि इस वर्ष पंडाल की थीम महाभारत के चक्रव्यूह पर आधारित है। श्रद्धालुओं को एहसास होगा कि वे किसी चक्रव्यूह के अंदर हैं और मां की प्रतिमा का दर्शन करने के लिए उन्हें इसे पार करना होगा। कुल मिलाकर श्रद्धालुओं को अलग तरह के रोमांच का अनुभव होगा। बिना चक्रव्यूह पार किए मां का दर्शन नहीं होगा। उन्होंने बताया कि बुर्जुगों को लिए दर्शन की अलग व्यवस्था की गई है। ताकि उन्हें भीड़ में कोई परेशानी नहीं हो। अशोक चौधरी ने बताया कि बकरी बाजार में 1958 से लगातार मां की पूजा की जा रही है। हमारी कोशिश होती है कि हर वर्ष श्रद्धालुओं को कुछ नया देखने को मिले। विशेष आकर्षण- अशोक चौधरी ने बताया कि पंडाल के अंदर भी मां का श्रृंगार भव्य तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले 2 महीने से 60 से अधिक कारीगर दिन-रात काम में लगे हुए हैं। मां की प्रतिमा 12 फीट की है वहीं पंडाल की लंबाई 190 फीट, चौड़ाई 120 फीट और ऊंचाई 70 फीट है। पंडाल के निर्माण में 50-60 लाख रुपए का खर्च आ रहा है। उन्होंने बताया कि इस पंडाल का रंग दिन में तीन बार बदलेगा। मां की मूर्ति भी स्वर्णजड़ित नजर आएगी, मां के अस्त्र-शस्त्र भी सोने की तरह नजर आएंगे। सुरक्षा की व्यवस्था- श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए इस वर्ष विशेष सुरक्षा की व्यवस्था की जा रही है। पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी। इसके साथ ही 30 सेक्युरिटी गार्ड महिला एवं पुरूष तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा समिति के 40 से अधिक वालिंटियर श्रद्धालुओं की समस्या पर ध्यान देंगे, किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो इसके लिए लोगों की मदद करेंगे। पंडाल परिसर में बच्चों और बड़ों हर किसी के मनोरंजन के लिए कई तरह के झूले और स्टॉल लगाये जा रहे हैं। पंडाल का उद्घाटन राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन चतुर्थी बुधवार को शाम 6 बजे करेंगे।

### शराब का पैसा नहीं दिया तो आरोपी ने युवक को पत्थर से मारकर सिर फोड़ा

**रांची।** रांची के गोंदा थाना क्षेत्र के सरईटांड़ में शराब पीने के लिए पैसा देने से इंकार करने पर एक युवक को पत्थर से मारकर सिर फोड़ दिया गया। इस संबंध में न्यू एरिया मुंडा गढ़ा निवासी दीपक महतो ने अन्नू मल्लिक के खिलाफ गोंदा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दीपक ने पुलिस को बताया कि वह बीते 14 अक्तूबर की शाम सरईटांड़ से अपने अंडा खरीदने के लिए जा रहा था। इसी दौरान उनके जीजा अन्नू पटेल ने उन्हें रोका और शराब पीने के लिए उससे पैसा मांगने लगा। इंकार करते हुए वह उसके भाई को शिकायत किया। जिसके बाद आरोपी ने उस पर हमला कर दिया। पत्थर से मारकर उसका सिर फोड़ दिया। जिससे वह बेहोश हो गया। उससे आनन फानन में रिम्स ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के पास परिजनों ने घर लाया। इसके बाद वह रविवार को थाना पहुंचकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## सहकार भारती क्रेडिट सोसाइटी ने अधिवेशन को लेकर लगाए पोस्टर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सहकार भारती क्रेडिट सोसाइटी का राष्ट्रीय अधिवेशन दो और तीन दिसंबर को दिल्ली के कृषि भवन में आयोजित है। सोमवार को राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर सहकार भारती के जिला अध्यक्ष राकेश चौधरी एवं जिला के अन्य पदाधिकारियों ने क्रेडिट सोसाइटी में जाकर संपर्क किया एवं दिल्ली चलो का पोस्टर लगाने का काम किया। पोस्टर लगाने एवं संपर्क करने में जिला अध्यक्ष के साथ गृह निर्माण समिति के प्रमुख सुजीत झा, आनंद तिवारी, भारती चौधरी, आनंद कुमार विशेष रूप से शामिल थे। मौके पर राकेश चौधरी ने कहा कि यह अधिवेशन कैश क्रेडिट समितियों के लिए एक वरदान का काम करेगा। जिन-जिन विषयों पर प्रस्ताव लिया गया है यह प्रस्ताव सरकार द्वारा अगर मान लिया जाता है तो भविष्य में कैश क्रेडिट सोसाइटियों के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत होगा।

## गागर में सागर

### पुरूलिया के कोटशिला रेंज से भटककर पहुंचने की आशंका



**धनबाद।** चंदनकियारी के झालबरदा जंगल मे रविवार की रात को दो तेंदुआ देखा गया है. जिसके बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है. इलाके में पहली बार आदमखोर पशु को ग्रामीणों ने देखा है. जैसे ही रात में तेंदुआ के देखे जाने की जानकारी बरमसिया पुलिस को मिली, पुलिस ने लोगों को सावधान रहने को कहा. रात में पुलिस इलाके में घूमती रही. झालबरदा के डुगरीटांड़ जंगल के पास झालबरदा गांव निवासी बबन तिवारी नामक एक व्यक्ति बाजार से खरीदारी कर घर लौट रहा था. उसी दौरान जंगल के रास्ते में दो तेंदुआ पर उनकी नजर पड़ी. तो उसके होश उड़ गए. उस वक्त अपने गांव न जाकर वापस बरमसिया लौट गए. जहां पर लोगों को जानकारी दी. साथ ही अपने गांव वालों को सतर्क किया. तेंदुआ के पुरूलिया के कोटशिला वन क्षेत्र से सिमनी जंगल से भटक कर इस इलाके में आने की संभावना है.

### बहरागोड़ा : जेबीकेएसएस के प्रखंड सचिव बने बैद्यनाथ माझी

**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के माटिहाना में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के प्रखंड कमिटी के गठन को लेकर बैठक हुई. इस बैठक का संचालन बासुदेव पांडा ने किया. बैठक में सर्वसम्मति से बैद्यनाथ माझी को प्रखंड सचिव बनाया गया. वहीं कलन महतो संरक्षक, ज्योत्सना महतो व देबी रानी महतो संगठन सचिव, सनत पात्र व बासुदेव पांडा मीडिया प्रभारी, शिवशंकर महतो कोषाध्यक्ष, विजय सिंह व आकुल वैठा उपसचिव, प्रसेनजित सीट व दिलीप महतो को सर्वसम्मति से उपाध्याक्ष चुना गया. बैठक में दुर्गा पूजा के बाद टाइगर जयराम महतो की जनसभा करने का निर्णय लिया गया. इस मौके पर बहरागोड़ा प्रखंड के सक्रिय कार्यकर्ता ज्योत्सना महतो, देबी रानी महतो, बैघनाथ माझी, विजय सिंह, आकुल वैठा, राजू महतो, भवरंजन महतो, प्रसेनजीत सीट, दीलिप महतो, सनत पात्र, राजू महतो, शिवशंकर महतो, शिवा कर्मकार, नभेंदु महतो, पार्थ सारथी पाठक सहित अन्य उपस्थित रहे.

### स्कूल वाहन चालक ने की आत्महत्या

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ा गम्हरिया के गोपी कॉलोनी निवासी विजय चौधरी (36) का शव फंदे से झूलता मिला। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। जानकारी के अनुसार रविवार की रात विजय और उसकी पत्नी अलग-अलग कमरे में सोये थे। रात करीब दो बजे जब उसकी पत्नी बाहर निकली तो खिड़की से देखा कि विजय फंदे से लटका हुआ है। इसके बाद उसने शोर मचाया, तब आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे फंदे से उतारा। घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। विजय स्कूल वाहन चलाता था, दो साल पहले उसकी शादी हुई थी। उसका कोई संतान नहीं था।उसके परिजन बिहार में रहते हैं।

### धनबाद में चला अतिक्रमण, फुटपाथ दुकानदारों ने किया हंगामा



**धनबाद ।** पूजा को देखते हुए नगर निगम सड़को को अतिक्रमण मुक्त करने में लगी है. इसे लेकर आज सहायक नगर आयुक्त संतोषी मुर्मू फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर अनिल कुमार दल बाल के साथ कोर्ट मोड़ से डीआरएम चौक तक सड़कों से फुटपाथ दुकानदारों को हटाने लगे. लेकिन देखते ही देखते दुकानदारों ने विरोध करना शुरू कर दिया. जिसके बाद कुछ महिला दुकानदारों ने निगम अधिकारयों की फजीहत की काफी विरोध के बाद निगम धीरे धीरे लौट गए. इसे लेकर महिला दुकानदारों ने बताया कि नगर निगम हमलोग पर अत्याचार कर रही है. उन्होंने कहा कि अभी दुर्गा पूजा का समय है. ऐसे में हमलोग कमायेंगे नहीं तो बाल बच्चों को त्योहार कैसे मनाएंगे. अभी दुर्गा पूजा है फिर दस दिन बाद दीपावली और छठ पर्व है. ऐसे में निगम के अधिकारी अत्याचार कर रहे है. वहीं सहायक नगर आयुक्त संतोषी मुर्मू ने बताया कि पूजा के मद्देनजर सड़कों से अतिक्रमण हटाया जा रहा है. ताकि जाम की स्थिति ना हो सके. लेकिन फुटपाथ दुकानदारों द्वारा विरोध किया जा रहा है जो ठीक नहीं है. ऐसे में मजबूरन बल पूर्वक हटाया जाएगा. कहा कि इनके लिए वेंडिंग जोन बनाया गया है लेकिन ये लोग वहां नही जाते है सड़क पर अतिक्रमण करने से सड़क जाम की स्थिति बनी रहती है.

## धनबाद : डीसी ने कतरास व सिंदरी में पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

# पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाएं : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद डीसी वरुण रंजन रविवार देर रात कतरास पहुंचे और रानी बाजार, रेलवे इंस्टीट्यूट सहित विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षणकिया. इस दौरान डीसी ने पूजा व मेला के लिए निमित्त कमेटी सदस्यों को आवश्यक निर्देश दिये. उन्होंने पूजा पंडालों में दर्शनार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरा लगाने, वाहनों के लिए उचित पार्किंग की व्यवस्था करने, मेले में फास्टेड के साथ स्वास्थ्य कैंप लगाने, अग्निशमन की व्यवस्था करने और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा. ताकि पूजा पंडाल देखने आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी ना उठाना पड़े. निरीक्षण के दौरान डीसी के साथ एडीएम लॉ एंड ऑर्डर कमलकांत गुप्ता, एसडीएम उदय रजक, सिविल सर्जन चंद्रभानु प्रतापन, ट्रैफिक डीएसपी राजेश कुमार, भवन विभाग के एसडीओ रोनित मिश्रा, कार्यपालक अभियंता चंदन कुमार, ओएसडी शांतनु मुखर्जी, नगर निगम के नगर प्रशासक साबिर आलम,कतरास थानेदार रणधीर सिंह आदि मौजूद रहे. धनबाद डीसी वरुण रंजन ने सिंदरी में भी रोहड़ाबांध दुर्गोत्सव पूजा पंडाल का भ्रमण किया. इस दौरान उन्होंने दुगार्पूजा पर विधि व्यवस्था, सड़कों के हालात और बिजली व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने पर बल दिया. उन्होंने बताया कि यह दौरा पूजा पंडाल में महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था, अग्निशमन की तैयारियों, सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्थाओं को देखने के लिए किया जा रहा है. डीसी ने सिंदरी की सड़कों पर बने गढ्ढों को भरने और स्ट्रीट लाइट की सुविधा जल्द उपलब्ध कराने की कोशिश की जायेगी. उन्होंने बदहाल मुख्य सड़क के बनने के लिए टेंडर प्रक्रिया की भी बात कही. वहीं बिजली विभाग के अधिकारियों ने खुले तारों के नीचे गार्डवायर लगाने की सलाह विद्युतकर्मियों को दी. इस दौरान एडीएम लॉ एंड आर्डर कमलाकांत गुप्ता, एसडीएम धनबाद उदय रजक, सिंदरी एसडीपीओ अभिषेक कुमार, सिंदरी थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह, गौशाला ओपी प्रभारी बिरेन्द्र कुमार, बिजली विभाग के अधिकारी मौजूद रहे.

### बरही में दुर्गापूजा को लेकर मीना बाजार सह मेला का उद्घाटन

**बरही ।** बीते संध्या सीडीपीओ नाजीर अख्तर, इंस्पेक्टर रोहित कुमार सिंह और सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति गया रोड के प्रमुख संरक्षक पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव आदि ने सार्वजनिक दुर्गा परिसर गया रोड परिसर में संयुक्त रूप से मीना बाजार सह मेला का उद्घाटन किया. प्रमुख संरक्षक सह पूर्व विधायक ने लोगों से शांतिपूर्ण मेला का आनंद उठाने की अपील किया. वही एसडीपीओ ने लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की बात कही. उन्होंने कहा की पूजा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है. शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी. इंस्पेक्टर ने भी लोगों से शांतिपूर्ण मेला का आनंद उठाने की बात कही. उन्होंने कहा कि पुलिस की गश्तिया लगातार जारी रहेगी. अफवाहों पर ध्यान नहीं दे और मेला या पूजा के दौरान होने वाले विवाद से बचे. विषम परिस्थितियों में प्रशासन का आवश्यक सहयोग ले.

## बाल विवाह रोकथाम को लेकर सदर अस्पताल से निकाली जागरुकता रैली



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने सदर अस्पताल से बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरुकता रैली निकाली. सदर सामुदायिक केंद्र के प्रभारी डॉक्टर शिवचरण हसदा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया. इस दौरान लोगों ने ह्लबाल विवाह को हटाना है, कुपोषण को दूर भगाना हैह्व के नारे लगाये. यह जागरुकता रैली शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः सदर अस्पताल में आकर समाप्त हुई. इसके बाद रैली में शामिल सहियाओं ने कुपोषण पर आधारित एक कार्यशाला में भाग लिया . डॉक्टर शिवचरण हसदा ने बताया कि पश्चिम सिंहभूम जिला कुपोषण वाला जिला है. इस कुपोषण में बाल विवाह की भूमिका काफी अहम है. शादी के बाद कम उम्र में ही बच्चियां मां बन जाती हैं. गर्भावस्था के दौरान समुचित आहार नहीं मिलने के कारण जन्म लेने वाला नवजात भी कुपोषित होता है. इसलिए इस विपरीत परिस्थिति से लोगों को जागरुक करने के लिए यह रैली निकाली गयी है.

### एसपी प्रियदर्शी आलोक ने की अपराध समीक्षा

**बोकारो।** एसपी प्रियदर्शी आलोक ने अपराध समीक्षा बैठक के दौरान शहरी इलाके के सभी थाना प्रभारी को शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक गश्ती करने का निर्देश दिया. एसपी ने सभी थाना प्रभारी को मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करने का भी निर्देश दिया है. सभी थानेदारों को निर्देश दिया कि दुर्गा पूजा में विसर्जन करने के दौरान सभी रूट पर पुलिस फोर्स की तैनाती करना सुनिश्चित की जाएगी. साथ ही वैसे इलाके जहां पहले से किसी तरह का तनाव हुआ हो या वर्तमान में तनाव है, वैसे में थाना प्रभारी और इंस्पेक्टर जाकर इसका भौतिक सत्यापन करेंगे अगर कोई विवाद है तो उसको समाधान करने के दिशा में भी काम करेंगे.

### वाईबीएन विश्वविद्यालय में फार्मेसी वीक शुरू



**रांची।** वाईबीएन विश्वविद्यालय के फामेर्सी विभाग मे 3 दिवसीय फामेर्सी सप्ताह का आज शुभारंभ हुआ ' यह कार्यक्रम 16-18 अक्टूबर तक चलेगा जिसमें विभिन्न कार्यक्रम जैसे स्वास्थ्य शिविर - बीपी, मधुमेह, हीमोग्लोबिन परीक्षण, रोगी परामर्श और दवा वितरण किया साथ ही 17 अक्टूबर को लड़कों के लिए क्रिकेट, लड़कियों के लिए कैरम और 18 अक्टूबर को समापन समारोह, सांस्कृतिक एवं पुरस्कार वितरण, वृक्षारोपण किया जायेगा। सभी प्रतियोगिता तय शेड्यूल के हिसाब से किए जायेगा । यह कार्यक्रम विगत वर्षो के भांति इस वर्ष भी पुरे समर्पण और उल्लास के साथ किया जायेगा। आज मौके पर अतिथियों के रूप में श्रीमती लक्ष्मी लाकड़ा, श्री धर्मवीर सिंह, श्री गंगा लाकड़ा, श्री प्रदीप लाकड़ा,चेयरमैन रामजी यादव और प्रो चांसलर के सलाहकार श्री सुधीर यादव के अलवा सभी संकाय के डीन एवं छात्र-छात्राए मुख्य रुप से उपस्थित थे ' इस अवसर पर चेयरमैन रामजी यादव ने फामेर्सी विभाग को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिए जिससे फामेर्सी संकाय को भविष्य में और बेहतर बनाया जा सके एवं विद्यार्थियों और शिक्षकों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया ' कार्यक्रम में बोलते हुए डीन फामेर्सी प्रोफेसर डॉ . आशीष सरकार ने विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों को अपना अमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद किया।

### गिरिडीहः महिलाओं ने किया विरोध, बैरंग लौटी वन विभाग की टीम

**गिरिडीह।** लोकाय थाना क्षेत्र के नारोटांड गांव के दो घरों में संग्रह किए गए साल प्रजाति की लकड़ियों को जब्त करने गई वन विभाग की टीम को कथित तौर पर गांव की दो महिलाओं के विरोध के कारण बेरंग लौट जाना पड़ा. इसके बाद गांवा रेंज अनिल कुमार राम ने सरकारी काम में बाधा डालने को लेकर थाने में लिखित शिकायत करने की बात कही है. दरअसल भारी मात्रा में लकड़ी संग्रह करने की सूचना पर सोमवार को रेंजर अनिल कुमार के नेतृत्व में वन विभाग और लोकाय पुलिस की टीम नारोटांड गांव पहुंची थी. यहां टीम दिलीप साव के घर के पास रखी लकड़ियों को जब्त करने में जुट गई.

### बाल विवाह उन्मूलन को लेकर हस्ताक्षर अभियान

**धनबाद।** बाल विवाह उन्मूलन अभियान सोमवार को समाहरणालय में भवन में आयोजित किया गया. इस दौरान जागरूकता अभियान चलाया गया और उपायुक्त ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को शपथ दिलायी. हस्ताक्षर अभियान की भी शुरूआत की गई. डीसी ने कहा कि बाल विवाह एक अत्यंत ही गंभीर मुद्दा है जिस पर रोक लगाने के लिए जमीनी स्तर पर काम करने की जरूरत है. जनमानस को जागरुक करते हुए राज्य में बाल विवाह के विरुद्ध सकारात्मक माहौल तैयार करना होगा.

## मजदूर नेताओं ने निलंबन को लेकर जताया आक्रोश




**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ की बैठक सोमवार को बोकारो के सेक्टर 9 स्थित प्रधान कार्यालय में हुई. बैठक में सेल अनाधिशासी कर्मचारियों ने बोनस की मांग को लेकर दुगार्पुर इस्पात संयंत्र में प्रदर्शन कर रहे दो मजदूर नेताओं एचएमएस के सुकांतो रक्षित एवं सीटू के सीमांत चटर्जी के निलंबन को लेकर दुगार्पुर इस्पात संयंत्र एवं सेल प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया. बैठक को संबोधित करते हुए संघ के महामंत्री सह सदस्य एनजेसीएस राजेंद्र सिंह ने कहा कि वर्तमान सेल प्रबंधन मजदूरों के प्रति जितनी निरंकुश है, वो ऐतिहासिक है. एक तरफ मजदूर काफी मेहनत कर उत्पादन का रिकॉर्ड बना रहे है, तो दूसरी ओर प्रबंधन लोकतांत्रिक रूप से अपने हक के लिए आवाज उठाने वाले मजदूरों के दमन के लिए नयी-नयी तरकीब अपना रही है. उन्होंने कहा कि निरंकुश प्रबंधन को यह ज्ञात होना चाहिए कि मजदूर जब आंदोलन पर आते हैं तो तख्त भी पलट देते हैं. 39 माह के एरियर, नाइट शिफ्ट एलाउंस और ठेका मजदूरों के वेज रिवीजन को डकार कर बैठी निरंकुश प्रबंधन का बेहतर बोनस की मांग करने वाले मजदूर नेताओं को निलंबित करना बर्दाश्त से बाहर हैं. इस दौरान संघ के लोगों ने प्रबंधन को चेतावनी दी कि बिना शर्त दोनों मजदूर नेताओं के निलंबन को वापस करें, मजदूरों को छेड़ना बंद करें नहीं तो मजदूर अपना हक लेना भी जानते हैं और अधिकार से वंचित रखने वालों को सबक सिखाना भी जानते हैं.

### 29 अक्टूबर को गोल्फ ग्राउंड में श्याम गुणगान महोत्सव

**धनबाद।** श्याम भक्त मंडल हीरापुर के द्वारा 29 अक्टूबर को गोल्फ ग्राउंड में 48वां श्याम गुणगान महोत्सव आयोजित किया जाएगा. जिसमें 200 किलोमीटर तक के हजारों श्याम भक्त शामिल होंगे. इसे लेकर बताया गया कि कार्यक्रम में अखंड जोत,अलौकिक श्रृंगार, छप्पन भोग और श्याम रसोई भी लगाई जाएगी. उक्त जानकारी श्याम भक्त मंडल हीरापुर के सचिव मनोज खेमका ने 16 अक्टूबर को धनबाद के हीरापुर स्थित अग्रसेन भवन में प्रेस वार्ता के दौरान दी. उन्होंने कहा कि उक्त कार्यक्रम में भक्तों को अपने भजन से रिझाने के लिए भजन सम्राट कन्हैया मित्तल, संजय सेन, परविंदर पलक आदि कई कलाकार शिरकत करेंगे.

### टीबी रोगियों के बीच पौष्टिक आहार वितरित

**बोकारो।** केबी कॉलेज बेरमो में नवरात्र के दूसरे दिन सोमवार को प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा और कॉलेज परिवार के द्वारा टीबी रोगियों के बीच पोषाहार वितरण किया गया. छह महीने से लगातार पांच टीबी रोगियों को गोद लेकर के बी कॉलेज पोषाहार का वितरण कर रही है. पौष्टिक आहार टीबी रोगियों को बीमारी से निजात दिलवाने में मदद करती है. पोषाहार किट में प्रति रोगी तीन किलो दाल, डेढ़ किलो चना, एक किलो बादाम, एक किलो गुड़, एक किलो सरसों तेल शामिल है.

### डीपीएस रांची में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं पंजीकरण शिविर का आयोजन



**रांची।** राज्य भर में मुख्य निर्वाचक पदाधिकारी, झारखंड के नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रम एवं मतदाता पंजीकरण शिविर चलाया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य भावी मतदाताओं को पंजीकृत कर लोकतंत्र में युवा मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाना है। दिनांक 16 अक्टूबर 2023 को भावी मतदाताओं के लिए डीपीएस राँची में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा मतदाता पंजीकरण शिविर का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के बारहवीं कक्षा के 700 से अधिक छात्र- छात्राओं एवं शिक्षकों ने फॉर्म 06 भर कर पंजीकरण कराया । विद्यालय के प्राचार्य श्री डॉ राम सिंह ने उक्त कार्यक्रम को सराहा एवं उन्होंने छात्र छात्राओं को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित भी किया।

### अग्रवाल समाज ने मनाई महाराजा अग्रसेन जयंती

**बोकारो ।** जिले के पेटरवार में अग्रवाल समाज ने अग्रसेन महराज की 5147वीं जयंती बुधिया भवन मे पहली बार मनाई. जिसमें पेटरवार समाज के सभी लोगों ने मिल-जुल कर समाज के उत्थान के लिए चर्चा-परिचर्चा की. चर्चा-परिचर्चा से पहले समाज के लोगों ने अग्रसेन महाराज की प्रतिमा पर फूल-माला चढ़ाकर नमन किया. वहीं रविकांत सिंघला ने बताया कि महाराजा अग्रसेन श्री राम के वंशज है. जिनका जन्म अश्वनी माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि अर्थात शारदीय नवरात्र के पहले दिन हुई थी. जिसके चलते हर साल इसी दिन महाराजा अग्रसेन की जयंती मनाई जाती है. अग्रसेन की जयंती मानाने के उपरांत उनके बताये रास्ते पर चलने का प्रयास करने की बात कही.

## निरीक्षण

### बेरमो बीडीओ ने किया पुस्तक मेला का उद्घाटन

# 'शिक्षा ही जीवन का एक अनमोल रत्न'



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय स्वांग में सोमवार को पुस्तक मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी महादेव कुमार महतो ने किया. मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नंदलाल महतो, मुखिया रीना सिंह व विधायक प्रतिनिधि रविशन टुडू शामिल थे. इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि पुस्तक ही ज्ञान का मार्ग है और इंसान का सबसे अच्छा दोस्त भी है. शिक्षा से ही विकास के कार्य शुरू होते हैं और शिक्षा ही जीवन का एक अनमोल रत्न है. इसे कोई चुरा नहीं सकता है और यह कहीं भी खो नहीं सकता. इसी प्रकार विद्यालय से ही जीवन की शुरूआत होती है. विद्यालय में एक अच्छे माहौल बनाने की जरूरत है. इस दौरान नेहरू उच्च विद्यालय स्वांग, मध्य विद्यालय स्वांग, मध्य विद्यालय पिपराडीह, मध्य विद्यालय हजारी एवं मध्य विद्यालय खुदगड़ा के बच्चों द्वारा पुस्तक के स्टाल लगाए गए थे. बीडीओ व बीईओ ने सभी स्टॉल का निरीक्षण किया. वहीं बच्चों से कई प्रश्न पूछे गए. बच्चों ने सुगमता के साथ सभी प्रश्नों के जवाब दिए. इस अवसर पर स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया. मौके पर पूर्व मुखिया धनंजय सिंह, प्रखंड पंचायती राज कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, प्रधानाध्यापक तारामणि कच्छप, शिक्षिका पुष्पा कुमारी, भारत रजवार, रश्मि जैन, सुभा साहनी, बबीता कुमारी, रोहन कुमार सहित ओमप्रकाश शर्मा, माही सिंह आदि उपस्थित थे.

## बारीडीह कमेटी ने गुरु दरबार में परफ्यूम के इस्तेमाल पर लगाई रोक



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बारीडीह गुरुद्वारा कमेटी ने गुरु दरबार के धार्मिक कार्यक्रमों में परफ्यूम के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है. शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा जारी आदेश के बाद बारीडीह गुरुद्वारा कमेटी ने यह कदम उठाया है. कमेटी ने यह भी फैसला लिया है कि सुबह आठ बजे से पहले आनंद कारज संपन्न होने पर वर-वधु को कमेटी की ओर से प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा. वहीं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के सिख परिवार के बच्चों को आनंद कारज संपन्न कराने के लिए विशेष प्रबंध किये जायेंगे. बारीडीह गुरुद्वारा कमेटी का कहना है कि कुछ परफ्यूम में अल्कोहल का इस्तेमाल किया जाता है. ऐसे में संगत एवं प्रबंधन की जिम्मेदारी है कि गुरु दरबार में आयोजित किसी धार्मिक उत्सव व वैवाहिक मौके पर अल्कोहल युक्त परफ्यूम इस्तेमाल नहीं किया जाये. संगत में गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज एवं संगत के प्रति सच्ची भक्ति भावना होती है, लेकिन ज्ञान के आभाव में संगत से गलती हो जाती है. बैठक में चेयरमैन करतार सिंह, चेयरमैन मोहन सिंह, प्रधान कुलविंदर सिंह, महासचिव सुखबिंदर सिंह, मार्गदर्शक कैशियर बलविंदर सिंह, डिप्टी प्रेसिडेंट ज्ञानी कुलदीप सिंह, राजेन्द्र सिंह तरसिक्का, जसवंत सिंह, अवतार सिंह सोखी, बलदेव सिंह, साधु सिंह, अवतार सिंह, प्रधान बीबी दविंद्र कौर दे, हजूरी ग्रंथी बाबा निरंजन सिंह, मनजीत कौर आदि उपस्थित रहे.

## गागर में सागर

### रजरप्पा मंदिर को दक्षिणेश्वर काली मंदिर की तर्ज पर की गई सजावट




**रामगढ़।** शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन 16 अक्टूबर मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप माता ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना विधि पूर्वक संपन्न हुई। माता ब्रह्मचारिणी को तप की देवी कहा जाता है। शारदीय नवरात्र को लेकर रजरप्पा स्थित माता छिन्नमस्तिके मंदिर को कोलकाता के प्रसिद्ध दक्षिणेश्वर काली मंदिर की तर्ज पर आकर्षक तरीके से सजाया गया है। जिसके बाद पूजा अर्चना के लिए वहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। माता छिन्नमस्तिके मंदिर के पुजारी लोकेश एवं छोटू पंडा ने बताया कि मंदिर की सजावट काफी आकर्षक तरीके से की गई है।

### हजारीबागः सड़क हादसे में एक महिला की मौत, तीन घायल

**हजारीबाग।** जिले के चरही रेलवे ओवरब्रिज के समीप सोमवार दोपहर को सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। दो ऑटो चालक भी गंभीर रूप से घायल हैं। जानकारी के अनुसार चुरचू प्रखंड के हेंदेगढ़ा पंचायत के हरहद गांव की आठ महिला ऑटो से चरही बाजार जा रही थीं। इसी दौरान दोपहर को चरही रेलवे ओवर ब्रिज के पास एनएच -33 के समीप राशन समान लदे एक टेंपो ने ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी। इससे सवारी भरी ऑटो असंतुलित होकर पलट गई। घटना में एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना की जानकारी मिलते ही चरही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और सभी घायलों को सदर अस्पताल भेज दिया गया।

### मेंटेनेंश को लेकर आज 9 से 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**बरकट्ठा।** डीवीसी पॉवर स्टेशन में मेंटेनेंस को लेकर मंगलवार को 9 से 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसकी जानकारी बरही सहायक विद्युत अभियंता सत्य देव कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि विद्युत सुचारू रूप से लोगों को मिले इसके लिए मंगलवार को 9 से 2 बजे शाम तक डीवीसी में मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इसलिए बरकट्ठा में पांच घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### चुगलामों में छह दिवसीय पियर एजुकेटर (साथिया) प्रशिक्षण शुरू

**बरकट्ठा।** पंचायत भवन चुगलामों में छह दिवसीय पियर एजुकेटर (साथिया) प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत समिति सदस्या अनीता देवी की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित कर किया गया।वहीं डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर कुमारी तनु मारर्या की उपस्थिति में प्रशिक्षण की शुरूआत की गई।इस दौरान सीएचओ इफ्तिखार आलम, एएनएम दीदी सुमन सिंह, सहिया साथी बसंती देवी, नरोत्तम कुमार,बीटीटी प्रकाश पंडित के द्वारा छह दिवसीय राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के बारे में उपस्थित किशोर, किशोरियों को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ने राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के बारे में 6 मुद्दों एवं पांच कार्यक्रम तथा किशोरावस्था में शारीरिक बदलाव आदि पर विस्तार पूर्वक बताया ।प्रशिक्षण में पंचायत के कुल 40 किशोर किशोरियॉ एवं आठ सहिया दीदी शामिल रहे। मौके पर सहिया पुष्पा देवी, बबिता देवी, विसनी देवी, उमा देवी, मीना देवी, सुमिता देवी, मुनी देवी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### डीडीसी ने सूर्यकुंड का लिया जायजा समस्याओं से हुए अवगत



**बरकट्ठा।** ऐतिहासिक पर्यटन स्थल सूर्यकुंड धाम का उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने सोमवार को जायजा लिया। मौके पर विधायक अमित कुमार यादव,जिप सदस्या कुमकुम देवी, मुखिया ललिता देवी,जिप प्रतिनिधि चंद्रकांत पांडेय, झारखंड आंदोलनकारी धीरेंद्र पांडेय समेत कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस दौरान विधायक अमित कुमार यादव व मुखिया ललीता देवी ने सूरजकुंड धाम की समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि ठंडे पानी के अभाव के कारण आने वाले सैलानियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कहा कि इस स्थल पर पार्क निर्माण,गर्म पानी से झरना, नल से नहाने की व्यवस्था,सफाई कर्मी, फाइबर ब्लॉक निर्माण,कॉटेज, फर्नीचर आदि की व्यवस्था कराना अति आवश्यक है। इन सुविधाओं के होने से इस धाम का विकास होगा तथा यहां के लोगों को रोजगार भी मिलेगा ।

## बाल विवाह के खिलाफ बुनियादी विद्यालय के बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

# 'बाल विवाह समाज के लिए है अभिशाप'



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** जन सेवा परिषद हजारीबाग एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन की ओर से बुनियादी विद्यालय पंचमाधव में बाल शोषण उत्पीड़न के खिलाफ जागरूकता रैली का आयोजन किया गया. रैली में विद्यालय के बच्चों ने उत्पीड़न के खिलाफ कई स्लोगन तख्तियों पर लेकर घूम रहे थे. बच्चों के द्वारा उत्पीड़न के खिलाफ नारे लगाए जा रहे थे. यह जागरूकता रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर आसपास के क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को बाल उत्पीड़न एवं शोषण के खिलाफ जागरूक होने का आह्वान किया. रैली के दौरान विद्यालय प्रधान सह प्रभारी संजय दुबे, शिक्षक मनोज घोष, सरफराज खान, दामोदर साव, गायत्री सिन्हा, बिंदिया देवी, कविता देवी, पूनम देवी आदि सहित कई ग्रामीण शामिल हुए. प्रधानाध्यापक दुबे ने कहा कि बाल उत्पीड़न के खिलाफ उनके विद्यालय की ओर से गांव में जागरूकता चलाकर हर संभव रोकने का प्रयास किया जाएगा. रैली में मुख्य रूप से जिप सदस्या प्रीति कुमारी, मुखिया नीलम देवी, संस्था के जिला समन्वयक बिनोद साहू, समाजसेवी गुरुदेव गुप्ता, नागेश्वर रजक आदि शामिल रहे. विदित हो कि बाल शोषण उन्मूलन को लेकर जिप सदस्या पिछले कई महीनो से बाल विवाह, बाल यौन शोषण, बाल मजदूरी आदि विभिन्न बाल उत्पीड़न को लेकर जागरूकता अभियान चला रही है. स्थानीय मुखिया ने कहा कि बाल विवाह एक शर्मनाक प्रथा है. इससे न केवल बचपन छीना जाता है बल्कि देश का भविष्य भी बर्बाद हो रहा है. उन्होंने लोगो से बाल विवाह के खिलाफ जागरूक होने की बात कही. जिप सदस्या ने भी ऐसे उत्पीड़न को समाज से नष्ट करने का आह्वाहन किया. उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रथा समाज के लिए कोढ़ है. इससे बचने की आवश्यकता है. प्रधानाध्यापक ने कहा कि हम जागेंगे तभी गांव जगेगा. उन्होंने लोगो से खुद को संकल्पित होने की बात कही.

### डीडीसी ने रूर्बन मिशन के कई यूनिट का किया निरीक्षण

**बरही ।** डीडीसी प्रेरणा दीक्षित ने प्रखंड के विभिन्न स्थानो पर रुबर्न मिशन के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं का आन स्पॉट निरीक्षण कर जानकारी लिया. इस दौरान केदारुत पंचायत के कजरा मोड़ पर स्थित पापड़, चिप्स निर्माण यूनिट का निरीक्षण किया. खेरौन्न में 15 एकड़ क्षेत्र में हो रहे ऑर्गेनिक खेती का भी स्थल जांच किया. साथ ही ऑर्गेनिक उत्पाद के बाजार भाव उपलब्ध करने का निर्देश दिया. इसके साथ ही कोयली के टोमैटो कैचअप यूनिट, बेंदगी के मॉडल स्कूल में उपलब्ध कंप्यूटर से प्रशिक्षण का निर्देश दिया गया. साथ ही टोमैटो कैचअप हेतु ब्रांडिंग और मार्केट लिंक करने का निर्देश दिया गया. सहित जरहिया के जरहिया के स्पाइस सेंटर, लिफ्ट इरिगेशन यूनिट, बसरिया के राइस यूनिट का निरीक्षण किया गया. बिजली के अभाव में राइस यूनिट चालू नही हों सका है, इस संबंध में बिजली विभाग को बिजली व्यवस्था का निर्देश दिया गया.

## गोला मार्केटिंग कॉम्पलेक्स का डीसी ने किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने सोमवार को गोला प्रखंड का दौरा कर निमार्णाधीन गोला मार्केटिंग कॉम्पलेक्स का निरीक्षण किया। मौके पर उपायुक्त ने निमार्णाधीन मार्केटिंग कॉम्पलेक्स परिसर में अब तक हो चुके कार्यों का जायजा लेने के उपरांत जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया । वहीं, उपयुक्त ने मार्केटिंग कॉम्पलेक्स में सभी योग्य किसानों/ व्यापारियों को दुकान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला को वर्तमान में गोला मार्केटिंग परिसर में दुकान लगा रहे किसानों, व्यापारियों आदि का नाम, पता, वे कब से दुकान लगा रहे हैं आदि से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन तैयार करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बाजार समिति परिसर में प्रतिदिन आ रहे किसानों व व्यापारियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया ।साथ ही उपायुक्त ने परिसर में योजनाबद्ध तरीके से पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने आदि के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, कार्यपालक दंडकारी सह प्रभारी गोपनीय शाखा विशाल कुमार, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, सहायक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला, अंचल अधिकारी गोला डीएमएफटी टीम के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

### शौच के लिए निकली महिला का डोभा में डूबने से मौत,गांव में मातम

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बेडोकला में शौच के लिए निकली महिला का डोभा में डुबने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक 26 वर्षीय मृतका आरती देवी, पति सूर्यदेव पंडित बेडोकला निवासी रविवार को दोपहर साढ़े बारह बजे घर से शौच के लिए कहकर बाहर निकली। काफी देर तक वापस नहीं लौटी तो घर वालों ने खोजबीन शुरू किया। जब बेडोकला के सरपंच टांड के समीप बने डोभा के पास परिजन पहुंचे तो मृतका का चप्पल दिखाई दिया। जिसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से डोभा से शव को बाहर निकाला गया। बताया जाता है कि मृतका का एक पुत्र और एक पुत्री है। घटना के बाद जहां परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं गांव में दशहरा की खुशी मातम में पसर गया। सूचना मिलते ही पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव मृतक के घर पहुंच कर शोक संतृप्त परिजनों से मिले तथा इस दुख की घड़ी में ढाढस बंधाते हुए मृत आत्मा की शांति की कामना की।वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र पांडेय,पंसस रामचंद्र साव, पूर्व मुखिया तुलसी पांडेय, देवीलाल साव, राजकुमार नायक, सरयू यादव ,भीम साव,बैजनाथ राणा आदि उपस्थित थे

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक

# 'संगठन को मजबूत बनाएं कार्यकर्ता'




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक सोमवार को चितरपुर के मायल सामुदायिक भवन में संपन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता शिवचरण महतो व संचालन अमन कुमार महतो ने किया। बैठक के क्रम में जेबीकेएसएस के दस टीम की एक संयोजक मंडली का गठन किया गया। बताया गया की शीघ्र ही पंचायत कमेटी का गठन कर लिया जाएगा। मौके पर जिला कोर कमेटी के सक्रिय सदस्य पनेश्र्व कुमार महतो ने कहा की आज के समय में झारखंड का विकास टाइगर जयराम महतो के हाथो ही संभव है ।उन्होंने कहा की वर्तमान में हम पंचायत स्तर की कमेटी का गठन कर जेबीकेएसएस से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। कहा की इसके तहत सभी समुदाय के लोगों को संगठन से जोड़ा जा रहा है। वहीं, देवानंद महतो ने कहा कि रामगढ़ वासियों को अभी हक अधिकार के लिए एकजुट होना पड़ेगा। कहा की यदि लोग एकजुट नही हुए तो आगे चलकर उन्हें दिक्कत होगी। इसलिए अपने हक और अधिकार के लिए लोगों को एकजुट होना होगा। वहीं, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि अनुच्छेद 371(ए) के अनुसार नागालैंड नागाओ का होगा, (बी) असम असम वासियों का है। इसलिए झारखंड सिर्फ. झारखंड वासियों का होगा। तभी झारखंड और यहां के लोगों का समुचित विकास हो सकेगा। उन्होंने कहा की झारखंड पहले से है। झारखंड मे 1860 का कानून चलता है तो फिर 1932 कैसे संभव नही है। कहा की जेबीकेएसएस केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो के विचारों को जन जन पहुंचाने की जरूरत है । क्योंकि जयराम महतो का मुख्य उद्देश्य झारखंड का समुचित विकास करना है। बैठक में मुख्य रूप पनेश्र्व कुमार महतो, देवानंद महतो, आनंद केटिआर, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, कृष्णा कुमार, अमन कुमार महतो, मनोज चौधरी, आनंद महतो, मुकेश महतो, अंजनि देवी, धर्मेंद्र महतो, सुधीर अकेला, अनुपम देवी, रोमा निगम्, मनिशा देवी, कविता देवी, राजेंद्र कुमार, सचिन कुमार, सुरेंद्र कुमार, गोबर्धन महतो आदि मौजूद थे।

## बरही विधायक उमाशंकर यादव की पहल पर

# इलाजरत दिव्यांग के परिवार को सीएम राहत कोष से मिलेगा चार लाख रुपये



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** विधायक उमाशंकर यादव के प्रयास से कोल्हुआकला पंचायत के करगइओ निवासी प्रदीप यादव के चार वर्षीय पुत्र(प्रिंस) का इलाज हेतु मुख्यमंत्री गंभीर रोग राहत कोष से चार लाख रुपए का सहायता मिलेगा. उक्त जानकारी विधायक प्रतिनिधि (वन एवं पर्यावरण विभाग) तौकीर अंसारी ने दिया. उन्होंने बताया कि उक्त बालक आंख और कान दोनो से ग्रसित है. देखने और सुनने में परेशानी हो रही है. जिसका इलाज दिल्ली के एम्स में चल रहा है. इसमें अस्पताल प्रबंधन ने चार लाख रुपए के खर्च की संभावना बताई है. परिजनो ने इसकी जानकारी स्थानीय विधायक को दिया. विधायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री से मुख्यमंत्री गंभीर रोग राहत कोष से सहायता उपलब्ध करवाने की मांग किया. सीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अमल अनुदान की राशि स्वीकृत करते हुए अनुदान की पहली राशि पचास हजार रुपए का चेक भी निर्गत किया है. जिसे स्थानीय विधायक ने पीड़ित के घर जाकर परिजनों को सुपुर्द करते हुए बच्चे की शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिलने की कामना किया है. विधायक ने कहा कि उनका सदैव प्रयास रहा है कि सरकारी योजनाओं का लाभ उनके क्षेत्र के लोगो को मिले. इस सहायता हेतु परिजनों ने विधायक का अभार जताया है. चेक सुपुर्द करने के दौरान विधायक के साथ एमओ डॉ मुकेश कुमार सिंह, स्थानीय मुखिया मंगलदेव यादव, पूर्व मुखिया रघुवीर यादव, सकलदेव यादव, गोविंद कुमार, दिनेश राम, प्रभु यादव, बालेश्वर यादव, बालेश्वर यादव, नारायण पंडित आदि सहित कई लोग मौजूद थे.

### सड़क दुर्घटना में महिला समेत दो लोगों की मौत छह घायल

**हजारीबाग।** रांची-पटना मार्ग के चरही 14 माइल के पास सोमवार को हुई सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई. वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. सभी घायलों का इलाज हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है. घटना के बारे में बताया जा रहा है कि ऑटो और हाफ डाला ऑटो में टक्कर हो गई. मृतकों में 58 वर्षीय फुलिया देवी और 68 वर्षीय बनधारी सिंह हैं. सभी मृतक और घायल चूरचू प्रखंड के हरहद के रहने वाले हैं. सभी सोमवार को चरही बाजार में सामान बेचने के लिए जा रहे थे. 14 माइल रेलवे ब्रिज के पास डाला टेंपो आगे चल रहा ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी. सूचना के बाद चरही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया. हादसे में गंभीर रूप से घायल सैरा देवी, शुकून राम और उमेश राम समेत अन्य का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है. इधर बड़कागांव के साड़ निवासी रोशन कुमार मोटरसाइकिल में 25 बोरा कोयला लेकर शहर आ रहे थे।

## तीन दिनी बुनियादी साक्षरता सुदृढ़ीकरण प्रशिक्षण शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** निपुण भारत के तहत एफएलएन कीट की जानकारी और शिक्षण की बुनियादी गुणवता में सुधार हेतु बीआरसी बरही में अंतिम और चतुर्थ बैच का प्रशिक्षण सोमवार से प्रारंभ हुआ. यह प्रशिक्षण तीन दिवसीय गैर आवासीय है. उक्त जानकारी मास्टर ट्रेनर तुलसी कुमार दास ने दी. उन्होंने बताया कि पिछले कई दिनों से बुनियादी प्रशिक्षण चलाया जा रहा है. जिसमे प्रखंड के विभिन्न विद्यालय के हिंदी भाषी शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है. अंतिम और चौथे बैच में प्रखंड के कुल चालीस हिंदी भाषा के शिक्षक शिक्षिका प्रशिक्षण लेंगे. यह प्रशिक्षण शिक्षा विभाग और रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में बुनियादी साक्षरता सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम' के तहत दिया जा रहा है. इस कार्यक्रम से केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे निपुण भारत अभियान के लक्ष्यों को प्राप्त करने में विद्यालय स्तर पर शिक्षकों को मदद मिलेगी. उद्घाटन सत्र में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामसेवक प्रसाद दांगी, बीपीएम अरुण कुमार, लेखापाल संजय कुमार राणा आदि उपस्थित थे.

## कार्रवाई | गोला प्रखंड निरीक्षण करने पहुंची डीएसओ रंजीता टोप्पो

# शानदार मकान में रहनेवाले खा जाते हैं गरीबों का हक

### दुलमी प्रखंड में पुलिस और सरकारी नौकरी वाले भी नहीं है पीछे

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले में गरीबों का राशन संपन्न परिवार के लोग ही खा जा रहे हैं। इसका खुलासा तब हो रहा है जब अधिकारी जांच करने के लिए हर दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। हकीकत यह है कि शानदार और आलीशान मकान में रहने वाले लोग गरीबों का हक मार रहे हैं। सोमवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो जब गोला प्रखंड में निरीक्षण करने पहुंची तो वहां राशन कार्ड धारकों का मकान देखकर दंग रह गईं। दो मंजिला मकान और विशाल दरवाजे के पीछे रह रहा परिवार, किसी गरीब परिवार के राशन को अपना निवाला बन रहा है। गोला-मूरी रोड में डभातु गांव में वीना देवी और अशोक प्रसाद का नीले रंग का शानदार दो मंज़िला इमारत है। यह संपन्न परिवार राशन का उठाव कर रहा है। हेरमदगा गांव में संगीता देवी और राजेश प्रसाद का परिवार भी आलीशान मकान में रहता है। लेकिन यह भी राशन कार्ड से खाद्यान्न का उठाओ कई वर्षों से कर रहा है। राशन कार्ड बनवाकर खुद को गरीबों की सूची में शामिल करने में झारखंड पुलिस और शिक्षक भी पीछे नहीं है दुलमी प्रखंड में जब अधिकारियों ने जांच की तो पता चला कि सरकारी नौकरी होने के बावजूद सरकार से राशन का भी उठाव कर रहे हैं। चटाक गांव में उगेश्वरी कुमारी के घर में सरकारी शिक्षक हैं। जामसिंह गांव में कुमारी दीपा रानी के घर के सदस्य भी सरकारी नौकरी में है। चामरोम गांव में अशोक कुमार महतो और अलखो देवी के घर के लोग झारखंड पुलिस में पदस्थापित हैं। इसी गांव की कौशल्या देवी का पूरा परिवार संपन्न है। लेकिन यह लोग भी अपने आप को गरीब घोषित कर राशन का उठाव कर रहे हैं।

**सभी लोगों से वसूला जाएगा सूद समेत हर्जाना**

जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो ने बताया कि अयोग्य राशन कार्ड धारकों से सूद समेत हर्जाना वसूला जाएगा। उन्होंने बताया कि राशन कार्ड बनने के बाद से अब तक जितना भी खाद्यान्न का उठा हुआ है, उसके मूल्य का आंकलन कर सरकार द्वारा निर्धारित फाइन उस पर लगाया जाएगा। रेट ऑफ इंटरेस्ट के आधार पर पूरा हर्जाना वसूला जाएगा।



## पांच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित, मिला प्रमाण-पत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** बीते पांच दिन से बसरिया उर्फ पंचमाधव पंचायत में चल रहे उद्यानिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को समापन हुआ. इस अवसर पर पंचायत भवन में समापन समारोह का आयोजित कर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र उपलब्ध करवाए गए. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय प्रमुख मनोज रजक शामिल हुए. उन्होंने बताया कि उद्यानिकी के माध्यम से रोजगार वृद्धि किया जा सकता है. आज के परिवेश में उद्यान उद्योग भी खुब पल्लवित हो रहे है. उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण का भरपूर लाभ लेते हुए सकारात्मक दिशा में कार्य करने की अपील किया. अंत में कुल पचास प्रशिक्षणार्थियों को उपस्थित लोगों ने प्रमाण पत्र दिया. कार्यक्रम में जिला उद्यान पदाधिकारी अरुण कुमार , संस्था के सचिव मोती कुमार प्रसाद, कृषि वैज्ञानीक डॉ मनोज कुमार सिंह, कृषि कंसलटेंट उपासना पल, मोनू कुमार सिंह, कोऑर्डिनेटर आनंद कुशवाहा, जेसलपीएस के पदाधिकारी राजीव, संस्था के निदेशक कृति मोहन प्रजापति, सहायक निदेशक निकिता कुमारी, कृषि समन्वयक उपेंद्र पाल, स्थानीय मुखिया नीलम देवी, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, समजसेवी नागेश्वर रजक सहित सभी प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे. प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला उद्यान विभाग शंकरपुर के सहयोगी संस्था राजीव गांधी मेमोरियल ट्रस्ट हजारीबाग के सौजन्य से आयोजित की गई थी. मौके बरही प्रखंड प्रमुख श्री मनोज रजक, स्थानीय मुखिया नीलम देवी, करियतपुर पंचायत मुखिया मनोज कुमार, समाज सेवी नागेश्वर रजक, कुमारआदि लोग मौजूद रहे।

## गागर में सागर

### भाजपा प्रतिनिधियों ने चंदवारा प्रा. स्वा. केंद्र का किया औचक निरीक्षण

कोडरमा। सांसद जयंत सिन्हा के निर्देश पर चंदवारा प्रखंड के स्वास्थ्य केंद्र का भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधियों ने औचक निरीक्षण किया. सांसद प्रतिनिधि चंद्रभूषण साव ने बताया कि सांसद जयंत सिन्हा ने निर्देश पर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य केंद्र पर पहुँच कर सभी सुविधाओं का जायजा लिया. ओपीडी, पानी, बिजली, शौचालय, साफ सफाई, दवाई आदि की जांच की. इस दौरान पाया गया कि अस्पताल की बिल्डिंग की व्यवस्था सही नहीं रहने के कारण यहां पर कम मात्रा में दवा है. एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध नहीं है. पानी की समस्या है. डॉक्टर के रहने के लिए बने आवास में ठेकेदारों द्वारा मनमानी तरीके से बिल्डिंग बनाई गई जिससे पानी लगा रहता है. इसके कारण डॉक्टर आवास में नही रहते हैं.

### कोडरमा के प्रवीण कुमार ताइक्वांडो राष्ट्रीय रेफरी की उपाधि से सम्मानित

**कोडरमा।** ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित रेफरी सेमिनार का आयोजन उड़ीसा के पुरी में किया गया. जिसमें कोडरमा के प्रवीण जोशी ने भी भाग लिया. वर्ल्ड ताइक्वांडो संघ के निदेर्शानुसार यह सेमिनार आयोजित की गई थी. इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों एवं रेफरी को नए रूल से अवगत कराना था. यह सेमिनार 12 अक्टूबर से 15 अक्टूबर को पुरी में आयोजित की गई थी, जिसमें प्रवीण कुमार को राष्ट्रीय रेफरी में (क्लास वन) रेफरी की उपाधि से सम्मानित किया गया. इस रेफरी सेमिनार के मुख्य परीक्षक के रूप में इंटरनेशनल रेफरी, (क्लास -1) तिरुमल, कर्नाटक से थे.

### मुंबई मेल से गिरने से महिला गंभीर रूप से घायल

**कोडरमा।** हीरोडीह रेलवे स्टेशन में सोमवार अहले सुबह मुंबई मेल ट्रेन से गिरने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. मिली जानकारी के अनुसार जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम खेसकरी निवासी 25 वर्षीय सरवरी खातून पति समीम खातून मुंबई मेल पकड़ने के लिए हीरोडीह स्टेशन आई थी. इसी क्रम में अचानक ट्रेन खुल गई, जिससे उक्त महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई. घटना के बाद महिला को आनन-फानन में सदर अस्पताल लाया गया. जहां महिला को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है.

### दुर्गापूजा को लेकर बीडीओ ने पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

**कोडरमा।** शक्ति की उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्र कलश स्थापना के साथ शुरू हो चुका है. जयनगर प्रखंड के जयनगर, सरमाटांड़, तेतरोन, गोहाल, नावाडीह, परसाबाद, हीरोडीह, बांझेंडीह टाउनशिप, घंघरी, नईटांड़, तिलोकरी, डंडाडीह आदि जगहों पर दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया है. त्यौहार शांतिपूर्ण संपन्न हो इसको लेकर प्रखंड प्रशासन के कर्ताधर्ता सोमवार को विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया. प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार, अंचल अधिकारी ओमप्रकाश बड़ाइक, थाना प्रभारी उमानाथ सिंह ने विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये.

### कोडरमा : जन वितरण प्रणाली दुकानों का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**कोडरमा।** जयनगर प्रखंड के विभिन्न जन वितरण प्रणाली दुकानों का सोमवार को बीडीओ गौतम कुमार ने निरीक्षण किया. इस दौरान बीडीओ ने जयनगर पश्चिमी अंतर्गत कलावती महिला विकास संघ और नईतांड में शशि भूषण साव द्वारा संचालित जन वितरण प्रणाली दुकान का निरीक्षण किया. इस दौरान ग्रामीणों ने इ- पोस मशीन के सुचारू रूप से कार्य नहीं करने के कारण राशन उठाव में परेशानी की बात कही. इस पर बीडीओ गौतम कुमार ने नाराजगी जताई और जन वितरण प्रणाली के संचालक को अभिलंब 4ऋ सिम कार्ड लगाने का निर्देश दिया.

### बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष पद पर चयन में बड़ी अनियमितता : बसंत

**कोडरमा।** राज्य के विभिन्न जिलों में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष पद पर चयन की सूचना के बाद आरोपों की झड़ी लग गयी है। फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र, आवेदन किसी पद के लिए और चयन किसी और पद पर, जैसे मामले सामने आए हैं। सूचना अधिकार मंच के सचिव आरके बसंत ने सोमवार को झारखंड में रिक्त बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष, सदस्य की प्रकाशित लिस्ट पर प्रश्न खड़ा करते हुए कहा कि पूर्व से लगातार चयनकताओं द्वारा रुपया लेकर अयोग्य व्यक्तियों के चयन को जारी रखा है एवं प्रमाण देने के बाद भी अब तक कार्रवाई करने से परहेज किया गया है। इस संबंध में लगातार मेल करने के बाद भी पुनः इस बार कोडरमा सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष पद पर तीन लाख रुपए लेकर बहाली का आरोप लगाया है। इसमें साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के साथ ही फर्जी प्रमाण पत्र को नजरअंदाज किया गया। चयनकताओं पर लगातार आरोप लगाने के बाद भी नैतिक पतन की इंतहा है और ऐसे लोगों पर कार्रवाई न करते हुए उनके मनोबल को बढाया ही गया है। इसी कड़ी में सीडब्ल्यूसी रांची से निलंबित रूपा कुमारी को हजारीबाग अध्यक्ष पद पर चयन किया गया है।

## भारतमाला परियोजना के विरोध में बैठक आयोजित

# एनएच 143 में ही बने सड़क : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखण्ड के लोम्बोई बाजार टांड़ में सामूहिक ग्राम सभा पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी को आमंत्रित किया गया। यह बैठक भारत माला सड़क का विरोध के लिए बैठक आयोजित हुआ। बैठक को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि इस देश में ईसा मसीह के जन्म से पहले आदिवासी इस भारत में आए। आदिवासियों ने अपने मेहनत पर खेती योग्य भूमि को समतल बनाया।तब से लेकर आज तक हमारे पूर्वजों द्वारा बनाए गए भूमि को हड़पने का षड्यंत्र रचा जा रहा है।आपसबों को शायद जानकारी या उक्त सड़क पर चलने का सौभाग्य प्राप्त नहीं मिला होगा। किन्तु हमें उक्त सड़क पर चलने का मौका मिला है। मैं ने देखा कि उस भारत माला सड़क के दोनों किनारों पर घेरा लगा दिया जाता है, जिससे किसी प्रकार का जानवर भी उस सड़क पर न आ जाए। ये बताने का मेरा तात्पर्य यह है कि इससे हमारे लोगों को काफी नुकसान होगा। क्यों कि जिस किसान का जमीन सड़क के दूसरी ओर है वो अपने जमीन पर आ जा भी नहीं पाएंगे। इस भारत माला सड़क को लेकर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के साथ ग्राम सभा के पदाधिकारियों संग बैठकर बातें की है।साथ ही साथ मैं इस सड़क को लेकर झारखण्ड विधानसभा में आवाज उठाया। हमारा विरोध विकास के कामों से नहीं है, बल्कि गरीब किसानों का जमीन ,पर्यावरण की सुरक्षा एवं सरकार का राजस्व का बचत आदि हो।इसको लेकर है। इस नये स्थान पर सड़क नहीं बनाकर वही पुरानी सड़क 143 एनएच पर बने। बैठक की अध्यक्षता ग्राम सभा अध्यक्ष जुनास तोपनो ने किया। कार्यक्रम में शिशिर डांग, लोम्बोई पंचायत की मुखिया शिशिर लुगुन, प्रफुल्ल किड़ो, कांग्रेस के अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, मोहम्मद समी आलम, जमीर अहमद उर्फ प्रिंस जमीर हसन सुशील जड़िया,विल्सन लुगुन,प्यारा मुण्डू, सभी ग्राम सभा अध्यक्ष गण, ग्राम सभा के सचिव सहित हजारों महिला पुरुष उपस्थित थे।

### अदालत ने दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**सिमडेगा।** विशेष न्यायालय पोक्सो आशा देवी भट्ट की अदालत ने सोमवार को दुष्कर्म के आरोपी रंजू नायक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं अदालत ने आरोपी को 25 हजार रुपए जुमार्ना की भी सजा सुनाई है। वहीं जुमार्ना की राशि जमा नहीं करने पर छह माह का अतिरिक्त कारवास की सजा भी अदालत ने सुनाई है। इस मामले में बोलबा थाना में कांड संख्या 09/20 के तहत मामला दर्ज है। बताया गया कि दो जून 2020 को एक नाबालिग जंगल से लकड़ी चुनकर अपने घर लौट रही थी। इसी क्रम में आरोपी रंजू नायक ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। घटना के बाद पीड़िता ने संबंधित थाना में मामला दर्ज कराया था। दर्ज मामले के आलोक में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सोमवार को अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुनाया। अभियोजन पक्ष से प्रभारी पीपी अमित कुमार श्रीवास्तव ने दलीलें पेश की।

## दुर्गापूजा को लेकर कोलेबिरा बीडीओ ने किया क्षेत्र भ्रमण



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** बीडीओ कोलेबिरा ने दुर्गा पूजा को लेकर प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण किया उन्होंने लचरागढ़ के नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति और शक्ति सिंह दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का निरीक्षण किया। पूजा पंडालो में सुरक्षा व्यवस्था,श्रद्धालुओं को मिलने वाली सुविधा,फायर सेफ्टी एवं अन्य बिंदु पर समिति के लोगों के साथ बातचीत करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।साथ ही विसर्जन तालाब, दुर्गा पूजा के दरमियान होने वाले जागरण प्रोग्राम और सांस्कृतिक कार्यक्रम के बारे में जानकारी लिया।मौके पर पूजा के दौरान विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था पर किसी प्रकार की कमी न होने की बात कही।साथ ही पूजा समितियों को स्थानीय लोगों को मिलजुल कर आपसी भाईचारे के साथ दुर्गा पूजा मनाने को लेकर अपील की ।इस मौके पर नव युवक संघ दुर्गा पूजा समिति के उपाध्यक्ष नीतीश गोयल, प्रभात सेठिया,टोनी अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, विनय अग्रवाल, दुर्योधन सोनी और शक्ति सिंह दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष आशीष साहू और चीकू, प्रवीण साहू,अमित पंडा, सुरेश द्विवेदी, अनुज साहू उत्तम साहू, मोतीलाल पंडा और समिति के सदस्य गण मौजूद रहे।

### छात्रवृत्ति नहीं मिलने पर छात्र संघ एनएसयूआई ने डीसी को ज्ञापन सौंपा

**सिमडेगा।** कांग्रेस छात्र संघ एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष सरताज खान, के नेतृत्व में स्कॉलरशिप के मुद्दे पर छात्र संघ ने जिला के उपायुक्त कार्यालय में सौपा ज्ञापन ।इस विषय में एनएसयूआई छात्र संघ के सदस्यों को महाविद्यालयो के छात्रों ने बताया कि कुछ महीने पूर्व झारखंड सरकार ने छात्रों से स्कॉलरशिप के लिए ऑनलाइन आवेदन भराया गया था। लेकिन इस स्कॉलरशिप की राशि अभी तक छात्रों को प्राप्त नहीं हुई है। वहीं दूसरी ओर एडमिशन भी शुरू हो चुकी है।राशि ना मिलने के कारण कई छात्र अभी तक अगले सेमेस्टर में अपना एडमिशन नहीं करा पाए हैं। एनएसयूआई ने उपायुक्त कार्यालय में इस वस्तुस्थिति से अवगत कराया और जल्द से जल्द छात्रों तक स्कॉलरशिप की उक्त राशि पहुंचाने का निवेदन किया। इस विषय को ध्यान पूर्वक सुनने के बाद उपायुक्त कार्यालय के अधिकारियों ने उपयुक्त अजय कुमार सिंह तक यह विषय उन तक पहुंचाने एव जल्द से जल्द इस मुद्दे पर ठोस कदम उठाने और काम की गति बढ़ाने का छात्र संघ को आश्वासन दिया।

## महारानी दुर्गावती खेल मैदान रंगुडेरा में हॉकी प्रतियोगिता



**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहे रुंघुडेरा गांव में महारानी दुर्गावती खेल मैदान में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल में करँगागुड़ी बनाम हेठमा के बीच टूनामेंट का आयोजन हुआ शानदार पारी खेलते हुए करूंगागुड़ी की टीम ने 2-0 से जीत दर्ज की। खेल की शुरूआत मुख्य अतिथि पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का ,जिलाध्यक्ष मतीयस बागे, बिरसा मांझी के द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त करते हुए की। वही विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा यह क्षेत्र घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहा है। जहां पर एक जमाना था ।कि नक्सलियों की तूती बोलती थी लेकिन अबखेल और खिलाड़ियों के माध्यम से इस क्षेत्र में कई खिलाड़ी बाहर निकाल कर देश-विदेश में जाकर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। झारखंड पार्टी हमेशा से प्रयास कर रही है की खिलाड़ियों को आगे बढ़े और इसीलिए सुदूरवर्ती क्षेत्र में आकर खिलाड़ियों को हौसला बढ़ा रही है । मौके पर कमलेश्वर माझी ,मनोज प्रधान ,रघुनाथ मांझी, अनुज बेसरा, खेल समिति के अध्यक्ष बालेश्वर माझी, सचिव आसमान माझी, कोषाध्यक्ष मुकेश माझी ,संरक्षक नरेंद्र कुमार मांझी सहित कई लोग मौजूद रहे।

### घासी समाज के जिलाध्यक्ष बने तिलका रमण

**सिमडेगा।** सिमडेगा केलाघाघ में घासी समाज की जिलास्तरीय बैठक जिला उपाध्यक्ष विमल नायक की अध्यक्षता में हुई। बैठक कमिटी को भंग कर नए कमिटी के गठन किया गया। सर्व सहमति से तिलका रमण को जिलाध्यक्ष, जिलाउपाध्यक्ष, राम नायक, विकास नायक, सचिव विराज नायक, उपसचिव कस्तू नायक कस्तू नायक ,उपसचिव मनोज नायक, कोषाध्यक्ष राजेश नायक उप कोषाध्यक्ष संजय राम, मीडिया प्रभारी अरुण राम, रोनित नायक को बनाया गया। नए जिलाध्यक्ष ने कहा कि जल्द से जल्द प्रखंड कमिटी बिस्तार के साथ महिला कमिटी का बिस्तार किया जाएगा और समाज को बुनियादी सुविधा दिलाने के लिए हर अस्तर से काम किया जाएगा। बैठक यह भी निर्णय लिया गया जिसका का कायार्काल 3 वर्षों के निर्धारित किया गया। बैठक मे मुख्य रूप से लालधन नायक काशीलाल नायक, सुधु नायक, रितु नायक, विष्णु नायक उमेश नायक रूपदेव नायक आदि उपस्थित थे।

### पिथरा पंचायत में मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

**सिमडेगा।** सिमडेगा प्रखंड के पिथरा पंचायत में मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया अनिल उरांव ने किया। इस बैठक में जन भावना फाउंडेशन के पंचायत हेड सुषमा देवी ने उपस्थित होकर जन भावना फाउंडेशन के योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि अभी तक पिथरा पंचायत में कुल हेल्थ केयर कार्ड 75 एवं बालिका समृद्धि योजना के 118 कार्ड बनाया गया है। और कार्ड बनाने का कार्य लगातार जारी है। सभी लोगों से मेरा आग्रह है कि आप लोग अपने अपने गाँव में सभी लोगों को कार्ड बनवाने के लिए प्रोत्साहित करें ताकि हमारे संस्था के बाकी योजनाओं को धरातल पर लाया जा सके। जिससे कि हर हाथ हुनर,जन जन को रोजगार मुहैया कराया जा सके। साथ ही साथ सभी विभागों के प्रतिनिधि ने भी अपने अपने कार्यों के बारे में बताए और सभी योजनाओं के कार्यों को रजिस्टर में दर्ज किया गया।

## रौतिया समाज प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद का प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड राज्य के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर रौतिया जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने सहित कल्याण विभाग से मिलने वाली चार सुविधाओं को पुनः लागू करने की मांग किया।प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह ने राज्यपाल से मिलकर रौतिया जाति को मिलने वाले चार सुविधा शिक्षा, स्वास्थ्य, कानूनी व कल्याण विभाग से मिलने वाली सुविधा को लागु करने की मांग कियामउन्होंने रौतिया जाति के जमीन को सीएनटी एक्ट में शामिल करवाने की भी मांग किया।रौतिया जाति के साथ घटित घटनाओं को जानकारी देते हुए जांच करते हुए कार्रवाई करने की मांग की। इस पर राज्यपाल ने कहा कि जल्द से जल्द सभी विषयों पर सकारात्मक कदम उठाया जाएगा।इस अवसर पर अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह, गुमला जिला अध्यक्ष जागेश्वर सिंह, प्रदेश समिति के रमेश सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी धर्मवीर सिंह के अलावा अन्य लोग शामिल थे।

### दुर्गा पूजा के को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन

**रामगढ़।** आगामी दुर्गा पूजा के शांतिपूर्ण व सफल आयोजन के मद्देनजर सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन की अध्यक्षता में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकरियों अंचल अधिकारियों व थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से उनके उनके क्षेत्र में स्थित दुर्गा पूजा पंडालों, विसर्जन हेतु निर्धारित मार्गो, रावण दहन कार्यक्रम हेतु स्थल का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी पूजा समितियों के अध्यक्ष व वॉलिंटियर्स का नंबर संलग्न करते हुए प्रतिवेदन जल्द से जल्द अनुमंडल कार्यालय रामगढ़ को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी पूजा समितियों के साथ-साथ अन्य लोगों को दुर्गा पूजा पर्व के दौरान निर्धारित नियमों की जानकारी देने आदि के प्रति जानकारी देने का निर्देश दिया।

### जलडेगा सीओ डॉ खगेन महतो के तबादले से भावुक हुए लोग, कहा- अधिकारी हो तो ऐसा



**जलडेगा।** सीओ डॉ खगेन महतो का लोगों से जुड़ने का अपना एक अलग ही तरीका है। वो हर गांव के लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करते थे। प्राकृतिक आपदा से जुड़ा मामला हो, या सर्प दंश अथवा सड़क दुर्घटना में किसी की जान गई हो उन्हे सूचना मिलते ही वो पीड़ित परिवारों से मिलकर उन्हें हर संभव मदद करते थे। उनके कार्यालय से कोई भी फरियादी निराश होकर वापस नहीं लौटा है। अपने इस अनोखे तरीके के कारण वो पूरे जलडेगा प्रखंड के लोगों के बीच काफी फेमस थे। हर जिले में कई प्रखंड होते हैं और हर प्रखंड में कोई ना कोई सीओ रहता ही है। कुछ-कुछ समय पर इन अधिकारियों का तबादला होता रहता है मगर इससे लोगों को कुछ खास फर्क नहीं पड़ता है। मगर जलडेगा के सीओ डॉ खगेन महतो के साथ ऐसा नहीं है। उनके तबादले की खबर सुनने के बाद पूरे प्रखंड के लोग काफी भावुक हो गए हैं।शनिवार को जलडेगा सीओ डॉ खगेन महतो के तबादले की खबर सुनने के बाद कई लोग उनसे मिलने पहुंच गए। भव्य विदाई मिलने के बाद सीओ डॉ खगेन महतो भी भावुक हो गए। सीओ ने कहा कि सरकारी नौकरी में आना-जाना तो चलता ही रहता है परंतु जलडेगा ने जितना प्रेम मुझे दिया है उसको मैं जीवन पर्यंत नहीं भूल पाऊंगा। जलडेगा जैसे लोग मुझे और कहां मिलेंगे। उन्होंने प्रखंड वासियों को हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त किया। बता दें कि सीओ डॉ खगेन महतो का गोड्डा जिले के मेहरमा प्रखंड में तबादला हुआ है जिसके बाद प्रखंड के हरेक लोगों के जुबान पर सिर्फ एक ही शब्द सुनने को मिल रहा है कि अधिकारी हो तो ऐसा।

### सीबीएसई कलस्टर फुटबॉल टूर्नामेंट आज से

**हजारीबाग।** हजारीबाग संत जेवियर्स स्कूल की टीम फुटबॉल खिलाड़ियों और राष्ट्रीय स्तर रेफरी से गुलजार होने लगा. सोमवार की अपराह्न ढाई बजे तक बिहार के पटना, नालंदा, आरा के अलावा झारखंड से करीब 19 टीमों का आगमन हो चुका था. जेवियर के प्राचार्य फादर रोशनर खलखो एस. जे. ने बताया कि शेष टीमें रात में पहुंच जाएंगी. मंगलवार की सुबह नौ बजे से सीबीएसई कलस्टर-3 नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन की तैयारी पूरी कर ली गई है. बतौर मुख्य अतिथि डीसी नैंसी सहाय टूनार्मेंट का शुभारंभ करेंगी. 20 अक्तूबर तक चलनेवाले टूर्नामेंट में 46 टीमें भाग ले रही हैं. प्राचार्य की देखरेख में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारी अपनी-अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभा रहे हैं.

**दी जानकारी** — राधा गोविंद विश्वविद्यालय में मना फार्मेसी सप्ताह

# फार्मासिस्ट स्वास्थ्य समाज की रीढ़ : कुलाधिपति




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय फामेर्सी विभाग में फामेर्सी सप्ताह मनाया गया। जिसमें उन्होंने सेमिनार, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, खेल प्रतियोगिता, रैली आदि जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष विभाग द्वारा दो विषयो पर फामाकोविजिलेंस और अंगदान महादान विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी बी.फार्मा और डी.फार्मा छात्रों ने पूरे आनंद के साथ भाग लिया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह. ने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य समाज की रीढ़ है, उन्हें समाज के लिए अच्छा करना चाहिए एवं उन्हें सभी प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियाओं के बारे में जानकारी होनी चाहिए। इस अवसर पर राधा गोविन्द शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट की सचिव प्रियंका कुमारी ने अंगदान महादान के बारे में बताया। कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने अंगदान और उसके महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि कोई भी दवा डॉक्टर की सलाह से ही लें। सहायक प्रोफेसर अनिल प्रकाश ने वर्तमान अच्छा निर्माण अभ्यास विषय पर सेमिनार दिया और फार्मास्युटिकल कंपनी के बारे में जानकारी दी। असिस्टेंट प्रोफेसर महेश दीप सर ने फामाकोविजिलेंस पर सेमिनार भी दिया और कई छात्रों ने इस विषय पर भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें सोनम रानी ने पहला स्थान हासिल किया। पोस्टर प्रतियोगिता में राजदीप दास डी.फार्मा प्रथम वर्ष के छात्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विभाग ने रामगढ़ के आसपास के गाँवों में अंगदान महादान के प्रति जागरूकता पर रैली का आयोजन किया और समाज और जनता को जागरूक किया। विभागाध्यक्ष एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मुकेश गुप्ता ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। उन्होंने बताया कि हम बहुत भाग्यशाली हैं कि हम स्वास्थ्य पेशे में हैं जो सीधे तौर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ा है और हमारे पास अपने ज्ञान और विभिन्न कार्यक्रमों से समाज की मदद करने का एक अच्छा अवसर है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उन्होंने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया।

### जनता दरबार का किया आयोजन



**सिमडेगा।** अपर समाहर्ता सिमडेगा अमरेंद्र कुमार सिन्हा जनता दरबार के माध्यम से आम-जन की समस्याओं से रूबरू हुए। जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए।इस दौरान लोगों के द्वारा पेंशन का लाभ दिलाने, बिजली बिल, जमीन रजिस्ट्री, जलमीनार, आंगनबाड़ी सेविका चयन, पिता से भरण-पोषण का खर्च दिलाने, के.सी.सी. ऋण का लाभ मुहैया करने एवं अन्य विषय से संबंधित मामलों का आवेदन दिया गया। अपर समाहर्ता महोदय ने प्राप्त सभी मामलों को प्राथमिकता के तहत संबंधित विभागों को ससमय यथोचित कार्रवाई सुनिश्चित कर उसका निराकरण करने का निर्देश दिया।मौके पर समाज कल्याण पदाधिकारी सिमडेगा राजेन्द्र प्रसाद सिंह उपस्थित थे।

### सचेतक की जिम्मेदारी को बेहतर ढंग से निभाएंगे : मांडू विधायक

**हजारीबाग।** मांडू विधायक जयप्रकाश भाई को पार्टी की ओर से सचेतक के रूप में नई जिम्मेवारी मिलने के बाद सोमवार को उनके आवास पर शुभकामनाएं देने वालों की भीड़ लगी रही. इस दौरान विधायक ने क्षेत्र के लोगों एवं अन्य भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ समस्याओं एवं संगठन की मजबूती पर चर्चा करते रहे. जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि संगठन ने नई जिम्मेदारी सौंपी है, निश्चित ही कुछ बेहतर कार्य करने की कोशिश करेंगे. उन्होंने यह भी कहा कि चाहे जो भी जिम्मेदारी दी जाए।

## गागर में सागर

### आमसभा में वन समिति का किया गठन

**केतार।** बीडीओ के निर्देश पर वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत ग्राम स्तर पर वन समिति के गठन के लिए सोमवार को मुकुंदपुर पंचायत के मुकुंदपुर, सिंहपुर, ताली, बक्सीपुर और बेलाबार गांव में आमसभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा नोडल पदाधिकारी मुखिया मुंगा साह, रोजगार सेवक धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा और कनीय अभियंता आनंद कुमार की उपस्थिति में हुई। ताली गांव में वन समिति के लिए सुदीप कुमार गुप्ता को अध्यक्ष, राम केवल गुप्ता को सचिव, कंचन देवी को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं सिंहपुर गांव में अशोक राम को अध्यक्ष, शिववरण साह को सचिव, रिंकी देवी को कोषाध्यक्ष, बेलाबार गांव में जमीला बीबी को अध्यक्ष, शमीम अंसारी को सचिव, अवधेश सिंह को कोषाध्यक्ष, बक्सीपुर गांव में शांतुन साह को अध्यक्ष, मीना देवी को सचिव, सुरेश साह को कोषाध्यक्ष, जबकि मुकुंदपुर गांव में सुदामा सिंह को अध्यक्ष, विष्णुदेव सिंह को सचिव और अंगद कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

### मुकुंदपुर : महाभारत प्रसारण का उद्घाटन

**केतार।** प्रखंड के मुकुंदपुर गांव में दुर्गा पूजा के अवसर पर नवरात्रि के प्रथम दिन रविवार की रात्रि में मुखिया मुंगा साह ने धारावाहिक सीरियल महाभारत के प्रसारण का शुभारंभ किया। सीरियल का प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से किया जा रहा है। इस मौके पर वार्ड सदस्य धर्मेन्द्र सिंह, राजा प्रसाद, सुग्रीव साह, संतोष प्रसाद, अरबिंद वर्मा, हिरामण साह, विरेंद्र लाल, ओमनरायण गुप्ता, इंद्रदेव गुप्ता, विकेश प्रसाद, सुधीर ठाकुर, दिल किशोर प्रसाद, विष्णु प्रसाद आदि मौजूद थे।

### जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**भवनाथपुर।** गढ़वा पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय के निर्देश पर भवनाथपुर थाना परिसर में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता व प्रशासन के बीच की खाई को मिटाते हैं। इस दौरान उन्होंने जनप्रतिनिधियों से नवरात्र पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपर्क करने के लिए सहयोग की अपील की। साथ ही उन्होंने जनप्रतिनिधियों के साथ विचार व सुझाव भी साझा किये। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, भवनाथपुर मुखिया बेबी देवी, चपरी मुखिया शैलेश चौबे, सिंदुरिया मुखिया नंदलाल पाठक, पंडरिया पंचायत मुखिया पति अनिल चौबे, सोना किशोर यादव, धनंजय साह, तासबीन अंसारी आदि उपस्थित थे।

### बालू लदा ट्रैक्टर पुलिस ने किया जब्त

**श्री बंशीधर नगर।** पुलिस ने अवैध उत्खनन के विरुद्ध छापेमारी कर रविवार की रात्रि में बारोडीह गांव के समीप से अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। उक्त ट्रैक्टर धुरकी थाना क्षेत्र से अवैध बालू लेकर बंशीधर नगर जा रहा था। इस संबंध में थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि बालू लदा ट्रैक्टर जब्त कर थाने में रखा गया है। आगे की कारवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों धुरकी, सगमा और बंशीधर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों की नदियों से बड़े पैमाने पर अवैध बालू का उत्खनन कर बंशीधर नगर के बाजारों में ऊंची कीमतों पर बेचा जा रहा है। सरकार को प्रतिदिन हजारों रुपये के राजस्व का नुकसान बालू माफियाओं द्वारा पहुंचाया जा रहा है। हालांकि पुलिस की इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मचा है।

### छापेमारी कर शराब को किया गया नष्ट

**भवनाथपुर।** दशहरा पर्व शांति पूर्ण मनाने को लेकर भवनाथपुर पुलिस ने तीसरे दिन थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के बनसानी पंचायत के कच्छरवा टोला, जिरहुल्ला एवं झगड़ाखांड में गुप्त सूचना पर छापेमारी कर लगभग 70 किलो महुआ जावा व शराब बनाने के उपकर को नष्ट किया। वहीं शराब चुलाने वाले लोगों को कड़ी चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके बाद कार्रवाई करते जावा महुआ को नष्ट किया है। कहा कि महुआ शराब बनाने के कारोबार में जो लगे हुए हैं वह अपना कारोबार बंद कर दें अन्यथा पुलिस को सूचना मिलने पर कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा। छापामारी में एएसआई विजय सिंह एवं पुलिस जवान थे।

### मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम आयोजित



**केतार।** प्रखंड मुख्यालय स्थित लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में सोमवार को नेहरू युवा केंद्र गढ़वा द्वारा प्रखंड स्तरीय मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक दिलेश गुप्ता, शिक्षक दिलीप गुप्ता और अनील कुमार, सोनू सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इससे पूर्व मिट्टी संग्रह कलश को लेकर प्रभातफेरी निकाली गई। विद्यालय द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। मौके पर नेहरू युवा केंद्र के केतार प्रखंड के राष्ट्रीय स्वयंसेवक रंजना सिंह, प्रखंड स्वयंसेवक दिलीप पासवान, प्रियरंजना कुमारी, बबिता कुमारी, शिक्षक सोनू सिंह, गौतम पाल, राहुल कुमार, प्रतिमा कच्छप, जिकेश कुमार आदि मौजूद थे।

# श्री बंशीधर नगर : नगर पंचायत ने अतिक्रमण के विरुद्ध चलाया अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी ने थाना के समीप से बीएसएनएल ऑफिस तक एनएच 75 के दोनों ओर अस्थायी अतिक्रमण करने वाले लोगों के विरुद्ध अभियान चलाया। नप के अधिकारी ने सब्जी बाजार में अतिक्रमण को खाली कराया। नगर पंचायत की कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। कार्यपालक पदाधिकारी ने जेसीबी चलवा कर अतिक्रमण साफ कराया। उन्होंने सड़क पर गिटी, बालू रखने वाले आधा दर्जन लोगों पर जुर्माना लगाया। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा व होने वाले महायज्ञ को लेकर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान



लगातार जारी रहेगा। अतिक्रमण हटाया जाएगा तथा इसके बाद वैसे लोगों को चिन्हित कर प्राथमिकी भी दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध नापी कराकर विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान में पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, नप के नगर प्रबंधक रवि कुमार, प्राणय मंडीलवार, अंचल अमीन योगेंद्र कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक चंद्रदेव राम, शशिकांत शुक्ला आदि उपस्थित थे।

## सड़क अतिक्रमण के विरुद्ध चला मापी अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

प्रखंड से होकर गुजरी एनएच- 75 और विभिन चौक चौराहों से अतिक्रमण हटाने को लेकर सोमवार को सड़क मापी अभियान चलाया गया। अंचल निरीक्षक राजकुमार सिंह के नेतृत्व में गुलरही बांध से लेकर शहीद भगत सिंह चौक तक मापी करते हुए अतिक्रमण हटाने को लेकर मार्किंग की गई। लोगों को अस्थायी कब्जा हटाने का निर्देश दिया गया। साथ ही मुख्य पथ के चौक चौराहों पर दोपहिया और चार पहिया वाहन पार्किंग कर यातायात को अवरुद्ध करने वाले चालकों और मालिकों पर भी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। मुख्यपथ पर हमेशा लगने वाले



जाम से लोगों को निजात दिलाने के लिए प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसके पहले कई यातायात अवरुद्ध करने वाले वाहनों के चालकों और मालिकों को चेतावनी भी दी गई है। मापी अभियान में हल्का कर्मचारी दिवाकर सिंह, अंचल अमीन कुंदन कुमार ठाकुर आदि मौजूद थे।

### चिनिया में बाल विवाह मुक्त भारत संकल्प को लेकर कार्यक्रम का आयोजन

# माता-पिता रोकें बाल विवाह : आईजी

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

बाल विवाह मुक्त भारत संकल्प को लेकर चिनिया के चिरका आईटीआई कॉलेज के मैदान में प्रेरणा संस्था की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका नेतृत्व बाल श्रमिक आयोग के पूर्व अध्यक्ष शांति किंडो सह वर्तमान में प्रेरणा के डायरेक्टर ने कियाा। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पलामू के आईजी राजकुमार लकड़ा और गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडे मौजूद रहे।

आईजी ने कहा कि बाल विवाह मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने के लिए पुलिस हमेशा सक्रिय रही है। सुदूरवर्ती क्षेत्र में कार्यक्रम हो रहा है, परंतु इसका दूरगामी असर पड़ेगा। माता-पिता बाल विवाह को रोकें। वहीं सेवानिवृत्त जज सह लोक अदालत के अध्यक्ष कमल नयन पांडे ने कहा कि पूर्व में प्रभावशाली आततायियों से बचने के लिए लोग बाल विवाह करते थे, परंतु कालांतर में इसे चलन में ले लाया गया, जिसे अब समाप्त करने की जरूरत है। बाल विवाह से बच्चे का भविष्य बर्बाद हो जाता है। वहीं मृत्यु दर बढ़ जाती है। प्रेरणा संस्था के निदेशक ने बाल विवाह को रोकने के लिए संस्था द्वारा विभिन्न तरह के कार्यक्रमों को चलाए जाने की जानकारी दी। वहीं कहा कि किसी क्षेत्र में बच्चों पर अपराध या बाल विवाह हो रहा है तो क्षेत्र के मुखिया, पुलिस, वार्ड सदस्य तथा संस्था को सूचित करें, जिसे रोका जा सके। मौके पर डीएसपी संतोष कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीवी मंडल, इंस्पेक्टर रामजी महतो, थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार, संस्था की कंचन के तिग्गा, कृष्णा मेहता आदि मौजूद थे।




### बाल-विवाह कुप्रथा के विरुद्ध निकाली जागरूकता रैली

**रमना।** राज्यकीय मध्य विद्यालय सिलिदाग 2 से मुखिया अनीता देवी ने समाज में प्रचलित बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरूकता रैली निकाली। इसमें पंचायत सचिव सुरेंद्र सिंह, वार्ड सदस्य प्रदीप कुमार, मध्य विद्यालय के शिक्षक रविंद्र पाल, सहायक अध्यापक सुरेंद्र राम, आशुतोष सिंह आदि सम्मलित हुए। बताया गया कि बाल विवाह एक रुढ़िवादी प्रथा है। यह बच्चों के मानवाधिकारों को खत्म कर देता है, जिससे उनका बचपन छीन कर उन्हें ऐसे बंधन में बांध दिया जाता है, जिसके बारे में उन्हें बिलकुल भी ज्ञान नहीं होता है। उन्हें यह भी पता नहीं होता है कि उनके साथ क्या हो रहा है। इस प्रथा का शिकार



अधिकतर कम उम्र की लड़कियां होती हैं, क्योंकि इसमें न सिर्फ कम उम्र की लड़की का विवाह कम उम्र के लड़के से कराया जाता है, बल्कि कम उम्र की लड़की का विवाह उनसे बहुत अधिक उम्र के लड़के से भी करा दिया जाता है। इससे उनके जीवन पर शारीरिक एवं मानसिक रूप से गंभीर दुष्प्रभाव पड़ता है।

### बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप : प्रधानाध्यापक

**खरौंधी।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां के बच्चों ने समाज में प्रचलित बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरूकता रैली निकाली। प्रधानाध्यापक कामेश्वर सिंह ने बताया कि ग्रामीण परिवेश में अशिक्षा ज्यादा है। लोग अपनी बच्चियों की शादी कम उम्र में कर देते हैं, जिससे बच्चियों को बहुत ज्यादा परेशानी होती है। बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप है। यह कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। बाल विवाह से मातृ मृत्यु दर अधिक होती है। समय पूर्व विवाह होने से शारीरिक एवं मानसिक तनाव उत्पन्न होता है। उन्होंने लोगों से अपने बच्चों को शिक्षित करने एवं समय पूर्व विवाह नहीं करने की अपील की।



शिक्षक अरविंद गुप्ता ने बाल विवाह से होने वाले नुकसान की स्कूली बच्चों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मौके पर शिक्षक राजीव कुमार,अरविंद कुमार गुप्ता, इंद्रमण यादव, राजेंद्र सिंह, मुनेश्वर राम, अरविंद राम, मंजूषा गुप्ता आंगनबाड़ी सेविका अजंता गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## निजी स्कूल में शिक्षक ने बच्चों को मारा, बदले में परिजनों ने कर दी शिक्षक की पिटाई

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के अशोक विहार स्थित एक निजी विद्यालय में एक शिक्षक ने बच्चों को पीटकर घायल कर दिया। इसके बाद आक्रोशित परिजनों ने स्कूल पहुंच कर संबंधित शिक्षक की जमकर पिटाई कर दी। घटना सोमवार की है।

जानकारी के अनुसार निजी विद्यालय के शिक्षक पंकज कुमार प्रजापति दसवीं कक्षा में बच्चों को पढ़ा रहे थे। इस दौरान महापुरुषों के बारे में बच्चों से जानकारी ले रहे थे। इसी बीच छात्र आकाश कुमार ने महापुरुषों के बारे में शरारत करने लगा। शिक्षक शरारत करने पर बच्चों को डांटा। उसके बाद भी वह नहीं माना। इसके बाद बच्चों की पिटाई कर दी। उक्त बच्चे ने मामले की जानकारी अपने परिजन को दी। इसके बाद परिजनों ने विद्यालय पहुंचकर शिक्षक के साथ जमकर मारपीट की। छात्र को सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहा उसका इलाज चल रहा है। वहीं दूसरी ओर इस मामले को लेकर क्षेत्र में लोगों के बीच चर्चा होती रही।

## दुर्गा पूजा पंडालों में वाहन एक्ट बोर्ड लगवाएं : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन, कारा सुरक्षा, उग्रवादी हिंसा, जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स, मेगा प्रोजेक्ट, भू अर्जन समेत अन्य से संबंधित मामलों की गहन समीक्षा की गई। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स की बैठक में पूर्व की बैठक में दिए गये निर्देश के अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए सभी परियोजनाओं में चलने वाले वाहनों में स्पीड नियंत्रण को लेकर स्पीड ब्रेकर लगाने का निर्देश दिया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि पूजा पंडालों में वाहन एक्ट बोर्ड जागरूकता हेतु लगायें। उपायुक्त ने दुर्घटनाओं की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि होनेवाली सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने हेतु लोगों को जागरूक करें जिससे कि दुर्घटना न हो। किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर घायल व्यक्ति को अविलंब सहायता देने हेतु प्राथमिकता के आधार पर सभी अंचल अधिकारी, बीडीओ, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी का नाम,




मो. संख्या की सूचना से संबंधित प्रचार-प्रसार कराने को लेकर निर्देशित किया गया। त्योहारों को देखते हुए उपायुक्त ने जर्जर सड़कों की मरम्मती कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा समीप बनकर तैयार वेंडिंग जोन में दुकानदारों को सिफ्ट मामले की समीक्षा के क्रम में नगर परिषद द्वारा बताया गया कि अभी तक कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसपर कार्रवाई की जा रही है। कारा सुरक्षा की समीक्षा के क्रम में जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से जेल परिसर में लगे पेड़ की टहनियां जो जेल के दिवारों से सटे है उन्हें हटाया जाना आवश्यक है। इस संदर्भ में उपायुक्त ने वन पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं बैठक में कैदियों के लिए अलग से इलाज हेतु सदर अस्पताल में वार्ड उपलब्ध कराने पर विमर्श किया गया। मेगा प्रोजेक्ट के प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा जिले में चल रहे मेगा प्रोजेक्ट को लेकर अद्यतन प्रगति की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं से भी अवगत कराया गया। संबंधित अधिकारियों को जल्द उन मामलों का निपटारा करने का निर्देश दिया। जिससे रैयतों को ससमय भुगतान हो सके एवं जिले में सभी प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। भारत माला प्रोजेक्ट की समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि इसमें लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित अंचल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि एफआरए/ एलपीसी/ जीम लैंड का कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाय। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल, एसडीओ चतरा मुमताज अंसारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, एसडीपीओ चतरा अविनाश कुमार, एसडीपीओ सिमरिया अशोक प्रियदर्शी, डीएसपी मुख्यालय केदारनाथ राम, जिला परिवहन पदाधिकारी इंदर कुमार, संबंधित अंचल अधिकारी, संबंधित परियोजनाओं के प्रबंधक/प्रतिनिधि समेत अन्य विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## नायक समाज की बैठक में लिये गये कई निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

प्रखंड मुख्यालय स्थित झारीवा टोला में अबिन्द नायक की अध्यक्षता में नायक समाज की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से समाज के उत्थान के लिए विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

मौके पर नायक समाज के जिला उपाध्यक्ष रामप्रवेश नायक ने कहा कि नायक समाज अन्य समाज से शैक्षणिक, सांगठनिक, आर्थिक एवं राजनीति में काफी पिछड़ा हुआ है और तो और हमारे समाज में शराब घर बन चुका है जिससे युवा साथियों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इस कारण हमारा समाज विकास नहीं कर पा रहा है। कहा कि अगर हमारे समाज को उत्थान करना है तो सबसे पहले शराब छोड़ हमें शिक्षा एवं संगठन की ओर अग्रषित होना होगा। हमें अपने हक, अधिकार के लिए आगे आना होगा। मौके पर दिपक नायक, करण नायक, जितेंद्र नायक, सुनिल नायक, विजय नायक, सुभम नायक, मन्टु नायक, बॉवी नायक, अरविन्द नायक आदि मौजूद थे।

## धर्म-कर्म

### श्रीराम का चरित्र सदा के लिये प्रेरणास्त्रोत रहेगा : संजय सोनी

# कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा की शुरुआत

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

शहर से सटे गायत्री शक्तिपीठ कल्याणपुर में नवरात्रि के अवसर पर श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। रविवार की शाम में श्रीराम कथा की शुरूआत गायत्री परिवार के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी संजय सोनी, व्यवस्था समिति के अध्यक्ष सरयू चंद्रवंशी एवं शोभा सोनी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में आयोजक ओम समिति के सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया।

संजय सोनी ने श्रीराम कथा के आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि श्रीराम आज के



समय में भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, जितना प्राचीन काल में थे। वे सदा के लिये प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। इसके पूर्व शक्तिपीठ परिसर से ओम समिति के सदस्यों द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। इसकी शुरुआत पंचायत के मुखिया अशोक कुमार, सरयू चंद्रवंशी एवं भाजपा नेता विनय चंद्रवंशी ने बालिकाओं को मुख्य कलश प्रदान कर किया। कलश यात्रा में जयघोष के साथ निकाली गयी कलश यात्रा कल्याणपुर स्थित दानरो एवं घीवा नदी के संगम पर पहुंचकर मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरा, जिसे शक्तिपीठ परिसर में लाकर स्थापित किया। मुख्य यजमान के रूप में अनिल विश्वकर्मा और उनकी पत्नी उर्मिला देवी ने पूजन किया। कलश यात्रा को सफल बनाने में गायत्री परिवार के प्रखंड समन्वयक अखिलेश कुशवाहा, प्रभुदयाल प्रजापति, अशोक विश्वकर्मा, मिथिलेश कुशवाहा, ओम समिति के अध्यक्ष चंद्रमणि कुमार, सचिव संदीप कुमार, पप्पू कुमार, वार्ड पार्षद अजीत शर्मा, गौतम विश्वकर्मा ने योगदान दिया।

## समारोह में बीडीओ व प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी सह जनसेवक को दी गई विदाई

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

नगर उंटारी बीडीओ श्रवण राम व प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी सह जनसेवक उत्तम रंजन के तबादला होने पर प्रखंड कार्यालय के सभागार सोमवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने उक्त दोनों के कार्यकाल की प्रशंसा की। जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों ने माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया। बीडीओ श्रवण राम ने कहा कि नगर उंटारी के सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व ग्रामीणों का सहयोग एवं प्यार हमेशा यादगार बना रहेगा। वहीं समारोह को



संबोधित करते हुए बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे ने बीडीओ श्रवण राम के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि यहां के लोग उन्हें हमेशा याद रखेंगे। मौके पर जिपस बाला रानी, बीपीओ राजदीप कुमार, प्रधान लिपिक अनिल सिंह, जिपस पति प्रमोद कुमार, कनीय अभियंता रणधीर कुमार, जितेंद्र कुमार, अशोक कुमार, नागेंद्र प्रसाद, प्रशांत कुमार, स्नेहा सिंह, उत्तम रंजन, वेंडर मिठू जायसवाल, पिंटू सिंह, पंचायत सचिव वीरेंद्र सिंह, विकास जायसवाल, पूर्व मुखिया राकेश चौबे, उषा देवी, कुमारी रेखा, अनुराग सोनी, भगवान राम, विवेक कुमार, वीरेंद्र प्रसाद, राजकुमार, मंजूर अंसारी, कंप्यूटर ऑपरेटर रोहित कुमार, विक्रम कुमार, साधना कुमारी आदि उपस्थित थे।

**किसी का कष्ट देखकर अगर तुम्हें भी कष्ट होता हैं तो समझ लेना तुम्हारी आत्मा में परमात्मा विराजमान हैं।**

**– अज्ञात**



# जातीय जनगणना व हेमंत

हाईकोर्ट-सुप्रीम कोर्ट की बाधाओं को पार कर बिहार में नीतीश कुमार की सरकार ने पिछले दिनों जाति गणना करा ली। बिना शोरशराबे के ओड़िशा में भी जाति गणना हो गई। अब झारखंड में भी इसकी मांग उठने लगी है। जिस जाति की जितनी संख्या, उसे उतनी हिस्सेदारी की बात तो झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन करते हैं, लेकिन जाति गणना के सवाल को गोल कर जाते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्यों जाति गणना से कतरा रहे हैं झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन। क्या अधिक आबादी से कहीं भय तो नहीं है? दूसरी तरफ भाजपा ने भी जाति गणना पर साध ली है चुप्पी। ऐसे में झारखंड की बनावट और यहां कि भौगोलिक स्थिति अन्य राज्यों से अलहदा है। यही कारण है कि झामुमो और बीजेपी की चुप्पी है। हालांकि सीएम हेमंत सोरेन खुल कर इस मांग पर नहीं बोलते, लेकिन जाति गणना की मांग को खारिज भी नहीं करते। वे तर्क देते हैं कि वर्ष 2021 में ही उन्होंने जातिगत आरक्षण का प्रस्ताव विधानसभा से पास करा राज्यपाल को भेज दिया था। यानी वे बात को घुमा देते हैं। हेमंत सोरेन को जाति गणना कराने में कहां दिक्कत है, यह जानना जरूरी है। दरअसल झारखंड की पहचान आदिवासी बहुल राज्य के रूप में होती रही है। आदिवासियत की राजनीति झारखंड की तकरीबन सभी पार्टियां करती हैं। अगर ऐसे दल जाति गणना पर खुल कर नहीं बोलते तो इसके कारण भी हैं। अब तक यही बात कही जाती रही है कि झारखंड की कुल आबादी में आदिवासी महज 26 प्रतिशत हैं। ओबीसी की आबादी 50 प्रतिशत से अधिक है। ऐसे में झारखंड में अगर जाति गणना हुई तो उसके आंकड़े आदिवासियों की राजनीति करने वाले दलों के मुसीबत खड़ी कर देंगे। शायद यही वजह रही कि चार साल से अधिक के अपने कार्यकाल में हेमंत सोरेन के दिमाग में यह बात नहीं आई। लेकिन हाल के दिनों में उन्हें जिस प्रकार की दबाव की राजनीति छेलनी पड़ रही है,उससे वह बहुत दिनों तक इस विषय पर चुप भी नहीं रह सकते हैं। कारण बिहार के बाद झारखंड में यह आवाज उठने लगी है। हां इतना है कि यह आवाज मुखर नहीं हो पा रही है। कारण अगले साल चुनाव है। चुनाव का भूत ऐसा होता है कि सबको यह चिन्ता सताने लगती है कि उनके बोलने का कहीं जनता के बीच नकारात्मक भाव न पैदा हो जाये। दूसरी तरफ झारखंड की आदिवासी आबादी में खासा तादाद ईसाइयों की है। आदिवासी से ईसाई धर्म अपनाने वाले लोग पहले से ही दोहरा लाभ लेते रहे हैं। वे ईसाइयों के साथ आदिवासियों को मिलने वाले आरक्षण और सरकारी योजनाओं का लाभ भी लेते रहे हैं। अगर ठीक से गणना हो तो आदिवासी समाज से ईसाई धर्म अपनाने वाले लोगों की संख्या अलग हो जायेगी। ऐसे में विशुद्ध आदिवासी आबादी की संख्या घट जायेगी। ओबीसी में बहुलता कुर्मी बिरादरी की है। वे अर्से से आदिवासी जमात में खुद को शामिल करने की मांग करते रहे हैं। इसके लिए कई बार रेल अवरोध भी किया गया। खैर, जब तक इस बाबत कोई निर्णय नहीं हो जाता, कुर्मी ओबीसी में ही गिने जायेंगे। ऐसे में मगजमारी का दौर यहां जारी है।

**हेमंत सोरेन को जाति गणना कराने में कहां दिक्कत है, यह जानना जरूरी है। दरअसल झारखंड की पहचान आदिवासी बहुल राज्य के रूप में होती रही है। आदिवासियत की राजनीति झारखंड की तकरीबन सभी पार्टियां करती हैं। अगर ऐसे दल जाति गणना पर खुल कर नहीं बोलते तो इसके कारण भी हैं।**

# 'गरीबी हटाओ' में गरीब हट गये, लेकिन गरीबी नहीं हटी





ललित गर्ग

इन दिनों

*दुनियाभर* में फैली गरीबी के निराकरण के लिए ही संयुक्त राष्ट्र ने साल 1992 में हर साल 17 अक्टूबर को विश्व स्तर पर गरीबी उन्मूलन दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। अंतर्राष्ट्रीय आंदोलन एटीडी फोर्थ वर्ल्ड के संस्थापक जोसेफ रेसिंस्की की मृत्यु के चार साल बाद, संयुक्त राष्ट्र ने आधिकारिक तौर पर इस दिवस को मनाने की घोषणा की। जोसेफ रेसिंस्की ने पेरिस में लगाये गये गरीबी उन्मूलन अभियान के मूल स्मारक पत्थर पर उत्कीर्ण पाठ में जहां भी पुरुषों और महिलाओं को अत्यधिक गरीबी में रहने की निंदा करते हुए इसे मानवाधिकारों का उल्लंघन कहा और यह सुनिश्चित करने के लिए एक साथ आना कि इन अधिकारों का सम्मान किया जाये, हमारा गंभीर कर्तव्य है। गरीबी पहले भी अभिशाप थी लेकिन दुनिया में विकास की अमाप्य ऊंचाइयों को छूते हुए इस संकट का और अधिक गहराया जाना, चिन्तनीय एवं विडम्बनापूर्ण है। गरीबी केवल भारत की ही नहीं, बल्कि दुनिया की एक बड़ी समस्या है। गरीबी एक गंभीर बीमारी है, किसी भी देश के लिए गरीबी एक बदनुमा दाग है। जब किसी राष्ट्र के लोगों को रहने को मकान, जीवन निर्वाह के लिये जरूरी भोजन, कपड़े, दवाइयां आदि जैसी चीजों की कमी महसूस होती है, तो वह राष्ट्र गरीब राष्ट्र की श्रेणी में आता है। इस गरीबी से मुक्ति के लिये सरकारें व्यापक प्रयत्न करती हैं। हम जिन रास्तों पर चल कर एवं जिन योजनाओं को लागू करते हुए हम देश में समतामूलक संतुलित समाज निर्माण की आशा करते हैं वे योजनाएं विषम और विषभरी होने के कारण सभी कुछ अभिनय लगता है, छलावा लगता है, भ्रम एवं फरेब लगता है। सब नकली, धोखा, गोलमाल, विषमताभरा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोक राज्य, स्वराज्य, सुराज्य, रामराज्य के सुनहरे स्वप्न को आकार देते हुए स्वल्प समय में गरीबी के कलंक को मिटाने हेतु सार्थक प्रयत्न किये हैं। फिर भी गरीबी कायम है क्योंकि यहां तो सारे राजनीति दल एवं लोकतंत्र को हांकने वाले सब अपना-अपना साम्राज्य खड़ा करने में लगे हैं। विश्व की सारी संपदा, सारे संसाधन गरीबी को मिटाने में लगते तो आज स्थिति बहुत भिन्न होती, किन्तु बीच में सत्ता की लालसा एवं विश्व पर साम्राज्य स्थापित करने की महत्वाकांक्षाओं ने व्यवधान खड़े कर दिये। इसी कारण जो संपदा है, वह मानव को सुखी, संतुलित या सामान्य बनाने की दिशा में नहीं लगी, संहारक अस्त्रों के निर्माण, आतंकवाद एवं रूस-यूक्रेन, एवं इजरायल-हमास जैसे युद्धों में लगी है और लग रही है। एक राष्ट्र दूसरे राष्ट्र को भयभीत रखने में अपनी ऊर्जा खपा रहा है, न कि गरीब इंसान की गरीबी दूर करने में। आज का भौतिक दिमाग कहता है कि घर के बाहर और घर के अन्दर जो है, बस वही जीवन है। लेकिन राजनीतिक दिमाग मानता है कि जहां भी गरीब है, वही राजनीति के लिये जीवन है, क्योंकि राजनीति को उसी से जीवन ऊर्जा मिलती है। यही कारण है कि इस भारत में आजादी के अमृतकाल में पहुंचने के बाद भी गरीबी कम होने के बजाय बढ़ती जा रही है, जितनी गरीबी बढ़ती है उतनी ही राजनीतिक जमीन मजबूती होती है। क्योंकि सत्ता पर काबिज होने का मार्ग गरीबी के रास्ते से ही आता है। बहुत बड़ी योजनायें इसी गरीबी को खत्म करने के लिये बनती रही हैं और आज भी बन रही हैं। लेकिन गरीब खत्म होते गये और गरीबी आज भी कायम है। सरकारी योजनाओं की विसंगतियां ही हैं कि गांवों में जीवन ठहर गया है। बीमार, अशिक्षित, विपन्न मनुष्य मानो अपने को ढो रहा है। शहर सीमेन्ट और सरियों का जंगल हो गया है। मशीन बने सब भाग रहे हैं। मालूम नहीं खुद आगे जाने के लिए या दूसरों को पीछे छोड़ने के लिए। कह तो सभी यही रहे हैं-- बाकी सब झूठ है, सच केवल रोटी है। रोटी केवल शब्द नहीं है, बल्कि बहुत बड़ी परिभाषा समेटे हुए है अपने भीतर। जिसे आज का मनुष्य अपनी सुविधानुसार परिभाषित कर लेता है। रोटी कह रही है-मैं महंगी हूँ तू सस्ता है। यह मनुष्य का घोर अपमान है। रोटी कीमती, जीवन सस्ता। मनुष्य सस्ता, मनुष्यता सस्ती। और इस तरह गरीब को अपमानित किया जा रहा है, यह सबसे बड़ा खतरा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इस खतरे को महसूस किया, जबकि लोकतंत्र को हांकने वालों को इसे पहले महसूस करना चाहिए। गरीबी के अनेकों चेहरे हैं जो व्यक्ति, स्थान और समय के साथ बदलते रहते हैं। गरीबी ऐसी त्रासदी एवं दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थिति है जिसका कोई भी अनुभव नहीं करना चाहता। एक बार महात्मा गांधी ने कहा था कि गरीबी कोई दैवीय अभिशाप नहीं है बल्कि यह मानवजाति द्वारा रचित सबसे बड़ी समस्या है। विश्व में सुरसा की तरह मुँह फैलाती हुई गरीबी शासनतंत्र की विफलता का भी द्योतक हैं। क्योंकि गरीबी से संबन्ध सिर्फ किसी व्यक्ति विशेष की मासिक या सालाना आय से नहीं बल्कि स्वास्थ्य, राजनीतिक भागीदारी, देश की संस्कृति और सामाजिक संगठनों की उन्नति से भी है। भारत में गरीबी का मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या, कमजोर कृषि, भ्रष्टाचार, रूढ़िवादी सोच, जातिवाद, अमीर-गरीब में ऊंच-नीच, नौकरी की कमी, अशिक्षा, बीमारी आदि हैं। विकसित राष्ट्रों में आबादी की बढ़त का अनुपात कम है और अविकसित एवं निर्धन राष्ट्रों में आबादी की बढ़त का अनुपात ज्यादा है। प्राचीन संस्कृत साहित्य में कहा गया है कि दरिद्रता दुःखतर है और उसके साथ जुड़ा दुःख है संतान का आधिक्य। दरिद्रता की पीड़ा और संतति के आधिक्य की पीड़ा- दोनों ओर से आदमी पीड़ित है। महान दार्शनिक संत आचार्य महाप्रज्ञ ने महावीर का अर्थशास्त्र पुस्तक में गरीबी उन्मूलन की व्यापक चर्चा करते हुए उसे दूर करने के सार्थक एवं प्रभावी उपाय प्रस्तुत किये हैं। सरकार की गलत नीतियों, खराब कृषि और बेरोजगारी की वजह से लोगों को भोजन की कमी से जूझना पड़ता है। यही कारण है की महंगाई ने भी पंख फैला रखे हैं। वहीं भारत में बढ़ती जनसंख्या भी गरीबी का एक प्रमुख कारण है। अधिक जनसंख्या मतलब अधिक भोजन, पैसा और घर की जरूरत। मूल सुविधाओं की कमी के कारण गरीबी ने तेजी से अपने पांव पसारे हैं। अत्यधिक अमीर और भयंकर गरीब ने अमीर और गरीब के बीच की खाई खोद रखी है। सरकार भी ऐसे ही लोगों को गरीब मानती है जिनकी वार्षिक आय सरकार के निर्धारित आंकड़ों से कम हो। लेकिन गरीबी केवल आर्थिक ही नहीं होती। दार्शनिक गरीब उसको मानता है जो भयभीत है, जो थक गया है, जो अपनी बात नहीं कह सकता। साधारण आदमी, झोंपड़ी में रहने वाले को गरीब और महल में रहने वाले को अमीर मानता है।

**गरीबी पहले भी अभिशाप थी लेकिन दुनिया में विकास की अमाप्य ऊंचाइयों को छूते हुए इस संकट का और अधिक गहराया जाना, चिन्तनीय एवं विडम्बनापूर्ण है। गरीबी केवल भारत की ही नहीं, बल्कि दुनिया की एक बड़ी समस्या है।**

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी*

**केवल** मैं उसके आदेश को खारिज कर सकता हूं'। परमात्मा अपने सच्चे भक्तों को सतनाम का जाप कर यमदूत को हराने के लिए कहते हैं। परमात्मा कहते है कि मैं चित्रगुप्त द्वारा लिखे गये पाप पूर्ण कर्मों के आपके पन्नों को फाड़ दूंगा, जिसका अर्थ है कि मैं आपके असंख्य जन्मों के सभी पापों को नष्ट कर दूंगा। जब आत्मा मेरी इस निर्णायक अवधारणा को समझ लेता है और मेरी भक्ति में दृढ़ हो जाता है, तो पवित्र आत्मा को यमलोक में यातना नहीं भोगनी पड़ती और उसकी सच्ची पूजा पूर्ण होने पर मोक्ष प्राप्त होता है। **पांच तत्त नाहीं गुण तीना, नाद बिंद नाहीं घट सीना। चित्रगुप्त नहीं कृतिम बाजी, धर्मराय नहीं पण्डित काजी। धुन्धू कार अनन्त जुग बीते, जा दिन कागज कहो किन चीते। जा दिन थे हम तखत खवासा, तन के पाजी सेवक दासा। संख जुगन परलो प्रवाना, सत पुरुष के संग रहाना। दास गरीब कबीर का चेरा, सत लोक अमरापुर डेरा।** सृष्टि उत्पन्न होने से पहले समय में न तो चित्र तथा गुप्त दो लेखाकार थे जो मानव के शुभ - अशुभ कर्म लिखते थे। न उस समय यह कृत्रिम बाजी ( काल की बनी सृष्टि ) थी। उस समय काल का न्यायधीश ( धर्मराय ) तथा हिन्दुओं के गुरू पंडित तथा मुसलमानों के गुरू काजी - मुल्ला आदि भी नहीं थे। संत गरीबदास जी ने कहा है कि आज आप ज्ञान प्रचार करते हो कि चित्र तथा गुप्त सबके शुभ - अशुभ कर्मों को लिखते हैं। जिस समय काल लोक नहीं बना था अनन्त युग तक यहाँ अँधकार ( धुन्धुकार ) था। उस समय किसके शुभ - अशुभ कर्मों कागज पर किसने लिखा (कागज चीता) था। अपनी स्थिति भी स्पष्ट की है कि कहीं कोई प्रश्न उत्पन्न करे कि फिर गरीबदास जी कहाँ थे ? उसका समाधान भी साथ के साथ कर दिया है।

*(क्रमशः)*

# अंतःशुद्धि का महापर्व है नवरात्रि, जिन्हें दुर्गा कहते हैं



रमेश सर्राफ धमोरा

महापर्व

***नवरात्रि*** हिन्दू धर्म के लोगों द्वारा मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह त्योहार असत्य पर सत्य की जीत को दर्शाता है। हिन्दू मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि साल में दो बार मनाया जाता है। हिंदी महीनों के मुताबिक पहला नवरात्रि चैत्र महीने में मनाया जाता है और दूसरी बार अश्विन महीने में मनाया जाता है। नवरात्रि नौ दिनों तक निरंतर चलता है जिसमे देवी मां के अलग अलग स्वरूपों की लोग भक्ति और निष्ठा के साथ पूजा करते है। भारत में नवरात्रि अलग अलग राज्यों में विभिन्न तरीकों और विधियों के संग मनाई जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन्हीं नौ दिनों में मां दुर्गा धरती पर आती हैं। उनके आने की खुशी में इन दिनों को दुर्गा उत्सव के तौर पर देशभर में धूमधाम से मनाया जाता है। नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है नौ रातें। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान शक्ति- देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। दसवां दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है। नवरात्रि वर्ष में चार बार आता है। चैत्र, आषाढ़, अश्विन, पौष प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों महालक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा होती है जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं। दुर्गा का मतलब जीवन के दुख को हटाने वाली होता है। इस त्योहार को पूरे भारत में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। नवरात्रि से हमें अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई के जीत की सीख मिलती है। यह हमें बताती है कि इंसान अपने अंदर की मूलभूत अच्छाइयों से नकारात्मकता पर विजय प्राप्त और स्वयं के अलौकिक स्वरूप से साक्षात्कार कैसे कर सकता है। भारतीय जनजीवन में धर्म की महत्ता अपरम्पार है। यह भारत की गंगा-जमुनी तहजीब का ही नतीजा है कि सब धर्मों को मानने वाले लोग अपने-अपने धर्म को मानते हुए इस देश में भाईचारे की भावना के साथ सदियों से एक साथ रहते चले आ रहे हैं। यही कारण है की पूरे विश्व में भारत की धर्म व संस्कृति सर्वोत्तम मानी गई है। विभिन्न धर्मों के साथ जुड़े कई पर्व भी है जिसे भारत के कोने कोने में श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम से मनाया जाता है। उन्हीं में से एक है नवरात्रि। नवरात्रि पर्व के नौ दिनों के दौरान आदिशक्ति जगदम्बा के नौ विभिन्न रूपों की आराधना की जाती है। ये नौ दिन वर्ष के सर्वाधिक पवित्र दिवस माने गये हैं। इन नो दिनों का भारतीय धर्म एवं दर्शन में ऐतिहासिक महत्व है और इन्हीं दिनों में बहुत सी दिव्य घटनाओं के घटने की जानकारी हिन्दू पौराणिक ग्रन्थों में मिलती है। माता के इन नौ रूपों को नवदुर्गा के नाम से भी जाना जाता है जो इस प्रकार हैं -शैलपुत्री, ब्रह्माचारिणी, चन्द्रघन्टा, कूष्माण्डा, स्कन्द माता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री। वसन्त की शुरूआत और शरद ऋतु की शुरूआत, जलवायु और सूरज के प्रभावों का महत्वपूर्ण संगम माना जाता है। इन दो समय मां दुर्गा की पूजा के लिए पवित्र अवसर माने जाते हैं। त्योहार की तिथियां चन्द्र कैलेंडर के अनुसार निर्धारित होती हैं। यह पूजा वैदिक युग से पहले प्रागैतिहासिक काल से है। नवरात्रि के पहले तीन दिन देवी दुर्गा की पूजा करने के लिए समर्पित किये गये हैं। यह पूजा उनकी ऊर्जा और शक्ति की की जाती है। प्रत्येक दिन दुर्गा के एक अलग रूप को समर्पित है। नवरात्रि के पहले दिन बालिकाओं की पूजा की जाती है। दूसरे दिन युवती की पूजा की जाती है। तीसरे दिन जो महिला परिपक्वता के चरण में पहुंच गयी है, उसकि पूजा की जाती है। नवरात्रि के चौथे, पांचवें और छठे दिन लक्ष्मी- समृद्धि और शांति की देवी की पूजा करने के लिए समर्पित है। आठवें दिन पर एक यज्ञ किया जाता है। नौवां दिन नवरात्रि समारोह का अंतिम दिन है। यह महानवमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन उन नौ बच्चियों की पूजा होती है।

**चैत्र, आषाढ़, अश्विन, पौष प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों महालक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा होती है जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं।**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# सनातन के संवाहक योगी चुनाव में जीत के वाहक



मृत्युंजय दीक्षित

सनातन

***उत्तर*** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अब कुशल नेतृत्वकर्ता, समाज, सनातन धर्म और अखंड भारत संवाहक और चुनाव में जीत के वाहक (सारथी) बन गये हैं। सनातन धर्म और अखंड भारत को लेकर योगी के बयानों की चर्चा अब भारतीय मीडिया में ही नहीं अपितु विदेशों में भी हो रही है। सनातन धर्म पर उनकी स्पष्टवादिता से भारत की संपूर्ण सेक्युलर जमात में खलबली है। तमिलनाडु के द्रमुक नेता उदय निधि द्वारा सनातन धर्म का उन्मूलन करने वाले शर्मनाक बयान के बाद से योगी आदित्यनाथ ने मोर्चा खोल दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश के हिंदू आस्था के सभी केंद्रों, प्रतीकों का विकास व सम्मान हो रहा है। अयोध्या, मथुरा, काशी के साथ ही अन्य छोटे धार्मिक महत्व के स्थलों का सुंदरीकरण किया जा रहा है। इसके कारण सनातन समाज में प्रसन्नता की लहर है। ठीक इसके उलट कांग्रेस के नेतृत्व में संपूर्ण विपक्ष जातिगत जनगणना के नाम पर हिंदू समाज को बांटने की रणनीति पर काम कर रहा है। सनातन धर्म के तेजस्वी प्रतिनिधि के रूप में मुख्यमंत्री योगी की लोकप्रियता तेजी के साथ बढ़ रही है। योगी आदित्यनाथ आर्य समाज के कार्यक्रम में कह चुके हैं कि दयानंद सरस्वती जी ने घरवापसी का जो अभियान आरम्भ किया था उसे फिर से प्रारंभ किया जाय। आर्य समाज ने वैदिक संस्कृति के प्रसार के लिए जो कार्य किये थे उन्हे भी पुनः प्रारम्भ किया जाये। उनकी इस बात से सपा, बसपा और कांग्रेस सहित सभी सेक्युलर दल बुरी तरह से चिढ़ गये हैं। गोरखपुर में योगी कह चुके हैं कि सनातन ही एकमात्र धर्म है। बाकी सब संप्रदाय और उपासना पद्धति हैं। तमिलनाडु के द्रमुक नेता उदयनिधि को करारा जवाब देते हुए योगी ने कहा था कि सनातन धर्म मानवता का धर्म है। यदि सनातन धर्म पर आघात होगा तो विश्व की मानवता पर संकट आ आयेगा। इसके बाद मुस्लिम तुष्टिकरण करने वाले दलों की छटपटाहट जरूर सामने आई पर उन्हें कोई उत्तर नहीं सूझा। अभी तक योगी केवल सनातन धर्म पर ही बात कर रहे थे लेकिन अब उन्होंने सिंधी समाज के एक बड़े कार्यक्रम में कहा कि जब हम 500 वर्ष के बाद श्री रामजन्मभूमि को वापस ले सकते हैं तो फिर सिंध को क्यो नहीं? उनके इस बयान ने आम भारतीयों को ही नहीं अपितु पाकिस्तान व उसके समर्थक देशों को भी हैरान कर दिया है। आज न सिर्फ भारत में ही अपितु पाकिस्तानी मीडिया व भारत विरोधी एजेंडा चलाने वाले मीडिया में योगी के बयानों पर बहस हो रही है तथा चिंता व्यक्त की जा रही है। सिंध को वापस लेने वाली बात पाकिस्तान के सोशल मीडिया पर भी खूब चर्चा में है। मुख्यमंत्री ने कहा था कि सिर्फ एक व्यक्ति की जिद की वजह से देश का विभाजन हुआ। लाखों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। भारत का एक बड़ा भू-भाग पाकिस्तान के रूप में भी चला गया। सिंधी समाज ने उस दर्द को सबसे अधिक झेला है। उन्हें अपनी मातृभूमि छोड़नी पड़ी है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। जनवरी - 2024 में रामलला अपने मंदिर में फिर से विराजेंगे। मुख्यमंत्री ने सिन्धी समाज की दुखती रग को समझा और कहा कि आज भी आतंकवाद के रूप में हमें विभाजन की त्रासदी के दंश को झेलना पड़ता है। सभ्य समाज आतंकवाद व अराजकता को बर्दाश्त नहीं कर सकता। धर्मग्रंथ भी हमें यही प्रेरणा देते हैं। पूज्य झूलेलाल जी हों या श्रीकृष्ण सभी ने मानव कल्याण की बात कही है। बंटवारे जैसी त्रासदी फिर कभी न आने पाये, इसके लिए हमें राष्ट्र प्रथम का संकल्प लेना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चाहे जिस कार्यक्रम में हो वहां पर सनातन संस्कृति व सभ्यता का ही डंका बजाते हैं।

**सनातन धर्म और अखंड भारत को लेकर योगी के बयानों की चर्चा अब भारतीय मीडिया में ही नहीं अपितु विदेशों में भी हो रही है। सनातन धर्म पर उनकी स्पष्टवादिता से भारत की संपूर्ण सेक्युलर जमात में खलबली है।**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## गागर में सागर

### हाईकोर्ट ने रद्द की चरमपंथी इस्लामी संगठन पीएफआई के 19 आरोपियों की जमानत

**जबलपुर।** चरमपंथी इस्लामी संगठन द पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के आरोपितों को हाई कोर्ट से झटका लगा है । एनआईए द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपितों अब्दुल जमील मोहम्मद जावेद अब्दुल खालिद सहित अन्य आरोपितों की जमानत अर्जी मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में दायर की गई थी । न्यायमूर्ति डीके पालीवाल की एकल पीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि सीआरपीसी की धारा 167 के तहत जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट में आरोपियों द्वारा कोई भी आवेदन पेश नहीं किया गया है । जिसको लेकर यह जमानत अर्जियां निरस्त कर दी गई । साथ ही आरोपितों की उपस्थिति सुनिश्चित ना होने के कारण भी कोर्ट ने गंभीरता दिखाई है । इसके लिए प्रिंसिपल रजिस्ट्रार एवं जेल महानिरीक्षक को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देश दिए हैं । उल्लेखनीय की प्रकरण की सुनवाई के दौरान विशेष न्यायाधीश के समक्ष इन्हें उपस्थित नहीं किया जाता है एवं उनकी न्यायिक रिमांड की अवधि भी बढ़ाई जा रही है । सरकार की ओर से उपमहाधिवक्ता ब्रह्म दत्त सिंह ने अपने पक्ष और तर्क रखे । इनके द्वारा कहा गया कि आरोपितों के विरुद्ध देशद्रोह सहित कई गंभीर आरोप लगे हुए हैं । मुख्य आरोप यह है कि वह साल 2047 तक भारतीय संविधान को समाप्त कर देश में सरिया कानून लागू करना चाहते हैं । आरोपियों द्वारा इस्लामी कट्टरपंथ का प्रचार किया जा रहा है । इन आरोपियों के पास से आपत्तिजनक साहित्य के साथ हथियार भी बरामद किए गए थे ।

### चेकिंग के दौरान तीन लाख छः हजार रुपये का सोना, चांदी जब्त

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक कोरबा जितेन्द्र शुक्ला के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध नगद परिवहन रोकने हेतु दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन दिए गए थे, जिस पर चेकिंग के दौरान तीन लाख छह हजार रुपये कीमत का सोना व चांदी जब्त किया गया है। पुलिस मर्ग कायम कर अग्रिम कार्रवाई कर रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का एवं थाना प्रभारी कोतवाली रूपक शर्मा के मार्गदर्शन एवं चौकी प्रभारी मानिकपुर प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में रविवार देर रात वाहन चैकिंग के दौरान पटेल पारा कोरबा निवासी मनोज मैटी पिता कोकिल मैटी के पास गला हुआ सोना और सोने-चांदी के आभूषण बरामद होने पर उक्त सोने चांदी का बिल न होने पर गला हुआ सोना एवं सोने का आभूषण 34 ग्राम एवं चांदी के आभूषण 1.926 किलोग्राम कुल कीमती तीन लाख छः हजार रुपये को 102 दप्रस के तहत जब्त किया गया।

### महिला की मौत के बाद अज्ञात पर दुष्कर्म का केस दर्ज

**राजगढ़।** कुरावर थाना क्षेत्र के ग्राम निपानियाचेतन में रहने वाली 35 वर्षीय महिला ने दो माह पहले घर में ही फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली थी। पुलिस ने सोमवार को मर्ग जांच के आधार पर अज्ञात के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज किया है।
एसआई अरविंदसिंह राजपूत के अनुसार 21 अगस्त को ग्राम निपानिया चेतन निवासी 35 वर्षीय महिला ने कमरे में कुंदे से रस्सी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली थी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की। बताया गया है कि चार साल पूर्व मृतिका के पति की मौत हो गई थी । वहीं जांच में मौत के पहले महिला के साथ गलत काम होना पाया गया। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ धारा 376 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भारी मात्रा में मादक पदार्थों के साथ एसटीएफ के हत्थे चढ़े चार लोग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने भारी मात्रा में मादक पदार्थों के साथ तीन महिलाओं सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग मणिपुर से मादक पदार्थ लेकर कोलकाता आए थे। एसटीएफ के एसपी आईपीएस इंद्रजीत बसु ने बताया कि बंगाल एसटीएफ ड्रग तस्करी के नेटवर्क की जांच में जुटा है। इसी बीच रैकेट का बंगाल-मणिपुर-नागालैंड कनेक्शन सामने आया। पकड़े गए लोगों के पास से लगभग एक करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद की गई है। बसु ने बताया कि रविवार 15 अक्टूबर की शाम के समय मुर्शिदाबाद जिले के रघुनाथगंज में राष्ट्रीय राजमार्ग पर इन तीनों के पहुंचने की पुख्ता सूचना मिलने के बाद घेराबंदी की गई थी। पकड़े गए लोगों की पहचान 42 साल के मोहम्मद मेफताहुल इस्लाम, दीमापुर सदर की रहने वाली मर्लिन खोलनीलहिंग (37), मणिपुर के कांगपोकपी की रहने वाली नेम्पी नगैलुट (41) और चुराचांदपुर की रहने वाली नगाहनीकिम हाओकिप (42) के तौर पर हुई है। इनकी तलाशी लेने पर उनके पास से कुल 1.130 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई। जब्त किए गए मादक पदार्थ की अनुमानित बाजार मूल्य करीब एक करोड़ रुपये है।

### मुख्यमंत्री ने 117 लोगों की सुनी समस्यायें, अधिकारियों को कहा

# समाधान के लिए करें कार्रवाई

**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को 'जनता के दरबार में राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे 117 लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए।



'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में मुजफ्फरपुर जिले से आए मनोज कुमार ने फरियाद करते हुए कहा कि हमलोग जहां रहते हैं वो महादलित टोला है, वहां संपर्क पथ नहीं बन पाया है, इसका निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराया जाए ताकि हमलोगों का आवागमन आसान हो सके। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।
गया जिले से आये बृजनंदन पाठक ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुये कहा कि गया शहर में पेयजल आपूर्ति योजना के क्रियान्वयन में बुडको द्वारा अनियमितता बरती गयी है। बुडको द्वारा जितना काम किया जाना था, उसका काफी काम अधूरा है। मुहल्लों में ठीक ढंग से पाइप नहीं बिछाया गया है। नये जलापूर्ति केन्द्रों का निर्माण, पुराने पानी टंकियों की मरम्मती, नये पानी के टंकियों का निर्माण जैसे कार्य अभी अधूरे पड़े हैं। गया जिले से आए रंजीत कुमार ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि बिहार राज्य फसल योजना के तहत रबी फसल के लिए वर्ष 2020 में आवेदन किया था लेकिन अब तक सहायता राशि नहीं मिल पायी है। मुख्यमंत्री ने सहकारिता विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।बांका जिले से आये राहुल कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री से निवेदन करते हुए कहा कि डीजल अनुदान वितरण में अनियमितता के कारण मुझे सहायता राशि नहीं मिली है, मेरे पंचायत के कुछ अन्य लोगों को भी इसका लाभ नहीं मिला है। मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सीतामढ़ी जिले से आए हरिनारायण पासवान ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के लिए सेलेक्शन होने के बाद भी मुझे इसका लाभ नहीं मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग को जांचकर समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। समस्तीपुर जिले से आए अमन कुमार ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि विभुतिपुर प्रखंड स्थित सकरी चौर में जलजमाव की समस्या है, इसका निराकरण कराया जाए ताकि लोगों को आवागमन में सहुलियत हो सके। वहीं समस्तीपुर जिले से ही आए शिवशंकर साह ने मुख्यमंत्री से फरियाद करते हुए कहा कि इंदिरा आवास की दूसरी किशत की राशि नहीं मिल पायी है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।अररिया जिले से आये सुशांत कुमार पटेल ने मुख्यमंत्री से निवेदन करते हुए कहा कि हमलोगों के यहां का पुल क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे बच्चों की पढ़ाई भी ठीक से नहीं हो पा रही है, लोगों का आवागमन अवरुद्ध हो गया है।

### बंगाल राशन वितरण मामला

# गिरफ्तार आरोपी के कार्यालय से कई सरकारी मुहर बरामद

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में राशन वितरण अनियमितता मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार बकीबुर रहमान के कार्यालय से राज्य सरकार की मुहरें जब्त होने से मामले में राज्य के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग वरिष्ठ अधिकारियों की संलिप्तता की पुष्टि हुई है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।
सूत्रों के मुताबिक, उनके कार्यालय से बरामद सरकारी मुहरों में पश्चिम बंगाल आवश्यक वस्तु आपूर्ति निगम लिमिटेड, मुख्य निरीक्षक, जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी और राज्य खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के उप-निरीक्षक शामिल हैं। ईडी अधिकारियों का मानना है कि विभाग के अधिकारियों के एक वर्ग की सक्रिय भागीदारी के बिना, इतने सारे टिकट आरोपी के कार्यालय तक नहीं पहुंच सकते थे।
इस बीच, केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों को रहमान के नाम पर बड़ी संपत्ति और संपत्ति से संबंधित दस्तावेज भी मिले हैं, इसमें चावल-मिलें, होटल, बार-सह-रेस्तरां और कई उच्च अंत वाहन शामिल हैं। अधिकारियों ने रहमान से जुड़ी कम से कम छह कॉर्पोरेट संस्थाओं की जानकारी भी हासिल की है, जिनके बारे में जांच अधिकारियों का मानना है कि ये वास्तव में शेल कंपनियां थीं, जिनका मकसद घोटाले की आय को इधर-उधर करना था।
इसके अलावा, इन कंपनियों के खातों से कई करोड़ रुपये की आवक और जावक प्रेषण का पता लगाया गया है।
ईडी के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, आरोपियों का कार्यक्षेत्र मुख्य रूप से उत्तर 24 परगना और नादिया जिले पर केंद्रित था।

# बढ़ सकती है तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किल!

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की बहुचर्चित सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किल बढ़ सकती है। रविवार को महुआ के खिलाफ दो पत्र लिखे गए हैं। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष और अधिवक्ता अनंत देहादरी ने सीबीआई निदेशक को पत्र भेजा है।
इनमें आरोप लगाया गया है कि महुआ मोइत्रा ने देश के मशहूर कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से करोड़ों रुपये लिए और लोकसभा में अडानी समूह के खिलाफ सवाल पूछे। सीबीआई से महुआ मोइत्रा के खिलाफ तत्काल जांच की मांग की गई है। लोकसभा अध्यक्ष को भेजे पत्र में महुआ की सदस्यता खत्म करने की मांग की गई है। पत्रों में दावा किया गया है कि अडानी समूह के खिलाफ आधारहीन बातें करने के साथ ही इस प्रकरण से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को जोड़ा गया ताकि उद्योगपति को बदनाम किया जा सके। सीबीआई के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि पत्र मिल गया है।



संबंधित तथ्यों को देखा जा रहा है। पत्र में कई अन्य दस्तावेज भी शामिल हैं। सत्यता देखने के बाद जांच शुरू की जा सकती है। इस बारे में महुआ मोइत्रा का कहना है कि वह किसी भी तरह की जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं। अडानी समूह और भाजपा उनके खिलाफ साजिश रच रहे हैं। उल्लेखनीय है कि निशिकांत दुबे ने पत्र में इस बात का जिक्र किया है कि 2005 में 12 दिसंबर को 14वीं लोकसभा के समय ऐसे ही घूस लेकर लोकसभा में सवाल उठाने के आरोप लगे थे। तब तत्कालीन अध्यक्ष ने जांच समिति का गठन किया था। जांच शुरू होने के बाद केवल 23 दिनों के भीतर लोकसभा के 10 सदस्यों को सस्पेंड कर दिया गया था।

# कांग्रेस ने प्रत्याशियों की नहीं, भविष्य-निर्माताओं की सूची जारी की है : कमलनाथ

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की तारीखों के एलान के बाद राजनीतिक दलों ने प्रचार प्रसार तेज कर दिया है। नवरात्र के पहले दिन कांग्रेस ने भी अपने 144 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। कांग्रेस प्रत्याशियों सूची जारी होने के बाद कमलनाथ का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशियों को मप्र का भविष्य-निमार्ता बताया है। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा की सूची थोपी गई है जबकि हमारी सूची लोकतंत्र की मूल भावना के अनुरूप बनी है।
कमलनाथ ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा कांग्रेस ने प्रत्याशियों की नहीं, मप्र के भविष्य-निमार्ताओं की सूची जारी की है। इस सूची से मप्र की जनता को सकारात्मक



रूप से ये सूचित किया गया है कि जिनमें निःस्वार्थ भाव से जनसेवा का व्रत लेने का संकल्प है, उन्हें ही जनता का प्रतिनिधित्व करने के लिए आम जनता व कार्यकर्ताओं के कहने पर ये अवसर दिया गया है।
कमलनाथ ने आगे कहा कि कांग्रेस की लिस्ट इस मायने में भाजपा से अलग है कि कांग्रेस की लिस्ट लोकतांत्रिक है क्योंकि ये संगठन के अंतिम पायदान तक के कार्यकर्ता की सलाह को सम्मान देते हुए बनी है। इसकी दिशा लोकतंत्र की मूल भावना के अनुरूप नीचे-से-ऊपर की ओर है। जबकि भाजपा की लिस्ट ऊपर-से-नीचे थोपी गयी है। ये एकाधिकारिता के अहंकार से चुनाव लड़ने का आदेश है और भाजपा के नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का अपमान, इन अर्थों में भाजपा की सूची अलोकतांत्रिक है। कमलनाथ ने एक बार फिर दावा करते हुए कहा कि इस बार कांग्रेस जनता की सरकार बनाने जा रही है। जनता भाजपा के जुमलों से पूरी तरह से ऊब गयी है। शिवराज सरकार की कोई भी नीति जनता के हित में नहीं ली गई है। सरकार के फैसले से जनता पूरी तरह से बेहाल हो गई है। युवाओं, किसानों में सरकार के प्रति आक्रोश है। महंगाई और बेरोजगारी की समस्या से लोगों को हर दिन दो-चार होना पड़ रहा है। शिवराज सरकार ने जो भी वादे किए थे, किसी वादे को पूरा नहीं किया। जिसके कारण लोगों की समस्याएं बढ़ी हैं। सरकार के हर विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है। जनता को कोई भी काम बिना लेनदेन के नहीं हो रहा है। इससे लोगों में सरकार के प्रति विश्वास की कमी है। लोग परेशान हैं और भाजपा सरकार से मुक्ति चाह रहे हैं।

# देवरिया में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा भाजपा कर रही है जाति के नाम पर राजनीति

**एजेंसी। देवरिया**

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सोमवार को देवरिया जिले के रुद्रपुर क्षेत्र के फतेहपुर गांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से कहा कि भाजपा की नियत साफ दिखाई दे रही है, यह लोग देश को बर्बाद करना चाहते हैं। यही हाल रहा तो लोग अपना वोट नहीं डाल पाएंगे। जिस तरह से यह घटना हुई है। उत्तर प्रदेश में कहीं और नहीं दिखी, घटना के प्रति आम जनमानस में आक्रोश है।
सपा मुखिया ने कहा कि शासन और न्याय के लिहाज से यह बहुत ही महत्वपूर्ण है और जिस तरह की यह घटना हुई है, हम सभी लोग मिलकर इसकी निंदा करते हैं। ऐसी दर्दनाक घटना पूरे यूपी में कभी देखने को नहीं मिली।
बुलडोजर चलाने के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि बुलडोजर जनता नहीं चलाने देगी। प्रेमचंद के घर



पर अगर सरकार बुलडोजर चलाती है तो जिस तरह से सरकार अपनी जमीनों पर बने भवनों का मुआवजा लेती है, वैसे ही यहां अभी मुआवजे की व्यवस्था करे। सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति की बात करती है और यहां एक नहीं दो-दो परिवारों के लोगों की जान चली गई। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण व दुखद है।मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि विकास दुबे की गाड़ी पलटी थी, वह भी ब्राह्मण थे। उनके परिवार को क्यों नहीं गले लगाया। इस घटना में शामिल छोटे-छोटे 20 कर्मचारियों पर प्रशासन ने कार्रवाई कर दी। लेकिन, बड़े अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई क्यों? निर्दोष लोगों को पुलिस ने घटना में फंसाया है। उन्होंने कहा कि प्रेम यादव को घर बुलाना, उसके बाद किसी धारदार हथियार से जान ले लेना। उसके बाद आसपास के क्षेत्र में यह बात फैल जाना कि उनकी हत्या हो गई और उसके बाद यह घटना हुई। मैं घटनास्थल पर गया हूं और देखा हूं। उस परिवार के रहने का मैं घर देखकर आया हूं, वो घर और यह घर जहां प्रेम का घर है। दोनों दूर हैं, आखिर किन परिस्थितियों में उन्हें वहां जाना पड़ा? क्या वजह थी कि वह सुबह-सुबह वहां पहुंच गए? बता दें कि अखिलेश यादव देवरिया के फतेहपुर गांव में हुए सामूहिक हत्याकांड में पहले सत्यप्रकाश दुबे के घर गए। वहां उन्होंने पहले नरसंहार में मारे गए दुबे परिवार के पांचों मृतकों के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वह घर के अंदर पहुंचे और वहां बिखरे सामान आदि को देखकर वह हैरान रह गए। इसके बाद वह पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेमचंद यादव के घर पहुंचे। वहां मृतक पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेम यादव के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके दौरान प्रेम की पत्नी शीला और दो बेटियों मौजूद रहीं। अखिलेश यादव ने उन्हें ढाढस बंधाया।
बता दें कि देवरिया जिले में रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर गांव में दो अक्टूबर को जमीन के विवाद में छह लोगों की हत्या हो गई थी।

# नक्सलियों ने चुनाव बहिष्कार के लिए जारी किया वीडियो

**एजेंसी। बीजापुर**

बस्तर में प्रथम चरण के विधानसभा चुनाव में मतदान 07 नवम्बर को होगा। इससे पहले नक्सलियों ने सोमवार को चुनाव बहिष्कार को लेकर लगभग 06 मिनट 50 सेकंड का एक वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में गोंडी में चुनाव बहिष्कार संबंधी वीडियो गीत का फिल्मांकन कर जारी किया गया है। इस वीडियो में एक कलाकार गोंडी बोली में गांव के लोगों से विधानसभा चुनाव में जाकर मतदान करने की अपील कर रहा है तो वहीं दूसरी ओर ग्रामीण इस बात का हवाला देते हुए मतदान नहीं करने की बात कर रहे हैं कि पिछले बार भी उन्होंने मतदान कर राजनैतिक दलों के उम्मीदवारों को चुनाव में जीत दिलाई थी। लेकिन सरकार बनने के बाद लगातार आदिवासियों को जेल भेजा जा रहा है, तो कहीं महिलाओं के साथ अत्याचार किया जा रहा है। अंदरूनी इलाकों तक



मूलभूत सुविधाओं का विस्तार नहीं किया गया है और न ही कोई उनकी सुध लेने वाला है। इसीलिए वे इस चुनाव का बहिष्कार करते हुए मतदान करने नहीं जाएंगे।
वहीं दूसरी ओर वीडियो में बड़ी संख्या में आदिवासी युवक-युवती केंद्र और राज्य सरकार पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए नृत्य करते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो के अंत में लोगों से मतदान करने की अपील करने वाला कलाकार भी मतदान नहीं करने की बात करता है। नक्सल प्रभावित अंदरूनी इलाकों में इस वीडियो का कितना असर होता है और क्या नक्सलियों के चुनाव बहिष्कार के इस फरमान के बाद भी मतदाता निर्भीक और

## राजनीति

### चुनौती को भांपते हुए छत्तीसगढ़ में बीजेपी ने बनायी अलग रणनीति

# भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भूपेश बघेल को घेर रही भाजपा

**एजेंसी। रायपुर**

छत्तीसगढ़ में विधानसभा के चुनाव भूपेश सरकार बनाम भाजपा के बीच होने के आसार नजर आने लगे हैं। कांग्रेस के निशाने पर भाजपा और केंद्र की सरकार है तो वहीं भाजपा के निशाने पर पूरी तरह भूपेश बघेल सरकार है।
राज्य के गठन के बाद यह पहला मौका है जब कांग्रेस की सरकार ने पांच साल का कार्यकाल पूरा किया है। इससे पहले राज्य में भाजपा की 15 साल तक सरकार रही है। वहीं राज्य के गठन के बाद तीन साल कांग्रेस की सरकार रही थी।
लिहाजा दोनों ही दल अपने-अपने शासनकाल की उपलब्धियां और दूसरे के शासनकाल की खामियां गिनाने की कोशिश में लगे हैं।
राज्य में वर्ष 2018 की विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने एक तरफा जीत हासिल की थी और भाजपा को बड़ी हार मिली थी। साथ ही सत्ता से बाहर भी होना पड़ा था। अब चुनाव करीब है तो भाजपा पूरी तरह भूपेश बघेल सरकार पर हमलावर है और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भाजपा और केंद्र सरकार पर लगातार हमले बोल रहे हैं।
कांग्रेस की ओर से बीते पांच साल में सरकार की ओर से किए गए नवाचारों का जिक्र किया जा रहा है जिसमें सबसे पहले है ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए उठाए गए कदमों में ग्रामीण इलाकों में गोठानों का निर्माण, इसके अलावा गोबर व गोमूत्र की खरीदी। इतना ही नहीं रुरल इंडस्ट्रियल पार्क भी सरकार अपनी



उपलब्धि के तौर पर गिना रही है। इसके अलावा बेरोजगारों के लिए दिया जा रहा बेरोजगारी भत्ता, महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए उठाए गए कदम और ओबीसी को आरक्षण, इसके साथ ही कर्मचारियों के नियमितीकरण और उनके हित में लिए गए फैसलों को सरकार जोर-शोर से तो उठा ही रही है, केंद्र सरकार पर असहयोग करने का आरोप भी लगा रही है।
एक तरफ जहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनकी सरकार केंद्र सरकार व भाजपा पर हमलावर है तो वहीं भाजपा के निशाने पर सीधे तौर पर भूपेश बघेल हैं। उन पर शराब घोटाला, रेत घोटाला, कोयला घोटाला से लेकर तमाम घोटाले में शामिल होने के आरोप लगाए जा रहे हैं।
कई सरकारी अधिकारियों के घोटाले में लिप्त होने के भी आरोप भाजपा लग रही है क्योंकि कई अधिकारियों के यहां से केंद्रीय जांच एजेंसियों को करोड़ों की संपत्ति मिली है और वह जेल की हवा खा रहे हैं। छत्तीसगढ़ के राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राज्य के चुनाव पूरी तरह भूपेश बघेल सरकार बनाम भाजपा के बीच होने वाले हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों या गृहमंत्री अमित शाह या पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, सभी के निशाने पर भूपेश बघेल की सरकार होती है और उन घोटाले का जिक्र किया जाता है जिनको लेकर केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। यह बात अलग है कि कांग्रेस ऐसे राजनीतिक विद्वेष का परिणाम बताती है, मगर जनता के बीच घोटाले की चर्चा तो हो ही जाती है। वहीं दूसरी ओर भूपेश बघेल के जनहितकारी फैसला भी जनता के बीच है, कुल मिलाकर यह चुनाव भूपेश बघेल बनाम भाजपा होता नजर आ रहा है।

### पति की हत्या मामले में प्रेमी संग पत्नी गिरफ्तार


**सोनभद्र।** घर से पांच दिनों से लापता व्यक्ति की हत्या कर शव फेंकने के मामले में पुलिस ने सोमवार को युवक की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। प्रेम संबंधों में बाधक बन रहे पति की हत्या दोनों ने मिलकर कुल्हाड़ी से मारकर की थी। शव को घर से आठ किलोमीटर दूर जंगल में फेंका था। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने बताया कि खरवार निवासी रामसनेही ने सूचना दी कि उनका पुत्र प्रेम मोहन खरवार उर्फ डॉक्टर पिछले पांच दिनों से गायब था। 12 अक्टूबर को उसका शव तुर्रा घाटी के झाड़ियों में मिला। पिता ने आरोप लगाया कि उसके बेटे की हत्या उसकी पत्नी व उसके प्रेमी ने मिलकर की है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना जुगैल पर हत्या व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू किया गया।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## गागर में सागर

### ऐतिहासिक है कश्मीर के शारदा मंदिर में नवरात्रि का पूजन : शाह



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि यह आध्यात्मिक महत्व की बात है कि 1947 के बाद पहली बार इस वर्ष कश्मीर के ऐतिहासिक शारदा मंदिर में नवरात्रि पूजा आयोजित की गई है। शाह ने सोमवार को कहा कि इस वर्ष चैत्र नवरात्रि के अवसर पर भी यहां पूजा की गई थी और अब शारदीय नवरात्रि के अवसर पर भी मंदिर में पूजा के मंत्र गूंज रहे हैं। इस बात से पता चलता है कि जम्मू-कश्मीर में शांति लौट रही है। शाह ने कहा कि उन्हें 23 मार्च, 2023 को इस मंदिर को दोबारा खोलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। यह न केवल घाटी में शांति लौटने का प्रतीक है बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक लौ के फिर से प्रज्ज्वलित होने का भी प्रतीक है।

### न्यूजक्लिक के संस्थापक की गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका



**नई दिल्ली।** न्यूजक्लिक के संस्थापक-संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और मानव संसाधन प्रमुख अमित चक्रवर्ती ने यूएपीए के प्रावधानों के तहत दिल्ली पुलिस द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। सोमवार को सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने.कहा कि मामले के कागजात देखने के बाद मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। न्यूजक्लिक अधिकारियों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने एक आउट-ऑफ-टर्न उल्लेख किया और अपनी याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग की।

### बृजभूषण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने पर 19 को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों के संबंध में भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के मामले पर सुनवाई के दौरान बृजभूषण की ओर से पेश वकील ने कहा कि शिकायत कॉस्मेटिक तरीके से दर्ज कराई गई, बृजभूषण ने पहलवानों को नोटिस जारी कर कभी ऑफिस में नहीं बुलाया। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने आरोप तय करने के मामले पर अगली सुनवाई 19 अक्टूबर को करने का आदेश दिया।

# भारत-वियतनाम की साझेदारी होगी मजबूत : एस जयशंकर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्री वर्तमान में वियतनाम यात्रा पर हैं। सोमवार को उन्होंने वहां के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह से मुलाकात की और उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन दिया। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में आगे विकास के लिए उनका मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा। एक मजबूत भारत-वियतनाम साझेदारी स्थिर, सुरक्षित और समृद्ध हिन्द-प्रशांत में योगदान देगी।

इससे पहले विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर और उनके समकक्ष बुई थान सोन ने आज हनोई में 18वें भारत-वियतनाम संयुक्त आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता की। विदेश मंत्री ने बैठक को सार्थक बताया और कहा कि विश्वास है कि आने वाले वर्षों में हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी और मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि दोनों



देशों के बीच हुई चचाओं में राजनीतिक, रक्षा और समुद्री सुरक्षा, न्यायिक, व्यापार और निवेश, ऊर्जा, विकास, शिक्षा और प्रशिक्षण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सांस्कृतिक क्षेत्रों में सहयोग शामिल था। साथ ही भारत-प्रशांत क्षेत्र, वैश्विक मुद्दों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और विभिन्न बहुपक्षीय समूहों में हमारे सहयोग पर दृष्टिकोण भी साझा किया गया। विदेश मंत्री ने 'हिन्द-प्रशांत में भारत' विषय पर वियतनाम की डिप्लोमैटिक अकादमी को संबोधित भी किया। उन्होंने हिन्द-प्रशांत निर्माण में सहयोग करने में समाये साझा हितों पर चर्चा की। आसियान की केंद्रीयता के महत्व को रेखांकित किया और क्वाड के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे भारत और वियतनाम अपनी स्वतंत्र सोच के साथ बहुध्रुवीय और नियम आधारित वैश्विक व्यवस्था को बढ़ावा दे सकते हैं। जयशंकर ने वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के बाहरी संबंध आयोग के अध्यक्ष ले होई ट्रुंग के साथ भी विचारों का उपयोगी आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्री ने कहा कि इस दौरान प्रमुख क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भारत और वियतनाम का एक सा दृष्टिकोण स्पष्ट उभरकर आया है।

विदेश मंत्री ने अपने समकक्ष बुई थान सोन के साथ संयुक्त रूप से भारत और वियतनाम के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाने वाले स्मारक टिकटों का अनावरण किया। कलारीपयट्टु और वोविनम को दर्शाने वाले टिकट खेल के प्रति दोनों देशों की साझा आत्मीयता को दर्शाते हैं और मजबूत सांस्कृतिक, सामाजिक और लोगों से लोगों के संबंधों का जश्न मनाते हैं। उल्लेखनीय है कि विदेश मंत्री एस जयशंकर रविवार को वियतनाम और सिंगापुर की छह दिवसीय यात्रा पर हनोई पहुंचे थे। वियतनाम से जयशंकर 19 से 20 अक्टूबर तक सिंगापुर की यात्रा पर रहेंगे।

## बद्री-केदार सहित चार धामों में हो रही जोरदार बर्फबारी

**एजेंसी**
**जोशीमठ/गोपेश्वर/उत्तरकाशी।** बद्रीनाथ और केदारनाथ सहित चारों धामों में जोरदार बर्फबारी हो रही है। यानी बद्री-केदार के साथ उच्च हिमालयी क्षेत्रों में दोपहर बाद से बर्फबारी शुरू हो गयी। इसके साथ ही निचले इलाकों में भी तेज बारिश के चलते कड़ाके की ठंड पड़नी शुरू हो गई है। इसके मद्देनजर मंदिर समिति और जिला प्रशासन धामों में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाओं में जुट गया है। उत्तराखंड के मौसम विभाग का पूर्वानुमान एक बार फिर सही साबित हुआ है। सुबह से बादल छाए रहने के बाद दोपहर से निचले इलाकों में मूसलाधार बारिश शुरू है तो बद्रीनाथ धाम, केदारनाथ, यमुनोत्री, गंगोत्री धामों और हेमकुण्ड साहिब-लोकपाल सहित नीती-माणा घाटियों में जोरदार बर्फबारी हो रही है। इससे पूरे क्षेत्र ठंड बढ़ गई है। ठंड बढ़ने से श्रद्धालुओं और



तीर्थयात्रियों के साथ स्थानीय लोग भी गर्म कपड़ों में लिपटे दिखाई दे रहे हैं।

बद्रीनाथ एवं केदारनाथ धामों मे बीकेटीसी एवं जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं को अलाव की व्यवस्था भी की जा रही है। बर्फबारी के बाद अधिकांश तीर्थयात्रियों का दर्शनों के बाद धामों से लौटने का क्रम जारी है। बीकेटीसी अध्यक्ष अजेन्द्र अजय ने बद्रीनाथ एवं केदारनाथ में मौजूद मंदिर समिति के आलाधिकारियों को श्रद्धालुओं के लिए बेहतर दर्शन एवं अलाव आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं।

## 2024 चुनाव से पहले महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने को लेकर याचिका दाखिल


**एजेंसी। नई दिल्ली**

2024 के लोकसभा चुनाव से पहले महिला आरक्षण विधेयक को लागू करने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। कांग्रेस नेता जया ठाकुर द्वारा वकील वरिंदर कुमार शर्मा के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है,संवैधानिक संशोधन को अनिश्चित अवधि के लिए रोका नहीं जा सकता। इसमें कहा गया है कि जनगणना और परिसीमन की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि सीटों की संख्या पहले ही घोषित की जा चुकी है और वर्तमान संशोधन मौजूदा सीटों के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण देता है। याचिका में कहा गया है, संशोधन को तुरंत लागू करने के लिए यह एक आकस्मिक स्थिति है, यही कारण है कि महिला आरक्षण विधेयक को पारित करने के लिए एक विशेष उद्देश्य के लिए विशेष सत्र बुलाया गया था, लेकिन विवादित रुकावट डालना लोकतांत्रिक प्रक्रिया में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के उद्देश्य को विफल करना है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक 2023 - इस साल सितंबर में संसद के एक विशेष सत्र में पारित किया गया था। यह लोकसभा और दिल्ली सहित सभी राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत कोटा अनिवार्य करता है।

## शेरेबीबी में 224 मीटर सेतु का निर्माण कार्य पूरा : नितिन गडकरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में लगभग 12 करोड़ की लागत से शेरेबीबी में 224 मीटर के दो-लेन के पुल का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। सोमवार को केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने सोशल मीडिया के एक प्लेटफार्म पर पोस्ट कर बताया कि यह पुल



एनएच -44 के रामबन से बनिहाल खंड पर स्थित है। इससे यात्रा दूरी 125 मीटर कम होगी और खड़ी ढलान से बचा जा सकेगा। इससे वाहनों की आवाजाही आसान होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि में योगदान देगी और समग्र कनेक्टिविटी को बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत हम जम्मू एवं कश्मीर राज्य में बेहतर राजमार्ग बुनियादी ढांचा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम हैं।

## निशिकांत का महुआ पर आरोप, संसद में हिरानंदानी को लाभ पहुंचाने को पूछे सवाल

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

खुद एक उद्योगपति को लेकर चर्चित रहे झारखंड के गोड्डा लोकसभा क्षेत्र से तीसरी बार भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक पत्र लिखा है कि तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा ने हाल ही में संसद में 61 सवाल पूछे, जिनमें से 50 सवाल बिजनेसमैन दर्शन हीरानंदानी और उनकी कंपनी के व्यावसायिक हितों की रक्षा करने के लिए पूछा था। निशिकांत दुबे ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से महुआ मोइत्रा को तत्काल संसद से निलंबित करने का आग्रह किया है। उन्होंने पत्र में कहा है कि इस बारे में कोई संदेह नहीं है कि संसदीय प्रश्न पूछ कर एक व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी के व्यावसायिक हितों को हासिल करने और उनकी रक्षा के लिए महुआ मोइत्रा ने आपराधिक साजिश रची है। उन्होंने 12 दिसंबर 2005 की घटना कैश फॉर क्वेरी भी याद दिलाया है। इनके अलावा भाजपा से जुड़े दिल्ली के एक अधिवक्ता ने आरोप लगाया है कि टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा उद्योगपति दर्शन हीरानंदानी से पैसे लेती हैं और उसके बाद सदन में सरकार से सवाल करती हैं। इनके इस तरह के आरोपों पर उद्योगपति हीरानंदानी के प्रवक्ता ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि हम कारोबार करते हैं, राजनीति नहीं। हम देश की भलाई के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करते रहे हैं, करते रहेंगे। लेकिन इस मुद्दे पर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। यह कि यदि कोई सांसद संसद में अडानी के किसी मामले के बारे में सवाल करता है, सरकार के संबंधित मंत्रालय को पत्र लिखकर उससे संबंधित डिटेल मांगता है , तो उसको इस तरह संसद से तत्काल निलंबित करने के लिए लोकसभा अध्यक्ष या राज्य सभा सभापति को पत्र लिखा जाएगा। मालूम हो कि लोकसभा व राज्य सभा में ऐसे सांसदों की संख्या दहाई में है जिनके संबंध देश के कई बड़े उद्योगपतियों से हैं। किसी को अंबानी का , किसी को बिड़ला का , किसी को रुइया का आदमी कहा जाता है। कुछ तो उद्योगपतियों की कंपनी में जुड़े रहे हैं। खुद जिस दुबे ने मोइत्रा के बारे में लिखा है उनके भी एक उद्योगपति के लिए बहुत कुछ करते रहने का आरोप लगते रहे हैं। तृणमूल सांसद मोइत्रा ने तो दुबे पर गलत तरीके से डिग्री लेने का भी आरोप लगाते हुए उसकी जांच कराकर कार्रवाई करने की मांग की है। लेकिन उस पर सरकार अभी तक कुछ नहीं की है। जहां तक उद्योगपति दर्शन हीरानंदानी का सवाल है , वह देश की सबसे बड़ी रियल एस्टेट फर्म हीरानंदानी ग्रुप के सीईओ हैं।

## मिशन गगन यान : श्रीहरिकोटा से 21अक्टूबर को होगा लॉन्च



**एजेंसी। नई दिल्ली**

मिशन गगन यान के पहले परीक्षण उड़ान के लिए अब उल्टी गिनती शुरू हो गई है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को बताया कि मिशन गगन यान का फ्लाइट टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन (टीवीडी-1) परीक्षण उड़ान के लिए 21 अक्टूबर को निर्धारित है । यह परीक्षण उड़ान श्री हरिकोटा से 21 अक्टूबर सुबह 7 बजे से 9 बजे के बीच होगा। इसरो इस टेस्ट के जरिए क्रू एस्केप सिस्टम के असर को भी जांचेगा। यह 'गगन यान' मिशन का बेहद अहम हिस्सा है। इसकी मदद से 2024 तक भारत मानव-रहित और मानव-सहित अंतरिक्ष मिशन भेजने की योजना बना रहा है। उल्लेखनीय है कि मिशन गगन यान मानव सहित महत्वपूर्ण अंतरिक्ष अभियान है जिसके चार चरण हैं। 21 अक्टूबर को मिशन का पहला चरण लॉन्च किया जाएगा। सिस्टम का परीक्षण करने के लिए तीन और परीक्षण उड़ानें टीवी-डी2, टीवी-डी3 और टीवी-डी4 होंगी। इसरो ने हाल ही में अपने एक ट्वीट के जरिए जानकारी दी थी कि फ्लाइट टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) की तैयारी चल रही है, जो क्रू एस्केप सिस्टम के प्रदर्शन को प्रदर्शित करता है।

## FILMY हलचल

### भारत की पहली एरियल एक्शन फिल्म 'तेजस' के लिए बिल्कुल फिट हैं कंगना

**कंगना** रनौत का नाम निडरता और बहुमुखी प्रतिभा के पावरहाउस के रूप में सामने आता है।



'तेजस' में लीड रोल निभाने वाली एक्ट्रेस बिल्कुल परफेक्ट हैं। कंगना को न केवल अभिनय के लिए बल्कि अपनी कला के प्रति अविश्वसनीय समर्पण के लिए भी जाना जाता है। 'क्वीन' में रानी के किरदार से लेकर 'मणिकर्णिका' में झांसी की रानी तक, उन्होंने सभी भूमिकाओं में शानदार प्रदर्शन किया। 'तेजस' में वह फाइटर पायलट की भूमिका निभा रहीं हैं। इस भूमिका को निभाने के लिए फिजिकल और मेंटर तौर पर काफी मजबूत होने की जरुरत होती है। फाइटर पायलट की भावना अद्वितीय साहस में से एक है। यह एक ऐसी दुनिया है जहां व्यक्तियों को सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है, जहां सफलता अक्सर बिना सोचे-समझे लिए गए निर्णयों का परिणाम है। 'तेजस' बहादुर महिलाओं को सलाम करती है।

### पूर्व मिस वर्ल्ड प्रतियोगी शेरिका डी अरमास का निधन



**पूर्व** 'मिस वर्ल्ड' प्रतियोगी शेरिका डी. अरमास की 26 वर्ष की उम्र में मौत हो गई। उन्होंने वर्ष 2015 में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में उरुग्वे का प्रतिनिधित्व किया। शेरिका कई सालों से ओवेरियन कैंसर से जूझ रही थीं। शेरिका डी. अरमास की मौत की खबर से उनके प्रशंसकों को झटका लगा है। शेरिका के निधन के बाद कई स्तरों से शोक व्यक्त किया जा रहा है। शेरिका की मौत के बाद उनके भाई मंयक डी. अरमास ने सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि, हमेशा ऊंची उड़ान भरो मेरी छोटी बहन.. साथ ही 'मिस यूनिवर्स' पोस्ट शेयर कर शेरिका को श्रद्धांजलि दी है।

### नवरात्र पर कल्लू का गाना 'प्यारा सजा है...' रिलीज

**भोजपुरी** सिनेजगत में युवा दिलों की धड़कन नाम से मशहूर सिंगर व एक्टर अरविंद अकेला कल्लू का नवरात्र स्पेशल गाना 'प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी...' आज रिलीज हो गया है। इस गाने में कल्लू ने माता के दरबार में खड़े होकर उनका गुणगान किया है। गाने के जरिये कल्लू ने मां दुर्गा का स्मरण भी किया है और इस पावन पर्व के बारे में सुरीली प्रस्तुति दी। इस गाने को कल्लू ने शिवानी सिंह के साथ मिलकर गाया है, जो अपनी आवाज से दर्शकों को मन्त्रमुग्ध कर देते हैं। ऐसे में कल्लू और शिवानी ने मिलकर एक खूबसूरत गाना लेकर आये हैं, जो दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है।



कल्लू का गाना 'प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी...' टी-सीरिज हमार भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज हुआ है, जिसे कल्लू के चाहने वालों के साथ देवी मां के भक्त भी खूब पसंद कर रहे हैं। वहीं गाने को लेकर कल्लू ने कहा कि जगत जननी मां अम्बे की महिमा निराली है। वे अपने भक्तों की तारणहार हैं। उनका श्रृंगार शक्ति है, उनका स्वाभाव दयालु है। ऐसी मां अम्बे को मेरा बारम्बर प्रणाम। मैं अपने चाहने वालों से आग्रह करूंगा कि माता के इस गीत को अपना आशीर्वाद दें। गाना 'प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी...' में अरविंद अकेला कल्लू और शिवानी सिंह की आवाज कर्णप्रिय है। इसके संगीतकार प्रियांशु सिंह हैं। गीतकार आशुतोष तिवारी हैं। गाने में काजल राज, खुशी यादव और देबो श्री हैं।

## शिखर सम्मेलन — पीएम आज करेंगे ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट का उद्घाटन

# समुद्री क्षेत्र में निवेश पर होगा जोर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को सुबह लगभग 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट (जीएमआईएस) 2023 के तीसरे संस्करण का उद्घाटन करेंगे। शिखर सम्मेलन 17 से 19 अक्टूबर तक मुंबई के एमएमआरडीए मैदान में आयोजित किया जाएगा। तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन में भविष्य के बंदरगाहों सहित समुद्री क्षेत्र के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा और विचार-विमर्श किया जाएगा। यह शिखर सम्मेलन देश के समुद्री क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए एक उत्कृष्ट मंच भी प्रदान करेगा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री



भारतीय समुद्री ब्लू अर्थव्यवस्था के लिए दीर्घकालिक खाका 'अमृत काल विजन 2047' का अनावरण करेंगे।

प्रधानमंत्री इस भविष्यवादी योजना के अनुरूप 23 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन, राष्ट्र को समर्पण और आधारशिला रखेंगे। यह शिखर सम्मेलन देश का सबसे बड़ा समुद्री कार्यक्रम है। इसमें यूरोप, अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका, एशिया (मध्य एशिया, मध्य पूर्व और बिम्सटेक क्षेत्र सहित) देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले दुनिया भर के मंत्री भाग लेंगे। शिखर सम्मेलन में दुनिया भर से वैश्विक सीईओ, व्यापारिक नेता, निवेशक, अधिकारी और अन्य हितधारक भी भाग लेंगे। इसके अलावा शिखर सम्मेलन में कई भारतीय राज्यों का प्रतिनिधित्व भी मंत्रियों और अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों द्वारा किया जाएगा।

प्रधानमंत्री गुजरात के दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण में 4,500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनने वाले टूना टेकरा ऑल वेदर डीप ड्राफ्ट टर्मिनल की आधारशिला रखेंगे। इस अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड टर्मिनल को पीपीपी मोड में विकसित किया जाएगा। इस टर्मिनल के अंतरराष्ट्रीय व्यापार केंद्र के रूप में उभरने की संभावना है।

### महिलाओं को सशक्त बनाएगा नारी शक्ति वंदन अधिनियम : प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाएगा। केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी के एक लेख के बारे में 'एक्स' पर चर्चा करते हुए कहा प्रधानमंत्री ने लिखा उन्होंने अपने आलेख में बताया है कि हाल में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम किस तरह महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रतीक है और महिलाओं के लिए आह्वान है कि वह देश का नेतृत्व करें और उसे एक उज्वल भविष्य की ओर ले जाएं। उल्लेखनीय है कि रेड्डी ने बीते दिनों एक लेख लिखकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम की तारीफ की थी। उन्होंने अपने लेख में लिखा था कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महज एक विधान का टुकड़ा नहीं है, बल्कि सशक्तिकरण का प्रतीक है, एक जोरदार आह्वान है, जो नारी शक्ति के उत्थान और हमारे शानदार राष्ट्र को एक उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाने की उनकी तत्परता का संदेश देता है।

## गागर में सागर

### रुपया छह पैसे की बढ़त के साथ 83.24 प्रति डॉलर पर रहा



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले छह पैसे की बढ़त के साथ 83.24 पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू मुद्रास्फीति में गिरावट, औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों में वृद्धि और व्यापार घाटे में सुधार से स्थानीय मुद्रा को बल मिला। हालांकि, भू-राजनीतिक तनाव खासकर इजराइल-हमास संघर्ष ने निवेशकों की भावनाओं को प्रभावित किया है।
अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.25 प्रति डॉलर के भाव पर खुला और फिर 83.24 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद स्तर से छह पैसे की बढ़त है। शुक्रवार को रुपया 83.30 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 106.53 पर रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 90.99 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 317.01 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

### अडाणी ग्रुप बंदरगाह कारोबार में करेगा 20,000 करोड़ रुपए का बड़ा निवेश



**नई दिल्ली।** अडाणी समूह ने अपने बंदरगाह कार्गो की क्षमता 2030 तक चार गुना बढ़ाकर 1 अरब टीयू करने के लिए 20,000 करोड़ रुपए का निवेश करने की योजना बनाई है। समूह की योजना दुनिया की सबसे बड़ी बंदरगाह कंपनी बनने की है। अडाणी समूह के उत्तराधिकारी और अडानी पोर्ट्स ऐंड सेज के मुख्य कार्याधिकारी करण अडानी ने सोमवार को कहा कि अगर अच्छा स्थानीय साझेदार मिले और देश राजनीतिक एवं आर्थिक तौर पर स्थिर हो तो समूह किसी भी देश में बंदरगाह क्षेत्र में अधिग्रहण की संभावना तलाश सकता है। अडाणी समूह ने इस साल की शुरूआत में इजरायल में हाइफा पोर्ट का 1.2 अरब डॉलर में अधिग्रहण किया है और अब पूर्वी अफ्रीका (केन्या एवं तंजानिया), वियतनाम तथा भूमध्यसागर इलाके में वह बंदरगाह का अधिग्रहण की संभावनाएं तलाश रहा है। अडाणी ने कहा, विदेशी बंदरगाहों के भारत के साथ अच्छे व्यापारिक संबंध होने चाहिए और निवेश के लिहाज से उसकी घरेलू अर्थव्यवस्था भी मजबूत होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया में कई बंदरगाहों का परिचालन सरकारों द्वारा किया जाता है और वे इसका निजीकरण करने की संभावनाएं टटोल रही हैं। हमारी नजर ऐसे ही बंदरगाहों पर है। अडाणी ने कहा कि हाइफा पोर्ट के परिचालन पर अभी तक हमास और इजरायल युद्ध का कोई असर नहीं हुआ है।

### एक साल के निचले स्तर पर डेल्टा का शेयर

**नई दिल्ली।** कैसिनो चेन डेल्टा कॉर्प के शेयरों में आज भारी दबाव दिख रही है। जीएसटी (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) नोटिस पर आज यह 10 फीसदी टूटकर लोअर सर्किट पर आ गया। यह इसके लिए एक साल का निचला स्तर है। फिलहाल यह इसी लोअर सर्किट 126 रुपए पर बना हुआ है। शेयरों में बिकवाली का यह दबाव इसकी सब्सिडियरी डेल्टाटेक गेमिंग को 6384 करोड़ रुपए का जीएसटी नोटिस मिला है। इससे पहले भी डेल्टा कॉर्प को जीएसटी नोटिस मिल चुका है। 22 सितंबर को डेल्टा कॉर्प को 11140 करोड़ रुपए के टैक्स बकाए का नोटिस मिला था। इसके अलावा कंपनी की तीन सब्सिडियरीज कैसिनो, डेल्टिन डेंजोंग, हाईस्ट्रीट क्रूजेज और डेल्टा प्लेजर क्रूजेज को 5682 करोड़ रुपए का नोटिस मिला था।

## मनरेगा में 95 फीसदी बजट हुआ खर्च

# 40 हजार करोड़ और बढ़ाएगी सरकार




एजेंसी। नई दिल्ली
मनरेगा स्कीम से जुड़े लोगों के लिए अच्छी खबर सामने आई है। सरकार मनरेगा के बजट में अतिरिक्त राशि जोड़ने जा रही है। मौजूदा वित्त वर्ष के लिए पहले ही बजट का 95 फीसदी हिस्सा जारी किया है, जिसका उपयोग किया जा चुका है और अब केंद्र इसे और बढ़ाना चाहता है। फाइनेंशियल एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्र सरकार जल्द ही 30 से 40 हजार करोड़ रुपये अतिरिक्त प्रदान करेगी। इसके अलावा, हेराफेरी में बढ़ी घटनाओं को रोकने के लिए भी सरकार विचार कर रही है। दिसंबर में संसद के शीतकालीन सत्र में पेश की जाने वाली अनुदान की पहली मांग के लिए अतिरिक्त आवंटन की मंजूरी मांगी जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार योजना को बिना किसी व्यवधान के सही तरीके से चलाई जाएगी। केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2024 के लिए अबतक 56,994 करोड़ रुपये या 60,000 करोड़ रुपये के बजट अनुमान का 95 फीसदी जारी किया है। चालू वित्त वर्ष के 15 अक्टूबर तक 67,403 करोड़ रुपये के मुकाबले खर्च 66,704 करोड़ रुपये हुआ है। वहीं अभी इस वित्त वर्ष में पांच महीने बचे हैं। ऐसे में बजट का खर्च 90 हजार रुपये से 1 ट्रिलियन रुपये तक पहुंच सकता है। अधिकारी ने कहा कि लोगों को दिया गया कार्य करीब 3 बिलियन हो सकता है। हालांकि राजकोषीय घाटे पर कोई प्रभावन नहीं पड़ेगा। वित्त वर्ष 24 में अब तक इस योजना के तहत 1.93 अरब व्यक्ति दिवस का कार्य दिया जा चुका है। वित्त वर्ष 2023 में 2.94 बिलियन व्यक्ति दिवस, जबकि वित्त वर्ष 2022 में 3.63 बिलियन और वित्त वर्ष 2021 में रिकॉर्ड 3.89 बिलियन कार्य दिवस दिया गया था। अधिकारी आंकड़ों के मुताबिक, महीने के दौरान काम की मांग जून में 33.7 मिलियन से घटकर सितंबर 2023 में 18.5 मिलियन हो गई है। मनरेगा के तहत सरकार ने वेतन में भी इजाफा किया है। ऐसे में इस योजना का बजट और बढ़ सकता है। वित्त वर्ष 24 में अब तक औसत वेतन 237.96 रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 23 में 217.9 रुपये, वित्त वर्ष 22 में 208.84 रुपये, वित्त वर्ष 2021 में 200.71 रुपये और वित्त वर्ष 2020 में 182.09 रुपये था।

## वाहनों की थोक बिक्री सितंबर में करीब दो प्रतिशत बढ़ी : सियाम



एजेंसी। नई दिल्ली
घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की थोक बिक्री सितंबर में सालाना आधार पर 1.87 प्रतिशत बढ़कर 3,61,717 इकाई हो गई। वाहन विनिमार्ताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने सोमवार को यह जानकारी दी। सितंबर 2022 में विनिमार्ताओं द्वारा डीलरों को 3,55,043 यात्री वाहनों की आपूर्ति की गई थी। सियाम ने बताया कि दोपहिया वाहनों की बिक्री पिछले महीने बढ़कर 17,49,794 इकाई हो गई, जो एक साल पहले की अवधि में 17,35,199 इकाई थी। सितंबर 2023 में तिपहिया वाहनों की कुल थोक बिक्री सितंबर 2022 में 50,626 इकाइयों से बढ़कर 74,418 इकाई रही। सितंबर 2023 में कुल बिक्री 21,41,208 इकाई रही, जो सितंबर 2022 में 20,93,286 इकाई थी। जुलाई-सितंबर तिमाही में कुल बिक्री 61,16,091 इकाई रही, जो पिछले वर्ष दूसरी तिमाही में 60,52,739 इकाई थी। यात्री वाहनों की बिक्री जुलाई-सितंबर अवधि में मामूली रूप से बढ़कर 10,26,309 रही, जो पिछले साल समान अवधि में 10,74,189 इकाई थी। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री बढ़कर 2,47,929 इकाई रही, जो एक साल पहले समान अवधि में 2,31,991 इकाई थी। दूसरी तिमाही में तिपहिया वाहनों की कुल बिक्री बढ़कर 1,95,215 इकाई हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 1,20,319 इकाई थी।
सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि यात्री वाहनों, तिपहिया वाहनों और वाणिज्यिक वाहन खंडों में 2023-24 की दूसरी तिमाही में वृद्धि देखी गई। हालांकि दोपहिया वाहनों की थोक संख्या में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में मामूली गिरावट दर्ज की गई।

## त्योहारों से पहले तोहफा, सितंबर में भी शून्य से नीचे रही थोक महंगाई



एजेंसी। नई दिल्ली
महंगाई के मोर्चे पर लगातार राहत भरी खबरें आ रही हैं। खुदरा महंगाई के बाद अब थोक महंगाई के आंकड़ों ने भी त्योहारों से पहले लोगों को तोहफा दिया है। आंकड़ों के अनुसार, सितंबर महीने के दौरान कीमतों में और गिरावट दर्ज की गई है। इसके साथ ही थोक महंगाई की दर लगातार छठे महीने शून्य से कम रही है। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, सितंबर महीने के दौरान थोग महंगाई की दर -0.26 फीसदी यानी शून्य से 0.26 फीसदी नीचे रही है। यह बताता है कि सितंबर महीने के दौरान थोक स्तर पर कीमतों में 0.26 फीसदी की गिरावट आई है। इससे पहले अगस्त महीने के दौरान थोक महंगाई की दर शून्य से 0.52 फीसदी नीचे रही थी। देश में थोक महंगाई की दर अप्रैल 2023 से लगातार शून्य से नीचे है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सितंबर महीने के दौरान प्राइमरी आर्टिकल्स की कीमतों में अच्छी-खासी नरमी देखी गई। इस कैटेगरी में महंगाई की दर जुलाई में 8.24 फीसदी पर पहुंच गई थी। उसके बाद अगस्त में कमी आई थी और दर 6.34 फीसदी पर आ गई थी। अब सितंबर में प्राइमरी आर्टिकल्स की महंगाई दर और कम होकर 3.70 फीसदी रह गई है।

### एसबीआई ग्राहकों को यूपीआई पेमेंट करने में आ रही दिक्कत

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के ग्राहकों के लिए बड़ी खबर है। दरअसल, एसबीआई की यूपीआई सर्विस पिछले 3 दिन से काम नहीं कर रही है जिसके चलते बैंक के करोड़ों वढकयूजर्स को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैंक ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस बात कि जानकारी दी है कि उनका यूपीआई सिस्टम थोड़ा वीक है और लोगों को इससे पेमेंट करने में दिक्कत भी आ सकती है।
सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एसबीआई ने इसका कारण बताते हुए कहा है कि वो अभी टेक्नोलॉजी अपग्रेड करने के प्रोसेस में हैं। ऐसे में आपको यूपीआई सर्विस में कभी-कभी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। हम इसके लिए खेद व्यक्त करते हैं। हम जल्द ही आपको अगला अपडेट देंगे। बता दें ग्राहकों को शनिवार से ही यूपीआई इस्तेमाल करने में दिक्कत आ रही है।

# बेस्ट रिवाड्र्स और लाभ के लिए इस्तेमाल करें अमेजन पे

नवीनं मेल संवाददाता। रांची
त्योहारी सीजन की शुरूआत के साथ, आप आकर्षक भुगतान ऑफर्स के माध्यम से बड़ी बचत कर सकते हैं। ये विशेष ऑफर्स और रिवाड्र्स यह सुनिश्चित करेंगे कि आपको अमेजन पे के माध्यम से अधिकाधिक रीवाड्र्स के साथ बेहतरीन भुगतान अनुभव मिल सके। प्राइम मेंबर्स विशेष डील के तहत कैशबैक, तत्काल बैंक ऑफर्स आदि का लाभ लेकर अमेजन पे के साथ बड़ी बचत कर सकते हैं। प्राइम मेंबर बनने का सबसे अच्छा मौका है। प्राइम मेंबर आठ अक्टूबर 2023 से शुरू हुए अमेजान ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023 के दौरान अमेजन.इन पर ऑर्डर करके 1,500 रुपए तक के विशेष ऑफर्स अनलॉक कर सकते हैं। इतना ही नहीं बल्कि ग्राहक अमेजन पे से पैसे भेजकर या स्कैन या भुगतान करके 500 रुपए तक के आकर्षक ऑफर्स अनलॉक कर सकते हैं, जो सभी प्रसिद्ध ऐप्स जैसे उबर, ओला, स्विगी और जोमैटो में रीडीम किए जा सकते हैं। इस त्योहारी सीजन की खरीददारी में अतिरिक्त रिवाड्र्स पाने के लिए प्राइम मेंबर्स को अमेजन पे आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड साइन अप करने पर 2,500 रुपए तक का वेलकम रिवाड्र्स मिलेगा। अमेजान ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान एसबीआई क्रेडिट या डेबिट कार्ड द्वारा खरीददारी करने पर एकल लेनदेन में ग्राहक (10%) 7,500 रुपए तक का तत्काल डिस्काउंट पा सकते हैं। इसके अलावा ग्राहक ज्यादा खरीददारी करके बोनस ऑर्फर्स का भी लाभ ले सकते हैं। अतिरिक्त बचत सुनिश्चित करने के लिए यदि ग्राहक ईएमआई द्वारा भुगतान या ज्यादा ईएमआई अवधि का विकल्प चुनते हैं तो वे अतिरिक्त बैंक डिस्काउंट्स भी पा सकते हैं, जिससे वे अपनी खरीददारी को और ज्यादा किफायती बना सकते हैं। यदि ग्राहक ऑफर अवधि के दौरान अनेक बार खरीददारी करते हैं तो वे 33,000 रुपए तक की बचत कर सकते हैं। अपनी खरीददारी को और भी फायदेमंद बनाने के लिए अमेजन पे के रीवाड्र्स पेज पर जाएं और किराना से लेकर कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर फैशन से लेकर घरेलू उपकरणों आदि श्रेणियों में ऑफर्स जमा करके 7,500 रुपए तक के कैशबैक का दावा करें। ग्राहक अमेजान ऐप द्वारा पैसे भेजने, स्कैन करके भुगतान, बिल या अन्य यूटिलिटी पेमेंट करते समय हर बार शीर्ष ब्रांड्स से शॉपिंग रिवाड्र्स जीत सकते हैं ये विशेष ऑफर कैशबैक के लिए आसानी से रीडीम किए जा सकते हैं, जिससे ग्राहकों की बचत के साथ उन्हें आनंददायी खरीददारी अनुभव भी प्राप्त होता है।

## विदेश

# 2024 से मस्क की कंपनी स्टारलिंक देगी डायरेक्ट टू हैंडसेट सर्विसेस



एजेंसी। वाशिंगटन
एलन मस्क अपने ड्रीम प्रोजेक्ट को जल्द भारत में शुरू करने वाले हैं। स्टारलिंक के जरिये आपको सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस मिलेगी। इस बीच ये खबर सामने है कि कंपनी साल 2024 से डायरेक्ट टू हैंडसेट सेवाएं भी शुरू करने वाली है। मस्क अपने स्टारलिंक सैटेलाइट के जरिए ग्लोबली 2024 से डायरेक्ट टू हैंडेसट सर्विस प्रदान करेंगे। D2H सर्विस के जरिए आप पानी, जमीन और हवा कहीं भी इंटरनेट, टेक्स्ट मैसेज और कॉलिंग आदि का लाभ ले पाएंगे। एळ की रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी ने कहा कि उसकी डायरेक्ट-टू-सेल सेवा इंटरनेट ऑफ थिंग्स उपकरणों को सामान्य लेट स्टैंडड्र्स से भी जोड़ेगी। मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का लक्ष्य 2024 में टेक्स्ट सेवाएं और इसके बाद 2025 में वॉयस और डेटा के साथ-साथ IoT सेवाएं लाने का है। जिन लोगों को नहीं पता कि इंटरनेट ऑफ थिंग्स क्या है तो दरअसल, इसमें टेक्नोलॉजी, सेंसर और सॉफ्टवेयर की मदद से डेटा को एक जगह से दूसरी जगह भेजा जाता है। IOT के जरिए हम इंटरनेट की मदद से डिवाइसेस को एक्सेस और उन्हें कंट्रोल कर सकते हैं। फिलहाल ये जानकारी सामने नहीं है कि स्टारलिंक कि टेक्स्ट और वॉइस सेवाएं पहले किधर शुरू होंगी और इसका प्राइस क्या होगा। अच्छी बात ये है कि डायरेक्ट टू होम सर्विसेस के लिए हार्डवेयर, फर्मवेयर या विशेष ऐप्लिकेशन में कोई बदलाव की आवश्यकता नहीं होगी और आप टेक्स्ट, वॉयस और डेटा का मजा आसानी से ले पाएंगे। यानि ऐसे लोग जो पहले से कंपनी की सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस यूज कर रहे हैं वे पुराने हार्डवेयर पर D2H का लाभ ले पाएंगे। स्टारलिंक ने बताया कि डायरेक्ट-टू-सेल क्षमता वाले उसके सैटेलाइट में एक एडवांस्ड eNodeB मॉडम ऑनबोर्ड है जो अंतरिक्ष में एक मोबाइल टावर की तरह काम करता है और इससे नेटवर्क का एकीकरण होता है।

# बंधक बनाये गये लोगों को बिना शर्त रिहा करे हमास

एजेंसी। तेलअवीव
संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुतारेस ने हमास से सभी बंधकों को बिना किसी शर्त के तुरंत रिहा करने की अपील की और इजराइल से गाजा पट्टी में नागरिकों तक त्वरित और निर्बाध मानवीय मदद पहुंचाने की अनुमति देने का आग्रह किया। हमास शासित गाजा पट्टी में लगभग 23 लाख लोग रहते हैं, जहां पूरी तरह से घेराबंदी कर दी गई है। फलस्तीन के चरमपंथी समूह हमास के साथ जारी युद्ध के चलते इजराइल ने गाजा पट्टी में भोजन, पानी और ईंधन की आपूर्ति बंद कर दी है। इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने सोमवार को कहा कि क्षेत्र की पूर्ण रूप से घेराबंदी" की जाएगी। गुतारेस ने रविवार को एक बयान में कहा, ऐसे क्षण में, जब हम विनाश के कगार पर हैं। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव के रूप में यह मेरा कर्तव्य है कि मैं दो मजबूत मानवीय अपील करूं।" संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने हमास से अपील की कि उसे सभी बंधकों को बिना किसी शर्त के तुरंत रिहा करना चाहिए। गुतारेस ने कहा, गाजा में नागरिकों तक त्वरित और निर्बाध मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए इजराइल को अनुमति प्रदान करनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा, गाजा में पानी, बिजली और अन्य आवश्यक आपूर्ति खत्म हो रही है।" उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के पास मिस्र, जॉर्डन, वेस्ट बैंक और इजराइल में भोजन, पानी, गैर-खाद्य सामग्री, चिकित्सा आपूर्ति और ईंधन का भंडार उपलब्ध है।

## मौत से सिसकती जान

## हमास के सैनिकों ने इजराइल के 199 लोगों को बनाया बंधक

# दोनों ओर से अब तक 4000 से ज्यादा लोगों की हुई मौत



**सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हागारी ने को बताया कि बंधकों के परिवारों को सूचित कर दिया गया है**

एजेंसी। युरूशलम
हमास-इजरायल के बीच 7 अक्टूबर से शुरू हुई जंग पिछले 9 दिन से लगातार जारी है। इजराइल पर हुए अचानक हमास हमले ने दुनिया को हैरान कर दिया था। युद्ध में दोनों तरफ से अब तक 4000 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। हमास के घातक हमले के बाद छिड़े युद्ध में जमीनी स्तर पर इजराइल के संभावित हमले से पहले तटीय इलाके में घिरे फिलिस्तीनियों को भोजन, पानी और सुरक्षित स्थान की तलाश के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। पिछले सप्ताह हमास के अप्रत्याशित हमले के बाद इजराइल ने पूरे गाजा क्षेत्र की घेराबंदी कर दी है और उत्तरी इलाकों को खाली कर फलस्तीनियों को दक्षिण की ओर जाने का आदेश दिया है। इस क्षेत्र में अमेरिकी युद्धपोतों की तैनाती बढ़ने के साथ इजराइली सेना गाजा की सीमा पर लामबंद हो चुकी है। इजराइली सेना ने कहा है कि हमास और अन्य फिलिस्तीनी आतंकवादियों ने गाजा में 199 लोगों को बंधक बना रखा है और यह संख्या पिछले अनुमानों से अधिक है। सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हागारी ने सोमवार को बताया कि बंधकों के परिवारों को सूचित कर दिया गया है। उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि क्या बंधकों की इस संख्या में विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि ये बंधक किसकी कैद में हैं। ऐसा माना जा रहा है कि इनमें से अधिकतर लोगों को गाजा पर शासन करने वाले हमास आतंकवादी समूह ने बंधक बनाया है। इजराइल ने कहा है कि वह चरमपंथी समूह हमास को खत्म करने के लिए एक व्यापक अभियान चलाएगा। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि लड़ाई शुरू होने के बाद से 2,670 फिलस्तीनी मारे गए हैं और 9,600 लोग घायल हो गए हैं। यह संख्या 2014 में इजराइल-गाजा के बीच छिड़े युद्ध से भी अधिक है जो छह सप्ताह से अधिक समय तक चला था। यह पांच गाजा युद्धों में से दोनों पक्षों के लिए सबसे घातक युद्ध बन गया है। इस बार के संघर्ष में 1,400 से अधिक इजराइली मारे गए हैं, जिनमें से अधिकतर नागरिक हमास के सात अक्टूबर के हमले में मारे गए थे। इजराइल के अनुसार, हमास ने बच्चों सहित करीब 199 लोगों को बंधक बना लिया और उन्हें गाजा ले गए।

## पेज एक के शेष

### राज्य में बड़े...

शिक्षकों को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य गठन के दो दशक से ज्यादा हो चुके हैं, लेकिन कभी नियुक्ति नियमावली नहीं बन सकी। इस वजह से पहले जो भी नियुक्तियां हुई, वह विवादों के घेरे में आती रही। मामला न्यायालयों में पहुंचा। इस वजह से नियुक्तियों में तो विलंब हुआ ही, साथ ही भ्रष्टाचार की बातें लगातार सामने आईं। हमारी सरकार पहली बार नियुक्ति नियमावली बनाकर विभिन्न विभागों में खाली पदों पर नियुक्तियां कर रही है। जेपीएससी का रिजल्ट रिकॉर्ड समय में जारी हुआ और इसमें 32 ऐसे अधिकारी बने, जो बीपीएल श्रेणी से आते हैं। यह इस बात का गवाह है कि जेपीएससी की परीक्षा में पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता बरती गई और कहीं कोई विवाद पैदा नहीं हुआ।
**जी-गुरुजी एप की लॉन्चिंग :** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा तैयार जी-गुरुजी एप को लांच किया। इस एप के जरिए राज्य के सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी डिजिटल कंटेंट के साथ ऑडियो-वीडियो माध्यम से विद्यालय के अलावा अपने घर में भी पढ़ाई कर सकते हैं।

### पलामू से ...

मंगरदाहा ढोड़ा की तरफ पैदल बढ़े थे। जैसे ही मंगरदाहा ढोड़ा के पास पहुंचे तो वहां पर सुनसान स्थान में एक मड़ई दिखाई दी। सर्तकता के साथ पुलिस पार्टी मड़ई की तरफ बढ़ी तो एक व्यक्ति पुलिस को देखकर मड़ई से निकलकर धान खेत की ओर भागने लगा। पुलिस बल की सहायता से दौड़ाकर उसे पकड़ लिया गया।
पकड़ाए व्यक्ति से जब पूछताछ की गयी तो उसने अपनी पहचान टीएसपीएसी उग्रवादी संगठन के एरिया कमांडर महेश्वर राम उर्फ विक्रम जी उर्फ कुंदन जी उर्फ शेखर जी के रूप में बताई। उसकी तलाशी ली गयी तो उसकी कमर के बाएं तरफ खोसा हुआ एक देशी लोडेड कट्टा एवं फुलपैंट के बाएं पैकेट से 315 बोर की एक जिंदा गोली, दो मोबाइल फोन, एक डायरी तथा टीएसपीसी संगठन का पर्चा मिला।
महेश्वर राम हरिहरगंज थाना क्षेत्र के भॉवर गांव के टोला मंगरदाहा का निवासी है और लंबे समय से उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के एरिया कमांडर के रूप में सक्रिय था। कई बार जेल भी जा चुका है। पूछताछ के दौरान महेश्वर ने कई खुलासे किए हैं, जिस पर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

### डिलीवरी ब्वॉय से...

में बांटे जाने की तैयारी है। रांची, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो सहित बड़े शहरों में कार्यरत कर्मचारियों को 'ए', नगर निगम-नगर पालिका व नगर पर्षद में कार्यरत कर्मचारियों को 'बी' और ग्रामीण व सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों को 'सी' श्रेणी में रखा जाएगा और इसी मापदंड के आधार पर न्यूनतम मजदूरी का निर्धारण किया जाएगा।

### जातीय समीकरण ...

टेकलाल महतो की महतो वोट बैंक पर अच्छी पकड़ थी। इसलिए माना जाता है कि उन्हें इस समाज का समर्थन हासिल है। उधर, बाबूलाल मरांडी को कुछ दिन पहले ही भाजपा ने पार्टी की कमान दी थी। बाबूलाल 2024 के लक्ष्य को देखते हुए राज्य में संकल्प यात्रा कर कार्यकर्ताओं को एक्टिव कर रहे है और पार्टी के पक्ष में माहौल बना रहे हैं। बाबूलाल झारखंड में बेदाग छवि वाले एक बड़े आदिवासी नेता हैं। वह झारखंड के पहले मुख्यमंत्री भी रहे हैं। हालांकि 14 सालों तक वह बीजेपी से अलग अपनी पार्टी चलाते रहे लेकिन 2020 में फिर से बीजेपी में शामिल हो गए। फिलहाल बीजेपी उन्हें आगे बढ़ाकर राज्य में आदिवासी कार्ड खेल रही है. इनके अलावा झारखंड में तीन और दिग्गज नेता हैं, जिन्हें पार्टी और सरकार में जिम्मेवारी मिली हुई है। तीन बार झारखंड में मुख्यमंत्री रहे अर्जुन मुंडा राज्य के बड़े आदिवासी नेता हैं, उन्हें पीएम मोदी की सरकार में आदिवासी मंत्रालय की जिम्मेवारी मिली हुई है। पिछड़े समाज से आने वाली अन्नपूर्णा देवी भी मोदी की टीम में हैं। उन्हें केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री की जिम्मेवारी मिली हुई है। वहीं पिछड़े वर्ग के नेता और झारखंड में पहली बार मुख्यमंत्री का कार्यकाल पूरा करने वाले नेता रघुवर दास को पार्टी में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेवारी मिली हुई है। बिरंची नारायण ओबीसी वर्ग से आते हैं, वह विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक हैं। भाजपा ने आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को देखते हुए सियासी समीकरण सेट कर दिया है।



## फॉर्म में चल रही द.अफ्रीका के सामने नीदरलैंड की चुनौती कमजोर



**एजेंसी। धर्मशाला**

विश्व कप में अब तक शानदार फॉर्म में चल रही दक्षिण अफ्रीका ने विरोधी टीमों के लिये खतरे की घंटी बजा दी है और मंगलवार को नीदरलैंड पर शानदार जीत दर्ज करके वह अपनी स्थिति और मजबूत करने उतरेगी । पिछले दो मैचों में दक्षिण अफ्रीका ने दिखा दिया कि अब वह 'चोकर्स' (दबाव के आगे घुटने टेकने वाले) का ठप्पा हटाने के इरादे से आये हैं । दिल्ली में पहले मैच में श्रीलंका के खिलाफ पांच विकेट पर 428 रन का रिकॉर्ड स्कोर बनाने के बाद उसने 102 रन से जीत दर्ज की । इसके बाद लखनऊ में पांच बार की चैम्पियन आस्ट्रेलिया को हराया।

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें जहां अपने रसूख के अनुरूप नहीं खेल पा रही है, वहीं दक्षिण अफ्रीका ने हर विभाग में दमदार खेल दिखाया है। विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटोन डिकॉक, शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रासी वान डेर डुसेन और एडेन मार्कराम ने प्रभावित किया है । तीनों ने श्रीलंका के खिलाफ शतक जमाये जबकि हेनरिच क्लासेन और डेविड मिलर ने भी उपयोगी पारियां खेली। श्रीलंकाई बल्लेबाजों के सामने उसके गेंदबाज उतने प्रभावी नहीं रहे लेकिन अगले मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने वापसी की। डिकॉक ने लगातार दूसरा शतक जमाया जबकि गेंदबाजी में मार्को जेनसेन और कैगिसो रबाडा प्रभावी रहे । दक्षिण अफ्रीका ने यह मैच 177 रन से जीता। नीदरलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की नजरें बड़े अंतर से जीत दर्ज करने पर लगी होगी। नीदरलैंड ने टी20 विश्व कप 2009 में इंग्लैंड को लॉडर्स पर हराकर उलटफेर किया था। स्कॉट एडवडर्स की अगुवाई वाली टीम उस जीत से प्रेरणा लेना चाहेगी लेकिन टी20 और वनडे क्रिकेट में जमीन आसमान का अंतर है। वैसे क्रिकेट में चमत्कार होते हैं और दिल्ली में रविवार को अफगानिस्तान ने मौजूदा चैम्पियन इंग्लैंड को हराकर मात दी।

## ऑस्ट्रेलिया ने विश्व कप में दर्ज की पहली जीत


# श्रीलंका को पांच विकेट से दी शिकस्त

**एजेंसी। लखनऊ**

ऑस्ट्रेलियाई टीम को आखिरकार क्रिकेट विश्व कप 2023 में अपनी पहली जीत का स्वाद लखनऊ के मैदान पर चखने को मिला। श्रीलंका के खिलाफ खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को क्रिकेट के तीनों विभागों में मात दे दी। हालांकि श्रीलंकाई टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पथुम निसांका (61) और कुसल परेरा (78) की बदौलत अच्छी शुरूआत की थी। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने श्रीलंका को मध्यक्रम बुरी तरह चकनाचूर कर दिया और टीम को 209 रन पर ही रोक दिया।

जवाब में खेलने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भले ही डेविड वार्नर और स्टीव स्मिथ का विकेट जल्द गंवा दिया। लेकिन मिचेल मार्श ने 52, मार्नेस लाबुछेन ने 40 तो जोश इंगलिश ने 58 रन बनाकर ऑस्ट्रेलियाई टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। अंत में ग्लेन मैक्सवेल ने क्रीज पर आकर बड़े शॉट लगाए और टीम को 5 विकेट से जीत दिला दी।

इससे पहले श्रीलंका ने अच्छी शुरूआत की और पहले विकेट के 125 रन की साझेदारी की। कुसल परेरा और पथुम निसांका के बीच साझेदारी पेट कमिंस की 22वें ओवर की चौथी गेंद पर टूटी जब निसांका वार्नर के हाथों कैच आउट हो गए। निसांका ने 67 गेंदों पर 61 रन बनाए जिसमें 8 चौके भी शामिल थे। टीम अभी इससे उभरी नहीं थी कि कुसल परेरा 27वें ओवर की दूसरी गेंद पर कमिंस के हाथों बोल्ड हो गए। वह गेंद को पढ़ नहीं पाए और गेंद विकेट्स से जा लगी। उन्होंने 82 गेंदों पर 12 चौकों की मदद से 78 रन बनाए। 28वें ओवर की अंतिम गेंद पर जम्पा ने कुसल मेंडिस (9) को वार्नर के हाथों कैच आउट करवाया जो क्रीज पर पांव जमाने की कोशिश में थे। सदीरा समरविक्रमा (8) को 30वें ओवर की पहली गेंद पर जम्पा ने एलबीडब्ल्यू किया। बारिश के कारण मैच कुछ देर के लिए रूका और शुरू होने के बाद धनंजय डी सिल्वा (7) स्टार्क के हाथों 33वें ओवर की तीसरी गेंद पर बोल्ड हुए। इसके बाद डुनिथ वेललेज (2) को रन आउट होना पड़ा। 38वें ओवर की आखिरी गेंद पर जम्पा ने चमिका करुणारत्ने (2) को एलबीडब्ल्यू किया। महेश थीक्षणा (0) जम्पा की 40वें ओवर की दूसरी गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हुए।



### वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | नेट प्वाइंट्स | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 3 | 3 | 0 | 6 | +1.821 |
| न्यूजीलैंड | 3 | 3 | 0 | 6 | +1.604 |
| सा. अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 4 | +2.360 |
| पाकिस्तान | 3 | 2 | 1 | 4 | -0.137 |
| इंग्लैंड | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.084 |
| अफगानिस्तान | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.652 |
| बांग्लादेश | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.699 |
| ऑस्ट्रेलिया | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.734 |
| श्रीलंका | 3 | 0 | 3 | 0 | -1.532 |
| नीदरलैंड्स | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.800 |

### स्कोर बोर्ड

| श्रीलंका | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| पथुम निसंका | 61 | 67 | 8 | 0 |
| कुसल परेरा | 78 | 82 | 12 | 0 |
| कुसल मेंडिस | 9 | 13 | 0 | 0 |
| सदीरा समराविक्रमा | 8 | 8 | 1 | 0 |
| चरिथ असलंका | 25 | 39 | 0 | 1 |
| धनंजय डीसिल्वा | 7 | 13 | 1 | 0 |
| दुनिथ वेल्लालगे | 2 | 9 | 0 | 0 |
| चमिका करुणारत्ना | 2 | 11 | 0 | 0 |
| महीश थीक्षणा | 0 | 5 | 0 | 0 |
| लाहिरू कुमारा | 4 | 8 | 1 | 0 |
| दिलशान मदुशंका | 0 | 6 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 13, **कुल :** 209/10 (43.3 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-125, 2-157, 3-165, 4-166, 5-178, 6-184, 7-196, 8-199, 9-204, 10-209 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** मिचेल स्टार्क 10-0-43-2, जॉश हेजलवुड 7-1-36-0, पैट कमिंस 7-0-32-2, ग्लेन मैक्सवेल 9.3-0-36-1, ऐडम जैम्पा 8-1-47-4, मार्कस स्टॉयनिस 2-0-11-0

| ऑस्ट्रेलिया | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल मार्श | 52 | 51 | 9 | 0 |
| डेविड वॉर्नर | 11 | 6 | 0 | 1 |
| स्टीव स्मिथ | 0 | 5 | 0 | 0 |
| मार्नस लाबुशेन | 40 | 60 | 2 | 0 |
| जॉश इंग्लस | 58 | 59 | 5 | 1 |
| ग्लेन मैक्सवेल | 31 | 21 | 4 | 2 |
| मार्कस स्टॉयनिस | 20 | 10 | 2 | 1 |

**अतिरिक्त :** 03, **कुल :** 215/5 (35.2 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-24, 2-24, 3-81, 4-158, 5-192 .डीआरएस
**गेंदबाजी :** लाहिरू कुमारा 4-0-47-0, दिलशान मदुशंका 9-2-38-3, महीश थीक्षणा 7-0-49-0, दुनिथ वेल्लालगे 9.2-0-53-1, चमिका करुणारत्ना 3-0-15-0, धनंजय डीसिल्वा 3-0-13-0

## डीपीएस रांची की बास्केटबॉल बॉल टीम टूर्नामेंट में बनी चैंपियन



### अलिशा सिंह को बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट पुरस्कार से सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दिल्ली पब्लिक स्कूल, दुर्ग, छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित इंटर डीपीएस बास्केटबॉल टूर्नामेंट (गर्ल्स) प्रतियोगिता के फाइनल मैच में दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) रांची की टीम ने दिल्ली पब्लिक स्कूल, नुमालीगढ़ की टीम को पराजित कर चैंपियन बनी। प्रतियोगिता में झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल एवं असम राज्य के 07 डीपीएस विद्यालयों कि टीमों ने प्रतिभागिता दर्ज कराई।

इस प्रतियोगिता के फाइनल मैच में डीपीएस रांची और डीपीएस नुमालीगढ़ के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखी गई। दोनों टीमों ने पूरे खेल के दौरान अनुकरणीय कौशल, टीम वर्क और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया लेकिन खेल के अंत में, डीपीएस रांची ने 33 - 22 के अंतिम स्कोर के साथ जीत हासिल की। यहां यह उल्लेखनीय है कि डीपीएस रांची की टीम ने सेमीफाइनल में डीपीएस रूबी पार्क, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) को हराया था। इसके अलावा, लीग मैचों में टीम डीपीएस रांची ने डीपीएस, बिलासपुर (छत्तीसगढ़), डीपीएस कोरबा (छत्तीसगढ़) और डीपीएस, मेगासिटी (पश्चिम बंगाल) की टीमों को भी हराया।

इस अवसर पर अलिशा सिंह (कक्षा क) को 'बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी के साथ ही, डीपीएस राँची की गर्ल्स एवं बॉयज की बास्केटबॉल टीम इस प्रतियोगिता के राष्ट्रीय स्तर के लिए भी क्वालीफाई कर गई है। राष्ट्रीय स्तर का आयोजन प्रयागराज, उत्तरप्रदेश (बालिका वर्ग) एवं दिल्ली (बालक वर्ग) में किया जाएगा।

इस बेमिसाल परिणाम से हर्षित होकर डीपीएस रांची के प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने कहा, इंटर डीपीएस बास्केटबॉल टूर्नामेंट में यह जीत डीपीएस रांची के छात्रों की प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। यह विद्यालय के लिए बहुत गर्व की बात है की बालक एवं बालिका वर्ग में डीपीएस रांची की टीम राष्ट्रीय स्तर में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए चयनित हो चुकी है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

## अक्षिता को निशानेबाजी में कांस्य पदक



**प्रयागराज।** ईगल आई शूटिंग अकादमी प्रयागराज की प्रशिक्षु अक्षिता ने शिमला में 06 से 14 अक्टूबर तक आयोजित ऑल इंडिया कुमार सुरेंद्र सिंह इंटर स्कूल चैम्पियनशिप में एयर राइफल वर्ग में कांस्य पदक जीत कर प्रदेश के साथ-साथ जिले का नाम रोशन किया। अकादमी के राइफल कोच फरीद सिद्दीकी व पिस्टल कोच विजय चंदेल ने बताया कि प्रतियोगिता में लगभग 4200 निशानेबाजों ने प्रतिभाग किया। अक्षिता प्रतिदिन छह घंटे अभ्यास करती हैं, ताकि वह अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने बताया कि अकादमी के 48 निशानेबाज अगले माह 15 नवम्बर से दिल्ली और भोपाल में आयोजित 66वीं नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## धर्मशाला में भारी बारिश से नीदरलैंड-इंडिया के मैच पर संकट, एचपीसीए की उड़ी नींद

**एजेंसी। धर्मशाला**

स्थानीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के बीच खेले जाने वाले आईसीसी वनडे विश्वकप के लीग मैच पर मौसम खलल डाल सकता है। मैच से एक दिन पहले हुई भारी बारिश ने एचपसीए सहित क्रिकेट प्रेमियों के चेहरों पर मायूसी ला दी है। हालांकि एचपीसीए का मानना है कि यह मैच पूर्व में हुए दो मैचों की तरह ही पूरा होगा। धर्मशाला में विश्व कप के लीग मैच से एक दिन पहले बारिश होने से इस मैच के होने पर संकट की चर्चा शुरू हो गई है। सोमवार को अचानक बदले मौसम के मिजाज के बाद सुबह से ही तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश होती रही जिससे एचपीसीए को मैदान को कवर करना पड़ा। हालांकि दोपहर बाद बारिश थम गई जिससे एपचीसीए ने भी थोड़ा राहत की सांस ली है। मौसम विभाग की मानें तो मंगलवार को मैच वाले दिन भी धर्मशाला में दोपहर तक मौसम के खराब रहने का पूवार्नुमान है। इस दौरान बारिश की भी संभावना बनी हुई है। हालांकि मैच दोपहर बाद दो बजे से शुरू होना है इसलिए तबतक मौसम के साफ होने की उम्मीद है। एचपीसीए के मीडिया मैनेजर मोहित सूद ने कहा कि बेशक मौसम ने करवट बदली है लेकिन कल दोपहर बाद धर्मशाला में मैच होना है। ऐसे में तब तक मौसम साफ रहेगा और यह मैच अन्य मैचों की तरह पूरा होगा। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को एचपीसीए के धर्मशाला क्रिकेट मैदान पर दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के बीच विश्व कप का लीग मैच खेला जाना है। धर्मशाला को मिले पांच मैचों में से यह तीसरा मैच है।



### धर्मशाला में 22 अक्टूबर को न्यूजीलैंड से खेलेगी इंडिया

आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के धर्मशाला में 22 अक्टूबर को सबसे अहम मैच होगा। इस दिन टीम इंडिया न्यूजीलैंड के साथ अपना लीग मैच खेलने के लिए उतरेगी। धर्मशाला में इस मैच को लेकर एचपीसीए सहित क्रिकेट प्रशंसकों में काफी उत्साह है।

### पहाड़ियों पर ताजा हिमपात से मैच में दिखेगा खूबसूरत नजारा

विश्व के खूबसूरत क्रिकेट स्टेडियमों में से धर्मशाला से सामने दिखने वाली धौलाधार की पहाड़ियों पर सोमवार को एक बार फिर बर्फ की सफेद बिछ गई है। इससे ठंड बढ़ गई है। वहीं स्टेडियम और धौलाधार की बर्फ से ढकी पहाड़ियों की खूबसूरती टीवी पर मैच देखने वाले दर्शकों के लिए भी आर्कषण का केंद्र रहने वाली हैं।

### 400 से अधिक ने किया है अप्लाई, 150 की है क्षमता

धर्मशाला में 22 अक्टूबर को भारत और न्यूजीलैंड के होने वाले मैच को लेकर मीडिया वर्ग के लोगों में भी उत्साह है। यहां अभी तक खेले गए दो मैचों के दौरान बेशक मीडिया बॉक्स खाली दिखा, लेकिन आने वाले 22 अक्टूबर को इस मैच के दौरान कई पत्रकारों को इस मैच को कवर करने का मौका नही मिलने वाला है। इस मैच को कवर करने के लिए 400 से अधिक मीडियापर्सन ने अप्लाई किया है, लेकिन इसकी क्षमता केवल 150 है। आईसीसी की टीम छंटनी करके ही सिर्फ 150 पत्रकारों को ही मीडिया बॉक्स में एंट्री देने वाली है।

## स्पेन, स्कॉटलैंड और तुर्किए ने यूरो 2024 के लिए किया क्वालीफाई

**मैड्रिड।** स्पेन, स्कॉटलैंड और तुर्किए ने यूरो 2024 के लिए किया क्वालीफाई कर लिया है। युवा गावी के एकमात्र गोल की बदौलत स्पेन ने रविवार (15 अक्टूबर) को नॉर्वे पर 1-0 की जीत के साथ यूरो 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया। 19 वर्षीय मिडफील्डर ने अपने 25वें मैचों में अपना पांचवां अंतरराष्ट्रीय गोल करके 2008 और 2012 के चैंपियन को जीत दिलाई। स्पेन की जीत के साथ ही स्कॉटलैंड ने भी यूरो 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया, जबकि नॉर्वे की उम्मीदें समाप्त हो गईं। जॉर्जिया की साइप्रस पर पहले 4-0 की जीत ने ग्रुप ए में प्रतिस्पर्धा में बने रहने की नॉर्वे की उम्मीदों को जीवित रखा था लेकिन स्पेन के परिणाम ने उस संभावना को समाप्त कर दिया। लातविया पर 4-0 की शानदार जीत के बाद तुर्किए ने ग्रुप डी से क्वालीफाई कर लिया, जिसमें एवर्टन के पूर्व स्ट्राइकर सेनक तोसुन ने अंतिम मिनटों में दो गोल किए।

## रिंकू सिंह टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा बनें : आकाश चोपड़ा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने युवा और प्रतिभाशाली बल्लेबाज रिंकू सिंह को टी20 विश्व कप 2024 के लिए टीम इंडिया में शामिल करने की बात कही है। आईपीएल 2023 के दौरान गुजरात टाइटन्स के तेज गेंदबाज यश दयाल के एक ओवर में पांच छक्के लगाने के बाद रिंकू सुर्खियों में आ गए। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए 14 मैचों में 474 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया था।


कई सीजन तक घरेलू क्रिकेट और आईपीएल 2023 में शानदार प्रदर्शन करने के बाद, रिंकू को अगस्त में आयरलैंड के खिलाफ शृंखला में पहली बार टीम इंडिया में बुलाया गया। बाद में उन्हें एशियाई खेलों के लिए टीम में नामित किया गया।



जियो सिनेमा के शो 'आकाशवाणी' में बोलते हुए, चोपड़ा ने पांच खिलाड़ियों को चुना जिनके प्रदर्शन पर वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान बारीकी से नजर रखेंगे और रिंकू का नाम सूची में शीर्ष पर था। चोपड़ा ने कहा, हर किसी ने रिंकू सिंह को खेलते हुए देखा है और सब जानते हैं कि वह क्या करने में सक्षम हैं। मैं उन्हें टी20 विश्व कप 2024 में भारतीय टीम का हिस्सा बनते देखना चाहता हूं। उन्होंने एशियाई खेलों में अच्छी पारी खेली थी। उससे पहले, उन्होंने यूपी टी20 लीग में अच्छा प्रदर्शन किया था। इसलिए, उन्हें मौका मिलना चाहिए।

**अफगानिस्तान से मिली हार पर बटलर ने कहा**

## विकेट बिल्कुल वैसा नहीं था जैसा हमने सोचा था



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अफगानिस्तान ने गत चैंपियन इंग्लैंड को रविवार को 69 रन रन से हराकर एक बड़ा उलटफेर किया। इंग्लैंड के पास अफगानिस्तान के स्पिन की कोई तोड़ नहीं थी और दिल्ली में परिस्थितियों को अच्छी तरह से न समझ पाने के कारण इंग्लिश टीम को नुकसान उठाना पड़ा। इंग्लिश टीम इस मैदान पर 285 के लक्ष्य का पीछा नहीं कर सकी, जहां दक्षिण अफ्रीका-श्रीलंका मैच में 754 रन बने थे और भारत ने चार दिन पहले ही अफगानिस्तान के 272 रनों के लक्ष्य का आसानी से पीछा किया था। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में उदास दिख रहे जोस बटलर ने कहा, देखिए, हम हमेशा सकारात्मक खेलना चाहते हैं और आक्रामक होना चाहते हैं और कुछ दिन आप उतना अच्छा नहीं खेल पाते जितना आप चाहते हैं।

उन्होंने कहा, हालांकि अफगानिस्तान ने हम पर अच्छा दबाव बनाया, लेकिन हो सकता है कि विकेट बिल्कुल वैसा नहीं था जैसा हमने सोचा था कि यह खेलेगा और हो सकता है ओस भी उतनी नहीं आई जितना हमने सोचा था। जाहिर है, हमारे स्पिनरों ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की और अफगानिस्तान ने अच्छा प्रदर्शन किया। अफगानिस्तान की टीम में कुछ शानदार स्पिनर हैं इसलिए यह हमेशा कठिन होने वाला था लेकिन हम वैसी साझेदारियां हासिल करने में कामयाब नहीं हो पाए जैसी हम चाहते थे।" भारत-अफगानिस्तान के बीच खेले गए मैच के परिणाम ने भी इंग्लिश टीम के चयन को प्रभावित किया। धर्मशाला में, उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ खेल में पिच को सही तरीके से पढ़ा, मोईन अली के स्थान पर रीस टॉपले के रूप में एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को शामिल किया, जबकि बांग्लादेश ने एक तीसरा स्पिनर चुना। दिल्ली में, वे इस तथ्य पर विचार करते हुए उसी एकादश पर अड़े रहे कि भारत ने भी रविचंद्रन अश्विन को बाहर कर शार्दुल ठाकुर को चुना था।

**141वें आईओसी सत्र**

**ओलंपिक 2028 में शामिल होगा क्रिकेट**

# नीता अंबानी ने क्रिकेट प्रशंसकों को दी बधाई

**एजेंसी। मुंबई**

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) सदस्य नीता एम अंबानी ने कहा कि लॉस एंजेलिस 2028 के ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल किया जाना एक स्वागत योग्य कदम है। इस फैसले से दुनिया में ओलंपिक आंदोलन को लेकर लिए नई रुचि और कई नए अवसर पैदा होंगे। मुंबई में चल रहे 141वें आईओसी सत्र में क्रिकेट को आधिकारिक तौर पर ओलंपिक खेल के रूप में शामिल किए जाने पर नीता अंबानी ने कहा, एक आईओसी सदस्य, एक गौरवान्वित भारतीय और एक क्रिकेट प्रशंसक के तौर पर मुझे खुशी है कि आईओसी सदस्यों ने, लॉस एंजेलिस ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 2028 में क्रिकेट को शामिल करने के लिए वोट किया। क्रिकेट सन 1900 में ओलंपिक में खेला गया था तब केवल दो टीमों ने भाग लिया था। अम्बानी ने कहा, क्रिकेट विश्व स्तर पर सबसे अधिक पसंद किए जाने वाले खेलों में से एक है और दूसरा सबसे ज्यादा देखा जाने वाला खेल है। 1.4 अरब भारतीयों के लिए, क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं है, एक धर्म है! इतिहास में ऐसा दूसरी बार है जब आईओसी सत्र भारत में आयोजित किया जा रहा है, 40 साल बाद इसकी देश में वापसी हो रही है। क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने का ऐतिहासिक निर्णय, भारत में लिया गया है। नीता अंबानी ने कहा, मुझे खुशी है कि यह ऐतिहासिक प्रस्ताव हमारे देश में, मुंबई में हो रहे एक सौ इकतालीसवें आईओसी सत्र में पारित किया गया। नीता अंबानी ने उम्मीद जताई कि इस घोषणा से दुनिया भर में खेलों की लोकप्रियता काफी बढ़ जाएगी। ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल करने से नए भौगोलिक क्षेत्रों में ओलंपिक आंदोलन को लेकर गहरा जुड़ाव पैदा होगा। और साथ ही क्रिकेट की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय लोकप्रियता को भी बढ़ावा मिलेगा। आईओसी सदस्य बनने वाली पहली भारतीय महिला नीता अंबानी ने इस दिन को भारत के लिए बहुत खुशी का दिन बताया। उन्होंने कहा, मैं इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए आईओसी और लॉस एंजेलिस आयोजन समिति को धन्यवाद और बधाई देती हूं। यह सचमुच बहुत खुशी और उल्लास का दिन है!



## हांगझोऊ एशियाई पैरा गेम्स का जल्द होगा आगाज

**हांगझोऊ।** हांगझोऊ एशियाई पैरा गेम्स का उद्घाटन समारोह और चीनी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत समारोह सोमवार को आयोजित किया गया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, लगभग एक सप्ताह के परिवर्तन के बाद निवासियों के पहले बैच के स्वागत के लिए एशियाई खेल गांव को एशियाई पैरा खेल गांव में बदल दिया गया है। 325,000 वर्ग मीटर के क्षेत्र को कवर करने वाले इस गांव को हांगझोऊ एशियाई खेलों के मीडिया गांव से बदला गया है। यह एशियाई पैरा खेलों के दौरान प्रतिनिधिमंडलों के लिए 3,446 कमरे उपलब्ध कराएगा।